Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



खेल

धोनी के शगिर्द ने रणजी ट्रॉफी में मचाई तबाही : ठोके जा रहा है शतक पर शतक



देश

मैं उनका बेटा होता तो आज राकांपा का बॉस बन गया होता : अजित पवार


शुक्ल पक्ष दशमी विक्रम संवत 2080


• औरंगाबाद • रविवार • 18 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 69 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 57, 200 | ₹76,500 |





## आज का इतिहास

- 1911 : विमान से पहली बार डाक पहुँचाने का काम भारत में हुआ। एयर मेल की पहली आधिकारिक उड़ान इलाहाबाद में हुई। 10 कि.मी. की इस उड़ान में 6500 पत्र नैनी ले जाए गए।
- 1971 : भारत ने अरवी सैटेलाइट स्टेशन के जरिये ब्रिटेन के साथ पहला उपग्रह सम्पर्क कायम किया।

## न्यूज बाइट्स

### सूबे में नियुक्ति पत्र लेकर भी 6766 शिक्षकों ने नहीं किया योगदान

**पटना (नि.सं.)।** सूबे में नियुक्ति पत्र और पदस्थापन पत्र लेकर भी 6766 शिक्षकों ने स्कूलों में ज्वाइन नहीं किया। बीपीएससी शिक्षक नियुक्ति के पहले चरण की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। स्कूल आवंटन के बाद भी इन शिक्षकों ने अबतक योगदान नहीं दिया है। मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पटना में ऐसे शिक्षक सबसे अधिक हैं। मुजफ्फरपुर में 367 शिक्षक स्कूल आवंटन के बाद भी नहीं आए। दरभंगा में सबसे अधिक 463 शिक्षक हैं, जिन्होंने योगदान नहीं दिया। विभिन्न जिलों से मिली रिपोर्ट के अनुसार समस्तीपुर में ऐसे शिक्षकों की संख्या 365, प.चम्पारण में 244, वैशाली में 177, सीतामढ़ी में 78, मधुबनी में 186, पूर्वी चम्पारण में 265 और गया में 284 है। शिक्षकों के नहीं जाने से 6766 पद फिर से रिक्त हो गए हैं। इन सभी पदों का स्कूलवार आंकड़ा फिर से लिया जा रहा है। तीन ऐसे शिक्षक भी हैं, जिन्होंने स्कूल आवंटन नियुक्ति पत्र को वापस कर दिया है।

### रेलवे : 9000 पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली (ए.)।** रेलवे भर्ती बोर्ड ने टेक्नीशियन के 9000 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। रेलवे की इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 9 मार्च 2024 को शुरू होगी और आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल 2024 है। इच्छुक अभ्यर्थी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन जमा करा सकते हैं। रेलवे की इस वैकेंसी के लिए अभी शॉर्ट नोटिस जारी किया गया है।

### चाईबासा में एक साथ चार शव बरामद, एक का सिर कटा मिला

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम ) (ए.)।** पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में एक साथ चार शव बरामद हुए हैं। चक्रधरपुर रेल मंडल के केंदपोसी तालाबुरु डाउन लाइन पर चारों शव क्षत-विक्षत स्थिति में मिले हैं। जिसके बाद तीसरी लाइन का संचालन रोक दिया गया है। सभी शव 2/3 किलोमीटर की दूरी के रेंज में मिले हैं। इससे इलाके के लोगों में दहशत है। घटना शुक्रवार रात करीब 2.30 बजे की बताई जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि चारों लोगों की हत्या हुई है या उन्होंने आत्महत्या की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, जिस तरह से शव बरामद हुए हैं, उससे हत्या को आत्महत्या दिखाने का प्रयास लग रहा है। जानकारी के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर एक पुरुष, एक महिला और एक बच्चे समेत तीन लोगों के शव मिले हैं। वहीं एक शव को बोरे में बांधकर रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है।

निर्यात बढ़ाने के लिए नए निर्यातक तैयार करने में जुटी सरकार

# छोटे उत्पादकों को ई-कामर्स निर्यातक बनने में दी जा रही है मदद

- फिलहाल 200 जिलों में इस प्रकार का अभियान चलाया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) व ई-कामर्स प्लेटफार्म मिलकर जिला स्तर पर छोटे उद्यमियों को ई-कामर्स प्लेटफार्म के माध्यम से निर्यातक बनने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने अगले छह-सात साल में ई-कामर्स निर्यात को 200 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।



**एजेंसी | नई दिल्ली**

निर्यात में वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सरकार अधिक से अधिक उद्यमियों को निर्यातक बनने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इस काम के लिए जिला स्तर पर छोटे-छोटे उद्यमियों को ई-कामर्स प्लेटफार्म के जरिए निर्यातक बनाने का अभियान चलाया जा रहा है।

200 जिलों में चलेगा अभियान

फिलहाल 200 जिलों में इस प्रकार का अभियान चलाया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) व ई-कामर्स प्लेटफार्म मिलकर जिला स्तर पर छोटे उद्यमियों को ई-कामर्स प्लेटफार्म के माध्यम से निर्यातक बनने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने अगले छह-सात साल में ई-कामर्स निर्यात को 200 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। जिला स्तर पर कार्यक्रम के तहत छोटे उद्यमियों को उनके वस्तु के पंजीकरण, निर्यात के लिए लाइसेंस, लॉजिस्टिक व ग्राहकों के डाटा के साथ उनके ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है। अमेजन इंडिया ग्लोबल ट्रेड के निदेशक भूपेन वाकनकर ने बताया कि डीजीएफटी ने अमेजन इंडिया को 75 जिलों में ई-कामर्स निर्यात अभियान शुरू करने की जिम्मेदारी दी है और मुरादाबाद से इस अभियान की शुरुआत की जा चुकी है। वाराणसी, हरिद्वार, पानीपत, फरीदाबाद जैसे जिलों में भी वे डीजीएफटी के साथ उद्यमियों को ई-कामर्स निर्यातक बनाने का कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई उद्यमियों के पास निर्यात के लायक उत्पाद तो होते हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में वे निर्यात नहीं कर पाते हैं। डीजीएफटी और ई-कामर्स प्लेटफार्म उन्हें जानकारी भी दे रही है और तीन से चार दिनों में निर्यात की प्रक्रिया पूरी करवाने में उनकी मदद कर रही है। इसके अलावा इच्छुक उम्मीदवारों को दो-तीन दिनों की ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

45 दिन में सिर्फ दो लोगों ने ली वैक्सीन

# बिहार में कोविड वैक्सिनेशन पर ब्रेक 35 जिलों से तो डिमांड ही नहीं आई

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में कोविड वैक्सिनेशन की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। जनवरी महीने में कॉर्बोवेक्स के 5 हजार बूस्टर डोज मंगाए गए थे। इसमें से सारण जिले की डिमांड पर 4 जनवरी को 640 डोज दिया गया। दूसरी डिमांड फरवरी महीने में भोजपुर जिले की ओर से की गई। जिसके बाद भोजपुर को 40 डोज दिया गया।

बाकी के 35 जिलों ने वैक्सीन में कोई रुचि नहीं दिखाई और ना ही उनकी ओर से इस वैक्सीन की अब तक डिमांड की गई है। इसके अलावा पटना जिले में पूरे डेढ़ महीने में 2 लोगों ने सिर्फ वैक्सीन ली है। शेष लगभग 4000 से अधिक बूस्टर डोज बचे हुए हुए हैं। 27 मार्च 2024 को इस वैक्सीन की एक्सपायरी डेट है।

### क्या बोले अधिकारी

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉक्टर एसपी विनायक ने बताया कि लोग खास रुचि नहीं दिखा रहे हैं। कॉर्बोवेक्स वैक्सीन का 5000 बूस्टर डोज आया था। जो 12 से 14 वर्ष के बच्चों और जो लोग बूस्टर डोज नहीं लिए थे, उनको वैक्सीन पड़ेगी।

काफी अपील के बावजूद भी बहुत कम लोग वैक्सीन लेने आए हैं। 640 डोज सारण जिले को और 40 डोज भोजपुर जिले को इसमें से दिया गया है। बाकी के डोज यहां पर बचा हुआ है। हम अपील करेंगे कि जो लोग बूस्टर डोज नहीं लिए हैं, वो आकर ले लें, नहीं तो जब वैक्सीन खत्म हो जाएगी तो नहीं मिल पाएगी। अभी एक्सपायरी बची हुई है।

### सर्टिफिकेट के चलते ले रहे हैं वैक्सीन

अधिकतर लोग वैक्सीन के लिए इंक्वायरी कर रहे हैं। लेकिन, वैक्सीन लेने नहीं आ रहे हैं। जो लोग पूछताछ कर रहे हैं या वैक्सीन में रुचि दिखा रहे हैं। वो बाहर जाने वाले हैं। पटना जिले में जिन दो लोगों ने वैक्सीन ली है, वो भी बाहर जाने वाले हैं। सर्टिफिकेट बनवाने के चलते वैक्सीन ली है।

# ईसी की टीम का तीन दिवसीय बिहार दौरा

- लोकसभा चुनाव की तैयारियों का करेगी समीक्ष

**निज संवाददाता**

**पटना।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की उच्च स्तरीय टीम सोमवार को पटना पहुंचेगी। इस टीम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार एवं दोनों निर्वाचन आयुक्त अनुप चंद्र पांडेय व अरुण गोयल भी शामिल रहेंगे। उनके साथ आयोग के वरीय अधिकारियों की टीम भी पटना पहुंचेगी। आयोग ने मिनट टू मिनट कार्यक्रम का निर्धारण करते हुए इसकी सूचना बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय को भेज दी है। इसके अनुसार पटना पहुंचते ही आयोग की टीम लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा शुरू कर देगी। सोमवार को पटना पहुंचने के साथ ही आयोग की टीम बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस के नोडल व झारखंड के अर्धसैनिक बलों के नोडल अधिकारी के साथ 7.30 बजे से 8.30 बजे तक बैठक करेगी।

वहीं, 20 फरवरी को सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। जबकि, उसी दिन 11.45 से 7 बजे तक सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं प्रमंडलीय आयुक्तों, एसएसपी व उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों का जायजा लेगी। तीसरे और अंतिम दिन आयोग की बैठक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस के नोडल अधिकारी, बिहार के केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के नोडल पदाधिकारियों के अलावा लोकसभा चुनाव में शामिल सभी इनफोर्समेंट एजेंसियों के पदाधिकारियों के साथ होगी। उनकी अंतिम समीक्षा बैठक मुख्य सचिव आमिर सुबहानी और डीजीपी एमएस भट्टी के साथ होगी। शाम छह बजे प्रेस कांफ्रेंस के बाद आयोग की पूरी टीम वापस दिल्ली लौट जायेगी।

# सीएसपी संचालक से पांच लाख रुपए की लूट

**मोतिहारी (नि.सं.)।** मोतिहारी के चकिया थाना क्षेत्र के शीतलपुर महाबीर चौक के पास दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने हथियार के बल पर एसबीआई के सीएसपी संचालक से पांच लाख ग्यारह हजार लूट लिया। वही लूट का विरोध करने पर सीएसपी संचालक को पिस्टल की बट से चेहरे पर मारकर घायल कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। इस दौरान सीएसपी संचालक मेदनसिरसिया निवासी मोहमद आलम ने बताया कि वे शीतलपुर एसबीआई ब्रांच से रुपये निकाल कर अपने बाइक से पूरनछपरा बाजार स्थित सीएसपी पर जा रहे थे। तभी शीतलपुर महाबीर चौक से पहले सरेह में दो बाइक सवार चार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और हथियार का भय दिखा कर पैसा मांगने लगे।

चंपई सोरेन ने जातीय जनगणना को लेकर दिया निर्देश

# पिछड़ों का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की मांग

**एजेंसी | रांची**



झारखंड में जातीय गणना जल्द आरंभ होगी। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने इस आशय का निर्देश दिया है। कार्मिक विभाग के अधिकारियों को उन्होंने कहा है कि इस संबंध में प्रक्रिया तेज की जाए। उल्लेखनीय है कि हाल में राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया है ताकि ट्रिपल टेस्ट कराई जा सके। इसके कारण नगर निकायों का चुनाव अधर में लटका है। आरक्षण निर्धारित करने की प्रक्रिया के तहत यह आवश्यक है। कांग्रेस विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव ने बताया कि जातीय गणना को लेकर मुख्यमंत्री ने निर्देश उनके ज्ञापन के आलोक में दिया। उन्होंने शनिवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात कर राज्य में जातीय जनगणना कराने और पिछड़ों का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिया। प्रदीप यादव ने बताया कि वर्तमान गठबंधन की सरकार ने पूर्व में भी इस इस पर गंभीरता से विचार किया था। इसके फलस्वरूप पिछड़ी जाति को सरकारी सेवाओं में 27 प्रतिशत आरक्षण प्राथमिकता के आधार पर देने संबंधी विधेयक विधानसभा से पारित कराया गया था। अब तक यह लंबित है।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उन्होंने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से उपरोक्त दोनों विषयों को रखा था। तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री ने उत्तर देते हुए कहा था कि पिछड़ा आरक्षण विधेयक राज्यपाल के पास लंबित है।

# कटिहार में पिता ने तीन बच्चों को जिंदा जलाया, मौत



**निज संवाददाता | कटिहार**

कटिहार में घर में आग लगने से 8 से 12 साल के तीन बच्चों की मौत हो गई है। वहीं, पिता गंभीर रूप से झुलसा है, जिसका इलाज चल रहा। घटना कदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत भरी गांव की है। बताया जा रहा कि कर्ज में डूबे पिता ने पहले पेट्रोल डालकर बच्चों को आग लगाई। इसके बाद खुद को भी आग के हवाले कर दिया। मृतकों की पहचान 9 साल की रिंकी कुमारी, 12 साल के राजा कुमार और 13 साल के शुभंकर कुमार के रूप में हुई है। पूर्व मुखिया दिलीप यादव ने बताया कि पिता दिनेश सिंह ने शराब के नशे में पेट्रोल डालकर खुद को और अपने तीनों बच्चों को आग के हवाले कर दिया। गांव के लोगों ने उसे पेट्रोल लाते देखा था। वह कर्ज में डूबा था। पूर्व मुखिया ने बताया कि दिनेश सिंह की पत्नी ने पहले एक बेटी की शादी के लिए ग्रुप लोन लिया था। उसे चुकाने के लिए दिनेश सिंह पंजाब में रहकर मजदूरी करता था। मानसिक रूप से परेशान होकर वह शराब का आदि हो चुका था। घर में खटपट होने की वजह से पत्नी एक सप्ताह पहले उसे छोड़कर चली गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि उसके ऊपर कर्ज चुकाने और बाकी चार बच्चों की परवरिश के लिए कर्ज का बोझ बढ़ते जा रहा था। मुखिया ने बताया कि दिनेश के 5 बच्चों में 3 की मौत हो चुकी है। वहीं, एक बेटी की 3 साल पहले शादी हुई है, जबकि एक कुछ महीने पहले ही घर छोड़कर भाग गई थी।

# 21 फरवरी से फिर हो सकती हैं बारिश अगले दो दिन तक सामान्य रहेगा मौसम

**निज संवाददाता | पटना**

पटना सहित राज्य के क्षेत्रों में एक बार फिर से मौसम बदल सकता है। बिहार में भी हवा के रुख में बदलाव होने की संभावना है। उत्तरी पछुआ हवा की बजाये दक्षिणी पूर्वी हवा चलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस पश्चिमी विक्षोभ के उत्पन्न होने से 21 और 22 फरवरी को पटना समेत दक्षिण बिहार में कहीं-कहीं आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बूंदाबांदी भी होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। वहीं उत्तरी बिहार में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार अगले दो दिनों तक प्रदेश के तापमान में कोई ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। इसके तीन दिन बाद न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान है। पटना में मौसम सामान्य बना रहेगा। सुबह और शाम के समय हल्का कोहरा देखने को मिल सकता है। दिन भर धूप खिली रहेगी। पटना का अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री दर्ज किया गया जो गुरुवार की अपेक्षा 1.2 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रहा जो गुरुवार के मुकाबले 1.5 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कई जिलों में घने स्तर का कोहरा छाया रहने की संभावना जताई है। जिसमें पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, नवादा, शेखपुरा, नालंदा, लखीसराय, बेगूसराय, अररिया, सुपौल, किशनगंज आदि शामिल हैं।

# इसरो ने आईएनएसएटी-3डी सैटेलाइट किया लॉन्च

मौसम की सटीक देगा जानकारी

**एजेंसी | श्रीहरिकोटा(कर्नाटक)**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार (17 फरवरी) को मौसम की सटीक जानकारी देने वाले सैटेलाइट आईएनएसएटी-3डीएस को लॉन्च किया। इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से शाम 5.35 बजे लॉन्च किया गया। सैटेलाइट की लॉन्चिंग जीएसएलभी एमके II रॉकेट से होगी। उड़ान भरने के लगभग 20 मिनट बाद जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में तैनात होगा। एक जनवरी 2024 को पीएसएलभी-सी 58/एक्पोसेट मिशन की लॉन्चिंग के बाद 2024 में इसरो का यह दूसरा मिशन है। यह आईएनएसएटी-3डी सीरीज की सातवीं उड़ान होगी। इस सीरीज का आखिरी सैटेलाइट आईएनएसएटी-3डीआर 8 सितंबर 2016 को लॉन्च किया गया था। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ के अनुसार 10 नवंबर 2023 से आईएनएसएटी-3डीएस के वाइब्रेशन टेस्ट शुरू हो गए थे। यह 6-चैनल इमेजर और 19-चैनल साउंडर के जरिए मौसम से जुड़ी जानकारी देगा। साथ ही सर्च और रेस्क्यू के लिए जमीनी डेटा और मैसेज रिले करेगा। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने सैटेलाइट लॉन्च से पहले शनिवार को नेल्लोर जिले में श्री चेंगलम्मा परमेश्वरी मंदिर में दर्शन किए।

बच्चे की उच्च शिक्षा और अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए है यह प्लान

# एलआईसी की नई योजना 'एलआईसी का अमृतबाल' लॉन्च

**एजेंसी | मुंबई**



भारत सरकार अंतर्गत वित्त मत्रांलय के सचिव डॉ. विवेक जोशी (वित्तीय सेवाएं) ने भारतीय जीवन बीमा निगम के एक नये उत्पाद 'एलआईसी का अमृतबाल' प्लान को लॉन्च किया। बता दें कि यह प्लान शनिवार (17 फरवरी) से बिक्री के लिए उपलब्ध हो गई है। जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि 'एलआईसी की अमृतबाल' एक व्यक्तिगत, बचत जीवन बीमा योजना है। यह योजना विशेष रूप से बच्चे की उच्च शिक्षा और अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि रखने के लिए बनाई गई है। यह शुरुआत से लेकर पॉलिसी अवधि के अंत तक प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में 80 रुपये प्रति हजार मूल बीमा राशि की दर से निश्चित अभिवृद्धि के माध्यम से धन संचय की सुविधा प्रदान करता है, बशर्ते पॉलिसी लागू हो। आगे बताया कि प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 0 वर्ष (30 दिन पूर्ण) है। प्रवेश के समय अधिकतम आयु 13 वर्ष (पिछला जन्मदिन) है। परिपक्वता पर न्यूनतम आयु 18 वर्ष ( पिछला जन्मदिन) है और परिपक्वता पर अधिकतम आयु 25 वर्ष (पिछला जन्मदिन) है। 5, 6 या 7 वर्ष की लघु प्रीमियम भुगतान अवधि उपलब्ध है। सीमित प्रीमियम भुगतान के लिए न्यूनतम पॉलिसी अवधि - 10 वर्ष और एकल प्रीमियम भुगतान -5 वर्ष है। सीमित/एकल प्रीमियम भुगतान के लिए अधिकतम पॉलिसी अवधि 25 वर्ष है और पीओएसपी-एलआई/ सीपीएसई-एसपीभी के माध्यम से खरीदी गई पॉलिसियों के लिए 20 वर्ष है। न्यूनतम बीमा राशि रु. 2,00,000 और अधिकतम मूल बीमा राशि के लिए कोई सीमा नहीं (शर्तों के अधीन)। परिपक्वता की तारीख पर, चालू पॉलिसियों के लिए निश्चित अभिवृद्धि के साथ परिपक्वता पर बीमा राशि देय होगी। परिपक्वता राशि को सेटलमेंट ऑप्शन के माध्यम से 5, 10 या 15 वर्षों के किश्तों में लेने का विकल्प भी उपलब्ध है। प्रस्तावक के पास एकल प्रीमियम और सीमित प्रीमियम भुगतान में से प्रत्येक के तहत उपलब्ध दो विकल्पों के अनुसार 'मृत्यु पर बीमा राशि ' चुनने का विकल्प होगा। जोखिम कवर अवधि के दौरान, चालू पॉलिसी के लिए 'मृत्यु पर बीमा राशि' के साथ अर्जित निश्चित अभिवृद्धि, मृत्यु हितलाभ के रूप में देय होगी। एलआईसी का प्रीमियम वेवर बेनिफिट राइडर पात्रता शर्तों के अधीन अतिरिक्त प्रीमियम का भुगतान करके उपलब्ध है। उच्च मूल बीमा राशि व ऑनलाइन बिक्री के तहत पूरे किए गए प्रस्ताव के लिए छूट है। शर्तों के अधीन पॉलिसी अवधि के दौरान ऋण उपलब्ध होगा। यह योजना एक असंबद्ध, असहभागी योजना है। योजना को एजेंटों / अन्य मध्यस्थों के माध्यम से ऑफ़लाइन और साथ ही वेबसाइट www.licindia.in के माध्यम से सीधे ऑनलाइन खरीदा जा सकता है।



## संक्षिप्त समाचार

### 41 हजार 446 रुपये हुए राजस्व की वसूली

**नारदीगंज**। बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित पावरग्रिड परिसर में किया गया। बिजली विभाग के जेई नवीन कुमार सिंह व कार्यपालक सहायक नेहा कुमारी देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के 15 बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये। वही 22 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। बिजली विभाग के जेई ने बताया आयोजित शिविर में 15 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये थे,जिसमे छह उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार किया गया, शेष उपभोक्ताओं को हिसुआ में निष्पादित किया जाएगा।उन्होंने कहा 22 उपभोक्ताओं ने 41 हजार 446 रुपये राजस्व जमा किये हैं। इस दौरान जेएलएम बिपिन कुमार ,अनन्त कुमार के अलावा उपभोक्ता चांदो महतो,बीरेंद्र सिंह,सुरेश दास, कृष्णदेव पांडेय, समेत अन्य शामिल हुए।

### बिजली चोरी में तीन व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज कराया गया मुकदमा

**नारदीगंज**। थाना क्षेत्र के कोसला गांव में बिजली विभाग के अधिकारियों ने छापेमारी की। इस दौरान बिजली विभाग के सहायक अभियंता बिनोद कुमार चौधरी, कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह समेत अन्य कर्मियों ने छापेमारी में शामिल हुए। यह कार्रवाई शुक्रवार को हुई। इस दौरान अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले में दो मिल संचालक व एक घरेलू उपयोग करने वाले के विरुद्ध अर्थदंड लगाते हुए शनिवार को सहायक अभियंता ने नारदीगंज थाना में मामला दर्ज कराया है। कनीय अभियंता ने बताया कोसला गांव के मिल संचालक अरुण कुमार के विरुद्ध चार लाख 17 हजार 23 रूपये ,राजीव कुमार के विरुद्ध एक लाख 90 हजार 513 रुपये अर्थदंड लगाकर मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा घरेलू उपयोग करने वाले मनोरमा देवी के विरुद्ध 69 हजार 611रुपये अर्थदंड के साथ मामला दर्ज कराया गया है।सभी व्यक्ति बाई पास बिजली का टोका लगाकर बिजली चोरी कर उपयोग कर रहे थे। इधर,थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा बिजली विभाग के सहायक अभियंता के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।

### पंचायत समिति की बैठक 23 फरवरी को

**कौआकोल**। कौआकोल प्रखण्ड में पंचायत समिति की बैठक 23 फरवरी को नवनिर्मित प्रखण्ड भवन के सभागार कक्ष में प्रखण्ड प्रमुख रीना राय की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार चाँद ने बताया कि बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के योजनाओं को पारित करने सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक की जानकारी सभी माननीय जनप्रतिनिधियों एवं सबंधित अधिकारियों को पत्र के माध्यम से दिया जा रहा है।

### लोक सभा आम निर्वाचन 2019 के लंबित मामलों का डीएम ने की समीक्षा

**नवादा**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी नवादा श्री आशुतोष कुमार वर्मा एवं श्री अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में आज आसन्न लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के अवसर पर लोक सभा निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, स्वतंत्र, पारदर्शी एवं निश्चित समय पर सम्पन्न कराने के लिए अभियोजन से संबंधित कार्यों की बैठक सभी विधि पदाधिकारियों के साथ की गई। जिला अभियोजन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि लोक सभा आम निर्वाचन 2019 में नवादा संसदीय क्षेत्र में 19 मामलों पर एफआईआर दर्ज किया गया था। मामले के स्थिति के बारे में समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि सभी सभी मामलों की अद्यतन स्थिति अत्यन्त ही खेदजनक है। जिला पदाधिकारी ने इस संबंध में विधि पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने डीपीओ अभियोजन को सख्त निर्देश दिये कि पुनः 22.02.2024 को बैठक कर मामलों के निष्पादन में प्रगति लायें। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी, जिला अभियोजन पदाधिकारी एवं अन्य विधि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मैट्रिक परीक्षा कदाचार मुक्त कराने में प्रशासन की भूमिका अहम

**नवादा**। वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक), परीक्षा-2024 दो पालियों में पूर्वा0 09:30 बजे से 12:45 बजे अप0 तक तथा द्वितीय पाली 02:00 बजे अप0 से 05:15 बजे अप0 तक आयोजित हुई।दिनांक 17.02.2024 के दोनों पालियों में भातीय भाषा की परीक्षा आयोजित हुई। उपस्थिति निम्न प्रकार हैः- प्रथम पाली में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 20819 में से 20630 उपस्थित रहे एवं 443 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये। द्वितीय पाली में 20791 परीक्षार्थी में से 20371 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 420 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कदाचार के आरोप में किसी भी परीक्षार्थी के पकड़े जाने की सूचना नहीं है। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में हो रही है।

### पत्रकार के पिता का निधन

**बरौनी/बेगुसराय**। संवाददाता। चकिया ओपी थाना क्षेत्र के कसहा वरियाही गांव निवासी पत्रकार के पिता नुनु बाबू यादव 60 वर्ष की हृदय गति रुक जाने के कारण अपने पैतृक आवास पर शनिवार की सुबह 9:00 बजे , उनका आकस्मिक निधन हो गया है ! वे कुछ दिनों से हार्ट की बीमारी को लेकर बीमार चल रहे थे ! नुनुबाबू पत्रकार राहत रंजन के पिता थे ! उनके निधन की खबर मिलते ही जिले भर के पत्रकारों, बुद्धिजीवीयो व जन प्रतिनिधियों में शोक की लहर दौड़ गई ! जिले के वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर सिंह ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से इस अशोक की घड़ी में पत्रकार के परिवार परिजनों को शांति प्रदान करने की निवेदन किया है। ईश्वरपत्रकार राहत रंजन समेत पूरे परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करे, ! साथ ही ईश्वर उनके मृत आत्मा को शांति दे ! उनका अंतिम दाह संस्कार शाम में सिमरिया गंगा तट पर किया जाएगा ! घटना की खबर पाकर बरौनी क्षेत्र के वरिष्ठ संवाददाता महंत रामजीवन दास, नारायण प्रसाद सिंह, डॉ मनोज कुमार आदि पत्रकारों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है !

### नए अंचल अधिकारी प्रिया व्रत कुमार ने पदभार ग्रहण

**बरौनी/ बेगुसराय**। बरौनी अंचल में शनिवार को नए अंचल अधिकारी ने कार्यभार संभाल लिया। बताते चलें कि निवर्तमान अंचल अधिकारी सुजीत सुमन का पहले ही पदोन्नति होने की सूचना प्राप्त हो चुकी थी। बताया जाता है कि नए अंचल अधिकारी जोगा पट्टी चंपारण से ,प्रियव्रत कुमार का तबादला बरौनी अंचल अधिकारी के रूप में हुआ है । वही सुजीत सुमन 4 जुलाई 2019 में बरौनी अंचल अधिकारी के रूप में कार्य शुरू किया । करीब साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल के दौरान बीच-बीच में इनका तबादला हुआ ,लेकिन पुनः राज्य सरकार के आदेशानुसार बरौनी अंचल में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। दूसरी बार 12 फरवरी 2020 से 28 फरवरी 2021 तक, तीसरी बार 27 मार्च 2021 से 5 जुलाई 2023तक, एवं चौथी बार 31 जुलाई से 2023 से 17 फरवरी 2024 तक बरौनी आंचल में सेवा दिए । प्रभार के दौरान उन्हें गुलदस्ता एवं पुष्पमाला पहनकर सम्मानित किया गया । इस अवसर प्रशाखा पदाधिकारी जितेंद्र भारती, सरफराज ,रतन प्रसाद ,अंचल निरीक्षक मुरारी प्रसाद, पूर्व मुखिया महेश प्रसाद एवं अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### उद्धारक की बाट जोह रहा बरैपुरा हॉल्ट ख़ासकर महिलाओं को हो रही परेशानी

**छौराही बेगूसराय**। प्रखंड क्षेत्र के सहुरी पंचायत अंतर्गत खगड़िया समस्तीपुर रेल खंड के बरैपुरा हॉल्ट की जर्जर हालत है। बरसों बाद भी नहीं हो सका विकास महिलाओं को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना। ट्रेन से सफर करने वाले स्थानीय महिलाओं ने अपनी व्यथा बयां कर रही थी बरसों बाद भी शौचालय नहीं है सवारी गाड़ी में सफर करने वाले यात्रियों की कोई भी सुविधा प्रदान नहीं किया जा रहा है यात्री पर्व होना अनिवार्य है शौचालय पानी की व्यवस्था नहीं है कराके की धूप बरसाता बारिश में यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने कहा कि भारत सरकार और बिहार सरकार रेलवे में सुविधा प्रदान कर रही है किंतु इस पिछले क्षेत्र के यात्रियों के लिए एक पराव एवं शौचालय की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने अविलंब शौचालय और यात्री पराव की मांग की है।

# मां सरस्वती को दी विदाई, शांतिपूर्ण माहौल में प्रतिमा का हुआ विसर्जन

निज संवाददाता। **रजौली**



नगर पंचायत के पुरानी बस स्टैंड,बाजार एवं प्रखण्ड क्षेत्र के अन्य दर्जनों गांवों के पुरानी विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार की देर शाम एवं शनिवार को पूरे भक्तिभाव व पूजा-अर्चना के साथ की गई।इस दौरान महाआरती का आयोजन किया गया।इसके बाद मां की प्रतिमा को लेकर गाजे-बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में नदी,तालाब व जलाशयों तक ले जाया गया।जहां देवी की प्रतिमा को भावपूर्ण तरीके से विसर्जन किया गया।मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा मां सरस्वती से विद्या व ज्ञान का वर मांगते हुए उन्हें विदा किया।इसके पहले विसर्जन जुलूस में शामिल युवकों व बड़े-बुजुर्गों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे को पूजा की बधाई दी।मौके पर मां सरस्वती के जयघोष से पूरा माहौल भक्ति मय हो उठा। प्रशासन द्वारा विसर्जन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सड़कों के अलावा नदी व तालाबों पर पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी। कई पूजा समितियों द्वारा बुधवार को मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम रखा गया था।जबकि अधिकांश शैक्षणिक संस्थानों में शुक्रवार और शनिवार को ही मूर्ति का विसर्जन किया गया। मौके पर नगर पंचायत से लेकर ग्रामीण इलाकों में पूरा माहौल भक्ति के सागर में डूबा रहा।वहीं पुलिस प्रशासन के अलावे बिजली विभाग के कर्मियों की भागीदारी अहम रही।जबतक श्रद्धालुगण विसर्जन के दौरान मूर्ति के साथ बाजार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे,तबतक बिजली आपूर्ति टाउन फीडर में बाधित रही।वहीं जेई भुवनेश्वर प्रसाद बिजली कर्मियों के सहयोग से पल-पल की खबर लेते रहे।वहीं मां सरस्वती पूजा के सफल संचालन को लेकर पूजा संचालकों ने पुलिस-प्रशासन एवं बिजली विभाग को धन्यवाद कहा।इस प्रकार नगर पंचायत समेत पूरे प्रखण्ड क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मां सरस्वती की पूजा सम्पन्न हुई।विसर्जन के दौरान पुरानी बस स्टैंड के श्री भाग्य लक्ष्मी क्लब से अमन कुमार,श्रवण कुमार,रौशन कुमार,अभिषेक कुमार,बब्लू पण्डित,सुमित कुमार,प्रिंस कुमार,विक्की कुमार,बाजार से पिन्टू वर्मा,संदीप वर्मा,गोलू,गुड्डू के अलावे दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## जल जमाव से फैलती है बीमारी



निज संवाददाता। **नारदीगंज**

प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हंडिया में शनिवार को सुरक्षित शनिवार मनाया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार झा के देखरेख में हुआ। इस मौके पर जल जमाव विषय पर छात्रों के बीच जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कहा कि जल जमाव होने से जहां गंदगी फैलती है,उससे निकलने वाले बदबू से आसपास का वातावरण प्रदूषित होता है।इतना ही नहीं बीमारियों को फैलाने में यह बहुत योगदान भी रखता है।

इसलिए कभी भी आसपास घर हो या बाहर जल जमाव नहीं करे,जमा हुआ जल को बाहर निकाल देना चाहिए, ताकि होने वाले बीमारियों से अपने आपको व समाज के लोगों को बचाया जा सके। इसके लिए पड़ोसियों को भी जागरूक करे की जल जमाव होने से कई तरह के विषाणु इसमें पनपते हैं, जिससे डेंगू,मलेरिया, फलेरिया समेत अन्य तरह की बीमारी होने का खतरा सदैव बना रहता है। स्वच्छ रहेंगे,तभी स्वस्थ्य रह पाएंगे। मौके पर छात्र सत्यम कुमार,बेबी कुमारी, दिलखुश कुमार,खुशी,मनीषा, नवनीत समेत अन्य छात्र व छात्राओं ने कहा कि हमलोग अपने घरों व आसपास टोले में जल जमाव नहीं होने देंगे,साफ सुथरा रखेंगे।

मौके पर शिक्षक नेहा कुमारी, सोनम भारती, संयुक्ता पांडेय,रूपक कुमारी, पूजा वर्मा समेत अन्य शिक्षक व शिक्षिका शामिल हुए।

## थाना परिसर में जनता दरवार का हुआ आयोजन तीन मामले का किया गया निष्पादन



निज संवाददाता। **बछवाड़ा**

बछवाड़ा थाना परिसर में शनिवार को विभिन्न पंचायतों के भूमि विवाद सम्बंधित मामले को लेकर जनता दरवार का आयोजन किया गया। जनता दरवार में विभिन्न पंचायतों के कुल तीन नये आवेदन प्राप्त हुए जबकि पुर्व से दस लंबित आवेदन था। कुल तेरह आवेदन में से तीन आवेदन का निष्पादन किया गया। जनता दरबार के दौरान अंचलाधिकारी प्रीतम , पुलिस पदाधिकारी भरत कुमार यादव समेत राजस्व कर्मचारी मुकेश झा के द्वारा दोनो पक्ष के लोगों से भुमि संम्बन्धित विवाद के कागजात जमा कराते हुए दोनो पक्ष के लोगो को अपना अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया। दोनों पक्ष की बात सुनने के बाद तीन आवेदक विष्णुदेव पंडित बनाम धीरज कुमार,राम विलाश झा बनाम चन्द्र भुषण झा तथा गणेश राय बनाम राम अरूण राय के आवेदन का निष्पादन किया गया। वही अन्य दस आवेदन कर्ता आवेदक को भूमि संम्बन्धित साक्ष्य के साथ अगले शनिवार को उपस्थित होकर अपना अपना पक्ष रखने को कहा गया। जनता दरबार के दौरान गंगा यादव बनाम राम सुजन राय का मामला न्यायालय में चलने के कारण न्यालय के निर्देश का पालन करने का सलाह देते हुए मामला को खारिज कर दिया ।

## दीपक राय भट्ट के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी बनाये जाने पर भाजपाइयों में खुशी

निज संवाददाता। **रजौली**



प्रखण्ड क्षेत्र के अमावां गांव के दीपक राय भट्ट को बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ के क्षेत्रीय प्रभारी बनाये जाने पर भाजपाइ कार्यकर्ताओं में खुशी है।इस दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह,बारत पंचायत के मुखिया नागेश कुमार,मुन्ना कुमार सिंह,अमावां पंचायत के पूर्व मण्डल अध्यक्ष शिवशंकर कुमार,गुड्डू राय भट्ट एवं पवन पाण्डेय समेत अन्य लोगों ने दीपक राय भट्ट को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।वहीं नवनियुक्त क्षेत्रीय प्रभारी ने बिहार के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं प्रदेश संयोजक अनामिका शंकर समेत भाजपा के सभी वरीय कार्यकर्ता को धन्यवाद कहा है।साथ ही बताया कि वे शुरू से ही भाजपा के सक्रिय सदस्य रहे हैं।साथ ही विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने बेहतर कार्य किये हैं।जिसको लेकर भाजपा प्रदेश संयोजक ने उन्हें बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ के रजौली सह नवादा का क्षेत्रीय प्रभार बनाया गया है।उन्हें मिली नई जिम्मेदारियों को बेहतरीन रूप से निभाने की बात कही है।साथ ही उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत प्रधान मंत्री ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत, हरियाणा में की थी।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से पूरे जीवन-काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है।वहीं नवनियुक्त क्षेत्रीय प्रभारी ने आमलोगों से अपील किया कि वे बेटों की तरह बेटियों को अपने भविष्य को उज्ज्वल करने के संसाधन उपलब्ध कराएं।आज की बेटियां बेटों से कम नहीं है।इसलिए बेटियों के उत्थान की जिम्मेदारी हमसभी की है।साथ ही कहा कि भाजपा द्वारा नए पद के दायित्व मिलने के उपरांत प्रियजनों द्वारा लगातार दूरभाष के मध्यम से भी बधाईयां दी जा रही है।

## सांसद ने कई विकास योजनाओं का किया उद्घाटन

निज संवाददाता। **नवादा**



सांसद चंदन सिंह ने अपने विकास मद से निर्माण कराये गए कई योजनाओं का शनिवार को उद्घाटन किया। अपने प्रवास के दौरान सांसद का कार्यकर्ताओं ने नवादा एवं नालंदा जिले की सीमा पर वनगंगा के समीप जोरदार स्वागत किया। स्वागत के दौरान उनका काफिला नारदीगंज होते हुए हिसुआ प्रखंड क्षेत्र के जयश्री बिगहा पहुंचा जहाँ उनके विकास फंड से निर्माण कराये गए योजनाओं का उद्घाटन किया गया। ततपश्चात् सांसद का काफिला मेसकौर प्रखंड के बैजनाथपुर गांव पहुंचा। वहां पूजा के पश्चात सांसद मद से निर्माण करवाए गए पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया।उद्घाटन के बाद सांसद ने स्थानीय ग्रामीणों संग संवाद किया एवं वहां के समस्याओं से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने स्थानीय सांसद को विद्यालय की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि इस विद्यालय में करीब 600 बच्चे अध्ययन करते हैं लेकिन वर्तमान समय में इस विद्यालय के अंदर चापा नल नहीं रहने के कारण बच्चों को पीने के पानी की काफी किल्लत होती है। मध्यान भोजन के पश्चात बच्चों को रेलवे लाइन पार कर बर्तन धोने, हाथ धोने तथा पीने का पानी के लिए जाना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीण की समस्या को सुनने के बाद उन्होंने तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को फोन लगाकर एक-दो दिनों के भीतर बच्चों के पानी पीने के लिए चापाकल की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया।

उसके बाद सांसद का काफिला हिसुआ नगर परिषद क्षेत्र के रेपुरा गांव पहुंचा जहां गौतम फौजी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सांसद का जोरदार स्वागत किया। स्वागत के बाद सांसद निधि से बनाये गए सड़क का उद्घाटन सांसद ने हिसुआ उपप्रमुख धर्मवीर कुमार ऊर्फ पुकार सिंह से नारियल फोड़ वाकर कराया। सड़क उद्घाटन के बाद वार्ड पार्षद प्रतिनिधि गौतम फौजी के आवास पर भोजन के दौरान रेपुरा के ग्रामीणों संग संवाद किया एवं गाँव की स्थिति से अवगत हुए।

इस दौरान संसद के साथ भाजपा नेता नरेश सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रताप रंजन,हिसुआ उप प्रमुख धर्मवीर कुमार ऊर्फ पुकार सिंह, वार्ड पार्षद पंकज सिंह, पार्षद सुधीर कुमार, वार्ड नंबर एक के पार्षद प्रतिनिधि, पार्षद प्रतिनिधि हिरा लाल कुमार, सर्गुण सिंह, कारू सिंह सहित सैंकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चुल्हाय बीघा गांव में मां भगवती एवं बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा को ले निकली गई भव्य कलशयात्रा




निज संवाददाता। **वारिसलीगंज (नवादा)**

वारिसलीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के हाजीपुर पंचायत की चुल्हाय बीघा गांव में नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के साथ मां भगवती एवं बजरंगबली की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा सह श्री मद्भागवत कथा के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शनिवार को निकल गई कलश यात्रा में गांव की सैकड़ो महिला व पुरुष ढोलबाजे के साथ कलशयात्रा आयोजित कर जलभराई का रश्म पूरी किया। ग्रामीणों ने बताया कि नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों के लिए जल यात्रा, मंडप प्रवेश, कथा प्रारम्भ किया गया। जबकि रविवार को जलाधिवास, अन्नाधिवास तथा अग्निस्थापन का कार्यक्रम होगी। सोमवार को पुष्पाधिवास, धृताधिवास, गंधाधिवास के बाद मंगलवार को फलाधिवास, निष्ठानाधिवास का कार्यक्रम की तैयारी है। जबकि बुधवार को नगर भ्रमण, देवस्नापन एवं शैयाधिवास का धार्मिक कार्यक्रम होना है। गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम समारोह होगा। शुक्रवार को कथा विश्राम, पूर्णा आहूति एवं प्रसाद वितरण तथा रविवार को विशाल भण्डारा का आयोजन बाद कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। प्रत्येक दिन एवं रात को पूजा तथा मंत्रोच्चारण होगा।जबकि संध्या 06 बजे से मध्य रात्रि तक कथा वाचन के साथ ही गायन -वादन का कार्यक्रम की तैयारी है। नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के चलते पूरा गांव भक्तिमय हो गया है। जिसके कारण गांव के सभी घरों में मांस, मछली एवं मदिरापान गांव वासी वर्जित कर दिए हैं।

# बेगुसराय नगर निगम वितीय वर्ष 24-25 बजट पर विचार विमर्श







निज संवाददाता। **बेगुसराय**

बेगूसराय नगर निगम के सभागार में शुक्रवार को नगरपालिका लेखा समिति द्वारा अनुशंसित नगर निगम बेगूसराय का वित्तीय वर्ष 2024-25 बजट प्रारूप पर विचार एवं अनुमोदित करने हेतु सशक्त स्थायी समिति की बैठक महापौर पिंकी देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा विमर्शोपरान्त नगरपालिका लेखा समिति द्वारा अनुशंसित बजट प्रारूप को अनुमोदित करते हुए स्वीकृति के लिए बोर्ड में रखने का निर्णय लिया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बेगूसराय नगर निगम की अनुमानित प्रारंभिक शेष, अनुमानित आंतरिक राजस्व तथा सरकार से प्राप्त अनुदानों को मिलाकर कुल प्राप्ति लगभग 500 करोड़ 23 लाख 74 हजार रूपये अनुमान है तथा व्यय पर कुल 492 करोड़ 20 लाख 09 हजार रूपये का प्रावधान किया गया है। स्थापना एवं अन्य राज्य व्यय में लगभग 151 करोड़ 25 लाख 09 हजार रूपये खर्च का अनुमान है। आधारभूत संरचना एवं अन्य विकास के कार्य में पूंजीगत व्यय के रूप में 340 करोड़ 20 लाख रूपये का उपबंध किया गया है। बजट में अनुमानित अंतिम अवशेष की राशि लगभग 08 करोड़ 03 लाख 65 हजार 06 सौ रूपये रहने का अनुमान है। बजट में आगामी वर्ष के लिए बकाया एवं चालू सम्पत्ति कर की वसूली का लक्ष्य 15 करोड़ रूपये रखा गया है। शहरी क्षेत्र के जमीन एवं मकानों के हस्तांतरण पर निबंधन विभाग के द्वारा स्टाम्प मुद्रांक शुल्क के रूप में लगभग 27 करोड़ 50 लाख रूपये प्राप्त होने का अनुमान है। बजट में प्रोफेशनल कर से 02 करोड़ रूपये, नगरपालिका के मार्केट से किराया एवं सम्पत्ति से 03 करोड़ 74 लाख 48 हजार रूपये, शुल्क एवं यूजर चार्ज के अंतर्गत 05 करोड़ 05 लाख 22 हजार 09 सौ रूपये, केन्द्र एवं राज्य सरकार से विभिन्न मदों में प्राप्त होने वाली राजस्व अनुदान से 343 करोड़ 57 लाख 32 हजार 07 सौ रूपये प्राप्त होने का अनुमान है। बजट में परिचालन एवं संरक्षण मद के अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा प्रबंधन, विद्युत विपत्र का भुगतान, मरम्मत एवं रखरखाव, इंफ्रास्ट्रक्चर एसेट्स, नागरिक सुविधाएं इमारतें एवं अन्य रखरखाव पर करीब 54 करोड़ 02 लाख 65 हजार रूपये का उपबंध किया गया है। बजट में पूंजीगत व्यय के अंतर्गत पार्क निर्माण, नगरपालिका के भवन, रोड, ब्रिज, नाला, जल प्रणाली, प्रकाष व्यवस्था, साफ-सफाई को दुरूस्त करने हेतु आधुनिक संयंत्रों और मशीन, वाहन कार्यालय एवं अन्य उपकरण, फर्निचर इत्यादि मद में लगभग 340 करोड़ 20 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 के प्रावधानों का पालन करते हुए शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवा पर उपलब्ध राशि का 27.84 प्रतिशत अर्थात 137 करोड़ 02 लाख 27 हजार रूपये का उपबंध किया गया है। बैठक में नगर आयुक्त सत्येन्द्र कुमार सिंह, माननीय सदस्य गुलशन खातून, सुलेखा कुमारी, नगर प्रबंधक राजीव रंजन सिंह, प्रधान सहायक रंजीत कुमार आदि अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


### घटना के विरोध में ग्रामीणों ने एनएच-2 को किया जाम

# जिले के दो अलग-अलग जगहों पर सड़क दुर्घटना में, दो लोगों की मौत, एक घायल



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के पखनारी गांव के समीप एनएच-2 पर शनिवार को बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। दुर्घअना में एक व्यक्ति बुरी तरह से इस घायल हो गया। पखनारी गांव निवासी मोहम्मद कलामुद्दीन हज्जाम व अमीरूल हसन बाइक से अपने गांव से दुकान पर जा रहे थे, इस क्रम में एनएच-2 पर बाइक पश्चिम दिशा की ओर घुमा रहें थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर वे धक्का मार दिया। हादसे में मोहम्मद कमालुद्दीन हजाम की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। अमीरूल हसन बुरी तरह से जख्मी हो गए। ट्रैक्टर चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों ने घायल अमीरूल को एनएचएआई के एम्बुलेंस से सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने कुछ देर लिए एनएच-2 को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं ग्रामीणों को समझा कर सड़क जाम खत्म कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया, फिर स्वजनों को सौंप दिया। वहीं दूसरी घटना रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र में डिहरी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर शनिवार को बरन बीघा गांव के समीप पिकअप और बाइक की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही हो गई। मृतक की पहचान घरहरा निवासी नीरज कुमार उर्फ भोला सिंह के 19 वर्षीय इकलौते बेटे आर्यन कुमार के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि आर्यन इंटर का छात्र था। उसकी ममेरी बहन मैट्रिक की परीक्षा दे रही है। उसी को लेने के लिए वह डेहरी के पाली पुल जा रहा था।

इसी क्रम में दुर्घटना हो गई और उसकी मौत हो गई। चालक पिकअप को सड़क पर छोड़कर फरार हो गया, पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। मौके पर जुटे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और परिजनों को दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन घटना स्थल के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक आर्यन की दो बहनें हैं। बड़ी बहन शामी कुमारी की शादी हो चुकी है, जबकि छोटी बहन का नाम छोटी कुमारी है। इकलौते भाई की मौत से दोनों बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आर्यन की मां रह-रह कर बेहोश हो जा रही है। दरिहट थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने पिकअप जब्त कर लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## ट्रैक पर कार्य कर रहे कर्मी की ट्रेन से कटकर मौत



निज संवाददाता

**दुर्गावती (कैमूर)।** दुर्गावती थाना क्षेत्र के धनेछा के पास रेलवे ट्रैक पर कार्य कर रहे एक रेल कर्मी की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के धानापुर थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव के रहने वाले अरुण कुमार सिंह के 40 वर्षीय पुत्र अनीश कुमार सिंह फौज से रिटायर होने के बाद पिछले 1 साल से दुर्गावती में रेलवे विभाग में की मैन के पद पर कार्यरत थे। जिस रेलवे ट्रैक की मरम्मती का कार्य कर रहा था उसी पर अचानक एक मालगाड़ी आ गई, मालगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर जीआरपी कागजी करवाई करते हुए दुर्गावती थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। दुर्गावती पुलिस ने भभुआ सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद डेड बॉडी परिजनों को सौंप दिया है। मृतक दो बेटी है। घटना के बाद पत्नी नीलम कुमारी के साथ परिवार के सभी लोगों का रो-रो पर बुरा हाल है। दुर्गावती थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया दुर्गावती थाना क्षेत्र के धनेक्षा के पास मालगाड़ी की चपेट में आने से एक रेल कर्मी की मौत की सूचना प्राप्त हुई थी। घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार करते हुए कागजी कार्रवाई पूरा करने के बाद घटना की जानकारी परिजनों को देते हुए शव को पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया है । लोगों ने बताया था रेलवे ट्रैक पर काम करने के दौरान उनकी मौत हुई है।

## संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की मौत

**जहानाबाद (नि.सं.)।** जहानाबाद के ओकरी ओपी क्षेत्र के सरिस्ताबाद गांव में शनिवार को एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया है और मामले की तफ्तीश में जुट गई है। विवाहिता के मायके वाले दहेज को लेकर हत्या की बात बता रहे हैं। महिला के परिजनों का कहना है कि आठ महीने पहले उन्होंने अपनी बेटी की शादी सरिस्तवाद गांव में लालमोहन के बेटे रोशन के साथ धूमधाम के की थी। शादी के कुछ दिनों के बाद से ही लड़के वाले सोने की चेन की मांग को लेकर महिला को प्रताड़ित कर रहे थे। बीती रात उन लोगों ने ही हत्या कर दी है। ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि घर के लोग खेत में काम करने गए थे और महिला अकेली थी। गांव वालों द्वारा सूचना दी गई कि महिला संदेहास्पद स्थिति में गिरी हुई है। आनन-फानन में ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया। उसकी मौत हो चुकी थी।

## 23 फरवरी को सासाराम में फिर से पहुंचेंगे तेजस्वी यादव

### सासाराम में जनसभा को करेंगे संबोधित



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सासाराम में राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा में शामिल हुए थे। अब एक सप्ताह बाद सासाराम में फिर आने वाले हैं। 23 फरवरी को सासाराम में वो एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय हैं कि तेजस्वी यादव 20 फरवरी से बिहार के दौरे पर निकलने वाले हैं। जिस क्रम में वो 23 फरवरी को सासाराम आएंगे।

रोहतास जिला राजद के प्रधान महासचिव राजीव रंजन उर्फ राजू यादव ने बताया कि महागठबंधन सरकार के 17 माह की उपलब्धियों को बताने के लिए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव 20 फरवरी से राज्य का दौरा करेंगे। इस क्रम में वो 23 फरवरी को सासाराम में जनसभा को संबोधित करेंगे। कहा कि जनसभा किस स्थान पर होगी इसे जल्द ही फाइनल कर लिया जाएगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा को यूपी बार्डर तक छोड़ने के बाद तेजस्वी यादव का काफिला मोहनियां-आरा हाइवे होते हुए पटना लौट गया। इस क्रम में जिले के कोचस प्रखण्ड के परसथुआ एवं नगर पंचायत कोचस में सैकड़ों कार्यकर्ता एनएच 319 पर अपने नेता के स्वागत के लिए खड़े थे। पर तेजस्वी यादव का काफिला ना परसथुआ रूका ना ही कोचस, जिससे घंटों इंतजार कर रहे कार्यकर्ता मायूस हो गए।

## सेमीफाइनल में नगर के वार्ड छह की टीम जीती

**नासरीगंज (रोहतास)(नि.सं.)।** नगर स्थित हाईस्कूल के स्टेडियम में नासरीगंज क्रिकेट प्रीमियर लीग के तत्वावधान में सीजन सिक्स का पहला सेमीफाइनल मैच नगर के वार्ड छह की टीम जीत गई। उसने कर्मा की टीम को चार विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कर्मा की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में नौ विकेट खोकर 125 रन बनाए। बाद में जीत के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए विजेता टीम छह विकेट खोकर 126 रन बना लिए। इस तरह विजेता टीम फाइनल में पहुंच गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विजेता टीम के धीरज व छोटू को संयुक्त रूप से दिया गया। अंपायरिंग की दिनेश व शानू ने की। स्कोरर की भूमिका हिमी और सुमित ने निभाई। जबकि मैच की कमेंट्री आशुतोष ने की।

## एक दिवसीय रोजगार मेला का किया गया आयोजन, 16 युवाओं को मिली नौकरी



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के अवर प्रादेशिक नियोजनालय, डालमियानगर; रोहतास के तत्वाधान में शनिवार को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, डालमियानगर में एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्राइवेट क्षेत्र की कंपनी वॉकरू इंटरनेशनल प्रालि द्वारा ऑपरेटर पद के लिए तमिलनाडु के लिए 25 पदों की रिक्तियां थी। इस जॉब कैंप में लगभग 41 आवेदक को उपस्थिति दर्ज कराई, इनमें से 34 आवेदकों ने अपना बायोडाटा जमा किया था। वॉकर इंटरनेशनल प्रा० लि० ने 34 आवेदकों का इंटरव्यू लिया। साक्षात्कार के बाद 16 आवेदकों को चयन शॉर्टलिस्ट किया गया। इन युवाओं को दस कार्य दिवस के अंदर कंपनी द्वारा कार्यस्थल पर योगदान देने के लिए कहा गया। इस जॉब कैंप के सफल संचालन में नियोजक कमलेश चन्द्र सिन्हा, रितेश रोशन जिला कौशल विशेषज्ञ सुशील कुमार पांडेय, लिपिक प्रभात रंजन, कम्प्यूटर ऑपरेटर बिपिन कुमार रवि रंजन पाण्डेय एवं अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि अवर प्रादेशिक नियोजनालय, डालमियानगर ;रोहतास के द्वारा चल रहे फरवरी माह में यह तीसरा जॉब कैंप था, जबकि साल का यह चौथा जॉब कैंप था। सभी रोजगार मेला सफल रहे हैं।

## नवगछिया नगर परिषद क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण

- कैंप लगाकर प्रदान की गईं सेवाएँ
- कल से यात्रा कहलगांव में



निज संवाददाता

**भागलपुर/पटना।** भारत सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण शनिवार 17 फरवरी को नवगछिया नगर परिषद क्षेत्र में पहुंची। यात्रा के माध्यम से दो विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। नवगछिया के नगरीय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा नया टोला, शिव मंदिर वार्ड संख्या 8 तथा वार्ड संख्या 12 के मनियामोड़, राजेंद्र कालोनी के इलाके में पहुंची। दोनों ही कार्यक्रमों में आम जनता के लिए नवगछिया नगर परिषद द्वारा क्षेत्र की आम जनता के लिए विभिन्न योजनाओं का कैंप लगाकर सेवाएँ प्रदान की गईं। इनमें उज्ज्वला योजना,आधार अपडेशन, पीएम स्वनिधि, आयुष्मान भारत तथा पीएम आवास योजना प्रमुख थी। नवगछिया नगर परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सुमित्रानंदन द्वारा उपस्थित आम जनता को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा' का उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में परिपूर्णता का लक्ष्य हासिल करना है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक तरीके से आसानी से पहुंचे। इस अवसर पर नगर निगम द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के लिए रजिस्ट्रेशन के माध्यम से लगभग 50, उज्ज्वला के लिए 40 तथा आयुष्मान भारत के लिए लगभग 60 नए लाभार्थियों को जोड़ा गया। इस यात्रा के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के अनेक लाभार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा प्रधानमंत्री तथा भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गयी तथा दवा तथा परामर्श प्रदान किया गया। उज्ज्वला योजना का भी कैंप लगाकर स्थानीय जनता को लाभ पहुंचाया गया एवं जागरूक किया गया। स्वास्थ्य जांच टीम में तमन्ना परवीन एएनएम, तथा सुनीता कुमारी एएनएम शामिल थीं। यात्रा कार्यक्रम उपस्थित अधिकारियों द्वारा आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई तथा उन्हें प्रोत्साहित किया गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से अरविंद कुमार यादव, राजीव कुमार चौरसिया तथा उमेश कुमार ने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। उज्ज्वला योजना के बारे में भी उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा' के एलईडी स्क्रीन से सुसज्जित विशेष रथ को देख कर आम लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। रथ के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वीडियो संदेश भी प्रचारित किया गया, साथ ही बिहार के विकास की कहानी भी वीडियो व आंकड़ों के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर सभी ग्रामीणों और अन्य लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालो का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई गयी। कैंप में पंजाब नेशनल बैंक से महेश प्रसाद सिंह, यूनियन बैंक से श्रवण कुमार, कैनरा बैंक से विद्यापति ठाकुर आईडीबीआई बैंक की ओर से मतिउर रहमान, बैंक ऑफ इंडिया से शंभू कुमार, मनीष कुमार, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक से मंटू कुमार उपस्थित थे। कल "विकसित भारत संकल्प यात्रा" कहलगांव पहुंचेगी। कहलगांव में विषहरी स्थान, चौधरी टोला वार्ड संख्या 13 तथा किला दुर्गा स्थान वार्ड संख्या 17 में कैंप लगाकर सेवाएँ प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा भागलपुर जिले के अन्य नगरीय क्षेत्रों–सुल्तानगंज, अकबरनगर, हबीबपुर, पीरपैंती तथा सबौर में भी यह यात्रा पहुंचेगी।

## दो परीक्षा केंद्रों पर एक-एक परीक्षार्थी की बिगड़ी तबीयत, इलाजरत



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** मैट्रिक परीक्षा के तीसरे दिन शनिवार को जिला मुख्यालय सासाराम के दो परीक्षा केंद्रों पर एक-एक परीक्षार्थी की तबीयत बिगड़ गई। प्रशासन ने दोनों परीक्षार्थियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल दोनों परीक्षार्थियों की स्थिति सामान्य बताई जाती है। प्रशासन ने दोनों के परिजनों को सूचना दे दी। दोनों के परिजन सदर अस्पताल पहुंच गए हैं। जिला मुख्यलय सासाराम स्थित श्री शंकर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर परीक्षा दे रही छात्रा चचंल कुमारी की तबीयत बिगड़ गई। बीमार छात्रा डुमरी गांव निवासी विक्रम राम की बेटी है। जबकि उच्च विद्यालय, चौखण्डी पथ, सासाराम में परीक्षा दे रहे परीक्षार्थी विशाल कुमार की तबीयत भी बिगड़ गई। विशाल कुमार रोहतास थाना के तुंबा गांव के शिव शंकर का बेटा है। शुक्रवार को भी डेहरी के एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी की तबीयत बिगड़ी थी, जिसे एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया था।

## छह महीने से फरार युवक का मिला शव



निज संवाददाता

**चांद (कैमूर)।** कैमूर के चांद थाना क्षेत्र के शिव गांव के बधार में शव देख लोगों ने इसकी सूचना परिजन और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भिजवा दिया। घटनास्थल के पास एक टूटा हुआ मोबाइल और नदी के दूसरे छोर पर लावारिस अवस्था में बाइक बरामद की है। परिजनों ने हत्या कर शव गांव के पास फेंके जाने का आरोप लगाया है। मृतक शख्स के ऊपर गांव के लोगों ने कुछ माह पूर्व प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में वह पिछले 6 महीने से फरार चल रहा था। गांव से बाहर रिश्तेदारों के यहां छुप कर रह रहा था और अचानक उसके शव मिलने से पूरे इलाके में दहशत फैल गया है। मृतक की पहचान चांद थाना क्षेत्र के शिव गांव निवासी स्वर्गीय राधेश्याम मौर्य के 40 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार मौर्य के रूप में हुई है।

सदर अस्पताल भभुआ के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई उपेंद्र कुमार ने बताया कि मेरा भाई 8 महीने से घर से दूसरे जगह पर जाकर रहता था, क्योंकि उसके ऊपर पहले से गांव के लोगों द्वारा केस किया गया था। अचानक सुबह उसकी डेड बॉडी घर से 100 मीटर की दूरी पर गांव के बधार में मिली है। भभुआ डीएसपी शिव शंकर कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर गई हुई थी। कागजी कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ भिजवा दिया गया था। घटनास्थल के पास से एक टूटा मोबाइल और नदी के दूसरी छोर पर बाइक बरामद हुआ है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा लातेहार जिला के मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत चयनित सभी लाभुकों/दुध उत्पादकों/पशु विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिला स्तरीय पशु मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 21.02.2024 को 11:00 बजे पशु शल्य चिकित्सालय कार्यालय, लातेहार (प्रखण्ड कार्यालय, लातेहार के बगल में) के प्रागंण में किया जा रहा है। जिसमें गौ–पालन से संबंधित स्टॉल यथा– विभागीय योजनाओं, पशु नस्ल एवं डेयरी फार्मिंग, दुग्ध उत्पादन को प्रभावित करने वाली प्रमुख बिमारियों, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन एवं मिलावट के प्रकार तथा चारा प्रबंधन एवं चारा संरक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों को दुधारू पशुओं का वितरण भी किया जाना है।

अतः लातेहार जिला के मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत चयनित सभी लाभुकों/दुध उत्पादकों/पशु विक्रेताओं से अनुरोध है कि दिनांक 21.02.2024 को 11:00 बजे पशु शल्य चिकित्सालय कार्यालय, लातेहार (प्रखण्ड कार्यालय, लातेहार के बगल में) के प्रागंण में आयोजित मेला एवं प्रदर्शनी में भाग लेना चाहेंगे।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
लातेहार

PR 319280 Animal Husbandry (23-24)_D

## बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने पर चर्चा

**सासाराम (रोहतास)(नि. सं.)।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व कार्य समिति सदस्यों की बैठक शनिवार को सिविल कोर्ट स्थित मुख्तारखाना में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविन्द्र सिंह कुशवाहा व प्रकोष्ठ के प्रभारी धर्मेंद्र दुबे उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश कुमार सिंहा ने किया। जिसमें आगामी 25 फरवरी को प्रकोष्ठ की पटना में आयोजित सम्मेलन को सफल बनाने पर चर्चा हुई। इस दौरान सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अपना विचार रखा। बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एमएलसी निवेदिता सिंह ने संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर प्रकाश डाला। साथ ही उपस्थित सभी सदस्यों को प्रोत्साहित किया।

## फसल काटने को लेकर दो महिला आपस में भिड़ी, एक घायल

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में फसल काटने को लेकर दो महिला आपस में भिड़ गई। जिसमें एक महिला ने दूसरी पर फसल काटने वाले हंसुआ से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना सलेमपुर गांव की है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि जानकी देवी अपनी फसल के रखवाली कर रही थी। तभी कुछ महिला घास काटने के लिए बधार में पहुंची और जानकी देवी की फसल को कटने लगी। तभी उसने महिला को ऐसा करने से मना किया, जिस बात से नाराज होकर फसल काटने वाले हंसुआ इस पर प्रहार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकी देवी की गोतनी सुगनी देवी ने बताई की हम लोग अपने खेत पर बैठे हुए थे। तभी योग बीघा गांव के लगभग 6 लड़कियां घास काटने के बधार आई और हम लोगों का फसल कटने लगी। उन्होंने ऐसा करने मना किया तो उसके साथ मारपीट करने लगी। तभी हमलोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया तभी उन लोगों ने हंसुआ से प्रहार कर दिया। जिससे वो घायल हो गई।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्
(भारत सरकार का सांविधिक निकाय)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसन्त कुंज, नई दिल्ली- 110070
फोन नम्बर : 011-29581000 वेबसाईट : www.aicte-india.org

अभावशिप मुख्यालय में स्थित शिक्षा मंत्रालय के नवप्रवर्तन प्रकोष्ठ के निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

| क्र. सं | पद का नाम | समेकित (मासिक) | पदों की संख्या | नियुक्ति की रीति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक नवप्रवर्तन निदेशक | समेकित मासिक पारिश्रमिक रु. 1.5 लाख | 02 | आवधिक आधार पर (02 वर्ष) |
| 2. | नवप्रवर्तन अधिकारी | समेकित मासिक पारिश्रमिक रु. 1.25 लाख | 05 | आवधिक आधार पर (02 वर्ष) |

अन्य सभी विवरण जैसे पात्रता मानदंड, अर्हता, अनुभव, ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया और नियुक्ति के सामान्य नियम और शर्तें दिनांक 19.02.2024 से अभातशिप की वेबसाइट (https://www.aicte-india.org/bulletins/advertisements) पर उपलब्ध होंगे। इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक सहायक दस्तावेजों को अपलोड करके दिनांक 10-03-2024 तक या उससे पहले उक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परिषद को, बिना कोई कारण बताए, रिक्तियों की संख्या को बढ़ाने या घटाने अथवा उपरोक्त वर्णित पदों के लिए विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार है।

विज्ञापन संख्याः प्रशासन (स्थापना)/अभातशिप/02(02)2024

प्रो. राजीव कुमार
सदस्य सचिव

CBC 21300/12/0003/2324

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–23 (2023–24)

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय:– 26/02/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27/02/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय:– 27/02/2024 को 03:30 बजे अपराह्न से।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल सं0–2, राँची द्वारा कार्यालय परिसर में।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0 सं0–1 के स्थान पर।
8. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड केतार अन्तर्गत पर्यटन स्थल माँ चतुर्भुजी मंदिर केतार का (रख–रखाव, प्रबंधन एवं साफ–सफाई आदि ) जीर्णोद्धार कार्य। | ₹ 10,03,100/- | ₹ 20,100/- | ₹ 2500/- | 1 माह |
| 2 | प्रखण्ड नगर उँटारी अन्तर्गत पर्यटन स्थल राजा पहाडी मंदिर में सामुदायिक शौचालय का निर्माण। | ₹ 10,05,300/- | ₹ 20,200/- | ₹ 2500/- | 1 माह |

परिमाण विपत्र की शर्तें:– परिमाण विपत्र क्रय हेतु बैंक ड्राफ्ट और आवेदन पत्र प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग देना होगा, आचरण स्वच्छता (उपायुक्त द्वारा निर्गत आचरण स्वच्छता एक वर्ष के लिए वैधता होना अनिवार्य है) PAN, GST Return File Latest, पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक का हीं डी0डी0/बी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.319323 Building Dept Circle - 2(23-24):D

## संक्षिप्त समाचार

### शिवनंदन सिंह दांगी मेमोरियल प्रतियोगिता परीक्षा का पुरस्कार वितरण

**मैगरा।** समाजवादी नेता शिवनंदन सिंह दांगी उर्फ बिहार सरकार मेमोरियल प्रतियोगिता परीक्षा का पुरस्कार वितरण गुरुवार को मध्य विद्यालय, पोखरपुर में किया गया। समाजवादी चिंतक मिथिलेश सिंह दांगी ने कहा कि शिवनंदन बाबू मरकर भी जिंदा हैं और हमलोग जिंदा होकर मरे हुए हैं। श्री दांगी ने प्रतियोगी छात्रों से कहा कि आप सब देश के भविष्य हैं। मन लगाकर पढ़ाई कर क्षेत्र का नाम रौशन करें। प्रतियोगिता में वर्ग 10 में मो. नसीर अली, वर्ग नौ में साधना कुमारी, वर्ग आठ में शिवानी कुमारी, वर्ग सात में प्रियांशु कुमारी, वर्ग छह में विकास कुमार और वर्ग पांच में श्रीकांत कुमार को प्रथम पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं बालक वर्ग में सबसे ज्यादा अंक लाने वाले टॉपर शिवम कुमार और बालिका वर्ग में सबसे ज्यादा अंक लाने वाली चांदनी कुमारी को चैंपियन का पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर महुड़ी पंचायत की मुखिया निर्मला कुमारी, सरपंच रामबलि पासवान, नागेंद्र दांगी, प्रेम प्रकाश, विकास कुमार दांगी, गुप्तेश्वर ठाकुर, अनुज कुमार दांगी, मृत्यंजय कुमार उर्फ सरदार जी, अमरेंद्र कुमार दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

### एबीवीपी की बैठक में परिसर चलो अभियान पर हुई चर्चा

**गया।** शहर के शाहमीर तक्या स्थित पंजाबी धर्मशाला में गुरुवार को एबीवीपी की जिला समीक्षा योजना की बैठक हुई। स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक शुरू की गई। इसमें मुख्य रुप से अभाविप बिहार-झारखंड के क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन जी मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक व रचनात्मक कार्यों और संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद के परिसर चलो अभियान कार्यक्रम के माध्यम से परिसर में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाकर शिक्षण व्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है। मौके पर पशुपतिनाथ उपमन्यु, मंतोष सुमन, सुरज सिंह, राजीव रंजन आदि थे।

### सड़क हादसे में एक घायल

**मानपुर।** चंदौती थाना अंतर्गत कुकरा बीथो मार्ग पर तेज रफ्तार बोलेरो ने सामने से आ रही बाइक सवार को ठोकर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। युवक की पहचान खरखुरा निवासी 22वर्षीय गोलू पासवान के रूप में हुई।प्रत्यक्षदर्शियो की माने तो जिला प्रशासन लिखा हुआ बोलेरो का टायर ब्लास्ट हो गया और बाइक को अपने चपेट में ले लिया।

### सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत छात्रों में पाठ्य सामग्री का वितरण

**मैगरा।** अति नक्सल प्रभावित छकरबंधा थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ 159 बटालियन के कमांडेंट कुमार मयंक के दिशा-निर्देश पर सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत विशेष शिविर लगाकर पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल बैग तथा स्टेशनरी सामान का वितरण किया गया। छकरबंधा कैंप के सहायक कमांडेंट हिमाद्री शिखर बागची ने बताया कि सिविक एक्शन प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा बलों और आम जनता के बीच के फासला को कम कर मधुर संबंध को विकसित करना है। नक्सलियों के खौफ और दहशत के कारण इस क्षेत्र में स्थानीय लोगों में भय और डर का माहौल था परंतु सीआरपीएफ कैंप लगने के बाद क्षेत्र में विकास संबंधित कार्य में तेजी आई है।

### 43 किसानों के बीच मैनुअल कृषि यंत्र वितरण

**अस्थावां।** प्रखंड कृषि कार्यालय में शुक्रवार को 43 किसानों के बीच मैनुअल कृषि यंत्र का वितरण किया गया। कृषि पदाधिकारी विनोद रविदास ने बताया कि जिन किसानों का परमिट निर्गत हुआ था, उन्हें कृषि विभाग द्वारा किट का वितरण किया गया। बता दें कि कृषि यंत्र के लिए किसानों द्वारा ऑनलाइन निबंधन किया गया था। जिसमें सब्सिडी के आधार पर 200 रुपए प्रति किसान को देना है। जिसमें 43 किसानों को खुरपी, पसनी तथा कुदाल किट के माध्यम से दिया गया। इस मौके पर राकेश रोशन, नीलम कुमारी, रश्मि कुमारी, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए आज तक रजिस्ट्रेशन


**हरनौत।** प्रखंड परिसर स्थित बिहार पंचायती राज कार्यालय में शुक्रवार को बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उमेश कुमार ने की। उन्होंने उपस्थित मुखिया, पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक को पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी। बताया कि सभी मुखिया 17 फरवरी यानि शनिवार तक पीएम विश्वकर्मा योजना के पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें। यह अति आवश्यक है। क्योंकि जो भी लाभुक योजना के लिए ऑनलाइन प्रपत्र भरेंगे तो उसकी स्वीकृति संबंधित पंचायत के मुखिया ही करेंगे। बीपीआरओ ने बताया कि योजना के लाभ के लिए 18 कैटेगरी बनाई गई है। इसमें बढ़ई, लोहार, सोनार आदि सभी तरह के कामगार शामिल किये गये हैं। वे सभी इस योजना का लाभ ले सकते हैं। बैठक में मुखिया हरिनारायण सिंह, सीता देवी, अशोक रजक, अनिल ठाकुर व अन्य शामिल थे।

### बैंक ऑफ इंडिया ने बीटीएमसी को नोट गिनने की दी मशीन



**बोधगया।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा महाबोधि मंदिर ( बीटीएमसी) को शुक्रवार को 01 अदद नोट काउंटिंग मशीन डोनेट किया गया। बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर बोधगया संतोष कुमार, मैनेजर मार्केटिंग जोनल ऑफिस सुजीत कुमार एवं मैनेजर मनीष कुमार द्वारा संयुक्त रूप से उक्त नोट काउंटिंग मशीन को सचिव बीटीएमसी डॉ० महाश्वेता महारथी एवं चीफ मोंक महाबोधि मंदिर भंते चालिन्दा को सुपुर्द किया गया।

### तालाब में मूर्ति विसर्जन का पैसा निकालने के लिए गए युवक की डूबने से हुई मौत



**गया।** कोतवाली थाना क्षेत्र के रामशिला के सामने शुक्रवार की देर शाम एक युवक की तालाब में डूबकर मौत हो गई। बताया गया कि युवक तालाब में हो रहे सरस्वती पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन के दौरान फेंके गए पैसा निकालने गया था। सूचना पर एसडीआरएफ टीम तालाब से शव निकालने में जुटी है। मृतक की पहचान पहासवर निवासी रंजीत डोम के रूप में हुई है। कोतवाली थानाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शाम से ही इस तालाब में मूर्तियों का विसर्जन किया जा रहा है। लोग माता सरस्वती जी की मूर्ति पर पैसे चढ़ा रहे थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक वही पैसा निकालने के लिए रंजीत भी तालाब में उतारा था, जिसकी गहरे पानी में डूबकर मौत हो गई है। शव निकालने में एसडीआरएफ की टीम जुटी है।

# गयाजी डैम के पानी को शुद्ध रखने के लिए गोवा के विशेषज्ञों की टीम ने की अध्यन

निज संवाददाता। गया



कलेक्ट्रेट के सभागार में शुक्रवार को बिहार सरकार द्वारा जिले में क्रियान्वित कई योजनाओं के वर्तमान प्रगति की समीक्षा की गई और कई आवश्यक निर्देश दिए गए। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बैठक की अध्यक्षता की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि जिले में बड़े पैमाने पर संरचनाओं का निर्माण हुआ है, उसका संरक्षण हर हाल में आवश्यक है। पूर्व में हृदय योजना के तहत कई प्रकार की संरचनाओं का निर्माण हुआ है। उन्हें मेंटेनेंस करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अब सालों भर तीर्थ यात्री तर्पण करने गयाजी आते रहते हैं इस वर्ष पितृपक्ष मेला में राज्य सरकार व डीएम के कुशल नेतृत्व में काफी सफलतापूर्वक मेला संपन्न कराया गया। जिसका आज परिणाम है कि पूरे विश्व में पितृपक्ष मेला के शानदार आयोजन की तारीफ हो रही है। उन्होंने कहा कि गयाजी डैम को स्वच्छ व निर्मल बनाए रखने को हम सभी संकल्पित हैं। जिस तरह हरिद्वार में नेट के माध्यम से पानी को साफ किया जाता है उसी प्रकार गया जी डैम में भी तर्पण की सामग्री को नेट के माध्यम से छानने का कार्य किया जा सकता है ताकि पानी स्वच्छ रह सके। कहा कि पानी की बेहतर सफाई व्यवस्था करने की आवश्यकता है। गोवा से पहुंचे विशेषज्ञों ने डैम की स्टडी की डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने मंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि गयाजी डैम के पानी को शुद्ध रखने के लिए गोवा से एक्सपर्ट्स को बुलाकर स्टडी कराई गई है। इसपर जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग संयुक्त रूप से काम कर रहा है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बड़ी-बड़ी योजनाओं पर काम कर रही है। जिला प्रशासन व संबंधित विभाग का दायित्व है कि छोटे-छोटे कार्यों को भी देखते रहें। उन्होंने कहा कि रोपवे का निर्माण काफी तेजी से जिले में करवाया जा रहा है। कहा कि रोपवे के नजदीक संपर्क पथ, आवासन व्यवस्था, टॉयलेट इत्यादि के निर्माण की आवश्यकता है। देवघाट से संगत घाट होते हुए गायत्री घाट, हनुमान घाट होते हुए पिता महेश्वर व सीढियां घाट, महादेव घाट तक स्मार्ट रोड नेटवर्क के तहत पाथवे का निर्माण करवाया जाएगा। घाट बनाने के दौरान यह ध्यान रखा जाएगा कि नाला की ऊंचाई घाट से नीचे रहे। कहा कि बुडको से समन्वय स्थापित कर नाला का निर्माण हो। मंत्री ने नगर निगम को निर्देश दिया कि सार्वजनिक स्थल पर कचरा को डंप ना करें। शहर से दूर वन विभाग के जंगल क्षेत्र में डंपिंग करवाने पर विचार करते हुए इसके लिए स्थल चिह्नित करें।

## गोलीबारी में घायल से मिलने पहुंचे मांझी, 10 अपराधियों ने दंपती पर की थी फायरिंग



निज संवाददाता। गया

गया जिले के इमामगंज विधानसभा के विधायक सह हम सेक्युलर के संरक्षक सह बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी आज मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल पहुंचे और पीड़ितों से मिलकर संत्वना दी। गुरुवार की रात डुमरिया प्रखंड के सिंघौता गांव में गोलीबारी की घटना में गंभीर अवस्था में घायल सुरेंद्र प्रसाद की पत्नी कूलन देवी की गोली लगने से मौत हो गई थी। इसको लेकर सत्येंद्र प्रसाद और उनके बेटे से मिलने मांझी पहुंचे। उन्होंने जल्द दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। मदद का आश्वासन भी दिया। इमामगंज विधानसभा के डुमरिया के सिघौंता गांव में गुरुवार को दस की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें सतेन्द्र प्रसाद और उनकी पत्नी कूलन देवी को गोली लगी थी। जिसमें कूलन देवी की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि इस घटना में सत्येंद्र प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जीतन राम मांझी ने कहा कि घटना दुःखद है। हमारे इमामगंज विधानसभा के डुमरिया के सिघौंता गांव में अपराधियों ने गोलीबारी की है। अपराधियों की गोलीबारी से गांव के दंपती को गोली लगी जिसमें कूलन देवी की मौत हो गई। जबकि सतेन्द्र प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। पूर्व सीएम ने कहा गांव के दबंगों ने जमीन विवाद में सुरेंद्र प्रसाद को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की। उनके परिवार को भी निशाना बनाया। मामले को लेकर डीएम एसएसपी से दोषियों पर ठोस कार्रवाई करने की मांग की। प्रशासनिक स्तर पर जो भी मदद होगी वह की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नंदलाल मांझी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ प्रो. राधेश्याम प्रसाद, प्रदेश सचिव अनिल यादव, विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र दांगी,लोजपा नेता दिलीप सिंह, युवा जिलाध्यक्ष आयुष पासवान, उपाध्यक्ष सुधीर यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालत में महिला की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शुक्रवार की रात एक विवाहिता का शव पुलिस ने संदिग्ध हालत में बरामद की है। मामला हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनिया बीघा गांव का है। मृतका की पहचान नोनिया बीघा गांव निवासी संतोष पासवान की (27) वर्षीया पत्नी सुधा देवी के रूप में की गई है। मायके वाले दहेज की खातिर हत्या का आरोप ससुराली परिवार पर लगा रहे हैं। शव को परिजन, पुलिस की मदद से पोस्टमार्टम के लिए शनिवार की सुबह सदर अस्पताल लेकर पहुंचे।



**10 साल का बेटा बोला- मां की गला घोंट हत्या कर दीः** घटना के संबंध में मृतका के मायके वाले सोहसराय थाना क्षेत्र के लोहगानी निवासी सुधा देवी का भाई सोनेलाल कुमार ने बताया कि हमेशा ससुराली परिवार उनकी बहन को प्रताड़ित करने का काम कर रहा था। प्रेग्नेंसी के दौरान भी दीदी के ससुर ने उसके साथ मारपीट की थी। इसके पहले चूहे की दवा देकर हत्या का प्रयास किया गया था। इलाज के बाद वह ठीक हुई थी। पुलिस के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की उनकी बहन की मौत हो गई है। 10 साल के भांजे ने बताया कि वह छत पर सोया हुआ था तभी घर वालों ने उसकी मां की गला घोंट हत्या कर दी। और उसे ननिहाल के लोगों से मां की आत्महत्या करने के बात बताने को कहा गया। साल 2010 में सुधा की शादी संतोष पासवान से हुई थी। इस बीच 2 पुत्र और 2 पुत्री ने भी जन्म लिया। 3 माह पूर्व ही एक बेटा हुआ है। ससुराली परिवार 2 लाख रुपए की डिमांड कर रहा था। मायके वालों के द्वारा जब डिमांड पूरी नहीं की गई तो सुधा की गला घोंट हत्या कर दी गई। हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को बीती रात सूचना मिली कि एक महिला का शव घर में पड़ा हुआ है। इसके उपरांत पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त की गई। एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# 20 फरवरी को विधानसभा के समक्ष धरना-प्रदर्शन

निज संवाददाता। नालंदा




वित्त अनुदानित संबद्ध डिग्री महाविद्यालय की पूर्ववत मान्यता बहाल रखते हुए बकाया अनुदान का एकमुश्त भुगतान व अनुदान प्रक्रिया में बदलाव कर नियमित वेतनमान दिए जाने सहित 4 सूत्री मांगों को लेकर राज्य के 222 अनुदानित संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के लगभग 25 हजार शिक्षाकर्मी 20 फरवरी को विधान सभा के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ ( फैक्टनेब) के प्रधान संयोजक डॉ. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, राज्य संयोजक प्रो. राजीव रंजन, राज्य मीडिया प्रभारी प्रो. अरुण गौतम, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ. रामनरेश प्रसाद राज्य समिति के सदस्य प्रो. श्रवण कुमार, डॉ. पितृ कुमार, डॉ. मनीन्द्र कुमार, प्रो. सत्येन्द्र कुमार ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि बिहार राज्य शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी समन्वय समिति, पटना के आह्वान पर संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षाकर्मी सामूहिक अवकाश पर रहते हुए धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगे।

**ये है मांगेः** समन्वय समिति की चार सूत्री मांगों में महासचिव, एआईफुक्टो आदि के वेतन पर रोक संबंधी उच्च शिक्षा निदेशक की ओर से हस्ताक्षरित आदेशों को निरस्त करने, वित्त अनुदानित संबद्ध डिग्री महाविद्यालय, इण्टर कालेज और माध्यमिक विद्यालय को पूर्ववत मान्यता बहाल रखते हुए बकाए अनुदान का एकमुश्त भुगतान, अनुदान प्रक्रिया में बदलाव कर नियमित वेतनमान मिले, वेतन निर्धारण कोषांग की ओर से वेतन पर्ची निर्गत नहीं होने पर शिक्षकों, कर्मचारियों के वेतन में 25 प्रतिशत कटौती के आदेश को अविलंब वापस लेने और पूर्व की कटौती की राशि वापस करने का आदेश विश्वविद्यालयों को देने, विश्वविद्यालयों और अंगीभूत महाविद्यालयों में यूजीसी की ओर से घोषित चाईल्ड केयर लीव, एमफिल और पीएचडी, इन्क्रीमेंट की सुविधा लागू करते हुए वर्षों से लंबित तमाम बकाए और प्रोन्नति को शीघ्र पूरा करने और समय से वेतन व पेंशन के भुगतान की दिशा में कारगर कदम उठाए जाने की मांग शामिल है।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, ससुरालियों ने जलाया शव

**मायके वालों ने दामाद समेत ससुराल वालों पर दर्ज किया केस, पति और देवर गिरफ्तार**



निज संवाददाता। गया

गया के आंती थाना क्षेत्र के सिमरेहुआ गांव में एक विवाहिता की हत्या उसके पति और ससुराल वालों ने कर दी है। साक्ष्य छुपाने के इरादे से रात में ही उसके शव को जला दिया। इसकी जानकारी मिलते ही मृतिका के मायके वालों ने दामाद समेत ससुराल वालों पर हत्या का केस दर्ज कराया है। दर्ज केस के बाद आंती पुलिस ने पति और देवर को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इस संबंध में टिकारी डीएसपी ने बताया कि गुरुआ थाना क्षेत्र के राणापुर गांव की रहने वाली शांति देवी अपने पति कमलेश यादव के साथ 15 फ़रवरी को आंती थाना परिसर में पहुंची और लिखित आवेदन वहां रहे पुलिस पदाधिकारी को दिया है। आवेदन में पीड़िता ने आंती थानाध्यक्ष को बताया उनकी बेटी का पति एवं ससुराल वाले बिना किसी कारण के हमेशा मारपीट किया करते थे। आसपास के लोगों ने बताया कि उनकी बेटी को जला दिया गया। बताया कि इस दौरान 14 फरवरी की रात में उनके दामाद के द्वारा फोन कर बताया गया कि आपकी बेटी की तबीयत बहुत खराब है। आप लोग जल्दी से जल्दी आ जाइए, थोड़ी देर बाद दामाद ने दुबारा फ़ोन कर बोला कि आपकी बेटी की मौत हो गई है। बहुत रात होने की वजह से हम सब सुबह में जब बेटी के ससुराल पहुंचे तो ससुराल वाले उनकी बेटी को देखने नहीं दिए। इसी बीच आसपास के लोगों ने चुपके से बताया कि रात में ही आपकी बेटी को दामाद और ससुराल वालों ने जला दिया है। इस तरह की घटना को लेकर आंती थाने में कांड संख्या 18/24 दर्ज कर आगे का अनुसंधान जारी किया गया। **अन्य आरोपियों की लिए की जा रही छापेमारीः** घटना की जानकारी मिलने के बाद एसएसपी आशीष भारती ने इस कांड को काफी गंभीरता से लेते हुए इस कांड में शामिल मृतिका के हत्यारों की गिरफ्तार के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टेकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में आंती थाना के थाना अध्यक्ष एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया। उक्त गठित विशेष टीम ने इस कांड के प्राथमिकी अभियुक्त लालेश्वर यादव दूसरा बिनेश्वर यादव दोनों पिता सलीका यादव साकिन सिमरेहुआ थाना आंती जिला गया के रहने वाले को विशेष टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, घटना में शामिल अन्य आरोपियों की लिए छापेमारी की जा रही है।

# अधिकारियों को फोन पर धमकी और प्रलोभन देने वाला गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा




नालंदा की साइबर थाना की पुलिस ने पदाधिकारी को फोन कर धमकी और प्रलोभन देने के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। नालंदा एसपी अशोक मिश्रा ने मामले की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सिलाव अंचल के अंचलाधिकारी ने 14 फरवरी को साइबर थाना में एक मामला दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि अज्ञात नंबर से फोन कॉल कर खुद को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अतिरिक्त परामर्शी सह बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का सदस्य मनीष कुमार वर्मा बताया है और गलत म्यूटेशन और अन्य अनैतिक काम करने का दबाव बना रहा है। इस मामले में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

**पहले भी जेल जा चुका है अभियुक्तः** जांच के क्रम में यह पाया गया कि उक्त व्यक्ति ने बिहार के अनेक जिलास्तरीय, प्रखंडस्तरीय अधिकारियों, चिकित्सकों आदि को भी विभिन्न उद्देश्यों से कॉल किया। तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त को चिह्नित करते हुए गिरफ्तार किया। साथ ही इस कांड में प्रयुक्त मोबाइल फोन को भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त नालंदा के सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रृंगारहाट निवासी स्वर्गीय जगदीश प्रसाद का पुत्र बैजू कुमार है। एसपी अशोक मिश्रा ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि फोन कॉल एवं एसएमएस से प्राप्त सूचना का पहले सत्यापन करें, फिर आगे कदम बढ़ाएं।

## सहजानंद ब्रह्मर्षि कल्याण परिषद की बैठक संपन्न

निज संवाददाता। गया



स्वामी सहजानंद ब्रह्मर्षि कल्याण परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक कार्यालय के उद्घाटन समारोह की तैयारी के लिए की गई। मालूम हो कि इस नवनिर्मित संगठन के लिए एक कार्यालय खोलने का निर्णय सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक प्रस्ताव के जरिए लिया था। जानकारी देते हुए संगठन के सक्रिय सदस्य विनोद शर्मा ने बताया कि कार्यालय का उद्घाटन 23 फरवरी को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सूचना सभी सदस्यों को हाथोंहाथ और सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि इस संगठन की जरूरत सबसे अधिक सामाजिक स्तर पर है। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष मदन सिंह ने की। मौके पर ब्रजकिशोर सिंह, सत्येंद्र शर्मा, विनोद सिंह, जितेंद्र कुमार, रामेश्वर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अस्पताल से डॉक्टर थे नदारद, होगी जांच

**आरा।** असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी भोजपुर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोईलवर में चिकित्सक के अनुपस्थिति के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने के संबंध में अपर उपाधीक्षक सह सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गैर संचारी रोग, भोजपुर अपर उपाधीक्षक सह सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, संचारी रोग, भोजपुर को जांच के लिए पत्र निर्गत किया है। पत्र में कहा है कि 15फरवरी की रात्री में रोड एक्सीडेन्ट होने पर घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोईलवर में ले जाया गया था, किन्तु उस वक्त कोई चिकित्सक अस्पताल, में उपस्थित नहीं थे। एक आयुष चिकित्सक डयूटी पर उपस्थित थे। जबकि लगभग 6 चिकित्सक कोईलवर में पदस्थापित हैं।

### नदी घाटों पर मुस्तैद रही एसडीआरएफ

**आरा।** सुरक्षित तरीके से मूर्तियों को नदियों में विसर्जित करने के लिए जिले के सभी संवेदनशील नदी घाटों पर स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट फोर्स (एसडीआरएफ) मोटर बोट और अन्य बचाव उपकरणों के साथ तैनात रही। एसडीआरएफ के जिला मुख्यालय के इंस्पेक्टर सुबोध सिंह के निर्देशन पर सभी प्रमुख घाटों पर एसडीआरएफ के अधिकारी और जवान निगरानी करते रहे। विसर्जन जुलूस को सावधानीपूर्वक नदी में उतरने की सलाह और हिदायत देते रहे। इंस्पेक्टर सुबोध सिंह ने बताया कि यहां की एसडीआरएफ टीम बक्सर और रोहतास जिले में भी विसर्जन जुलूस में किसी अप्रिय घटना को रोकने और बचाव के लिए भेजी गई है। वहीं, बड़हरा में कई पूजा समितियों ने डीजे पर बजते द्विअर्थी व अश्लील गानों के साथ विसर्जन किया। हालांकि, कुछ समितियों द्वारा बजाये जा रहे डीजे पर रोक थाना ने जरूर लगाया। मगर डीजे का शोर व कोलाहल कम होने का नाम नहीं ले रहा था। डीजे की कर्कश धुन पर डांस करते युवकों की असभ्यता को लेकर सड़क से आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही थी।

### डॉ मेहरा पथ पर जलजमाव, नगर निगम फिर भी बेफिक्र

**आरा।** शहर के करमन टोला मुख्य पथ से डॉक्टर पी मेहरा रोड होकर सदर अस्पताल तक जाने वाला सड़क का बुरा हाल हो गया है। इस सड़क पर बराबर गंदे पानी का जमाव लगा रहता है। इस सड़क से आने-जाने वाले लोगों एवं मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जबकि इस सड़क से होकर सदर अस्पताल, लावारिस सेवा केंद्र, दो विद्यालय, बीमा कार्यालय, बड़ा आवासीय मुहल्ला व अन्य सरकारी-गैरसरकारी कार्यालय व दुकानें हैं। अस्पताल के कई अधिकारी भी रोजाना गुजरते हैं। लेकिन, नगर निगम की लापरवाही से में इस सड़क से होकर आने-जाने वाले लोगों को गंदे पानी से होकर ही गुजरना पड़ता है। इन्हीं सभी बातों को अवगत कराते हुए जागरूक नागरिक अधिकार मंच के संयोजक सह समाज सेवी अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि विकास के नाम पर केवल लूट मची है। लाचार रोगियों एवं लोगों की सुविधा पर किसी का ध्यान नहीं है। अगर ऐसी व्यवस्था रही तो हम सभी जागरूक नागरिक मिलकर सदर अस्पताल के मुख्य गेट पर धरना-प्रदर्शन करने पर उतारू हो जायेंगे। जिसकी जवाबदेही सदर अस्पताल के समस्त अधिकारियों की होगी।

### 19 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में होगा कैम्पस सेलेक्शन

**आरा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिहिया में आगामी 19 फरवरी को कैम्पस सेलेक्शन किया जाएगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ओम प्रकाश ने बताया की टाटा मोटर्स व सान्नद गुजरात के द्वारा व्यवसाय-फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मेकेनिक, टर्नर, मशीनीष्ट, वेल्डर, डीजल मेकेनिक समेत अन्य व्यवसाय के उत्तीर्ण महिला/पुरुष प्रशिक्षणार्थी के लिए कैम्पस सेलेक्शन का आयोजन किया जायेगा। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ आईटीआई मार्क्स सीट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दो पासपोर्ट फोटो लेकर आयेंगे। इसमें वैसे छात्र शामिल होगे जिनका मैट्रिक में 40 प्रतिशत और आईटीआई में 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हो।

### ट्रैक्टर ने स्कूल बस में मारा ठोकर, दो छात्रा घायल

**आरा।** अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जी-भारती प्राइवेट स्कूल के वाहन में ठोकर मार दी। जिससे स्कूल वाहन में सवार कक्षा- 6 और 5 की दो छात्रा घायल हो गईं। इलाज के लिए स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल लाया गया। दोनों का इलाज चल रहा है। घायल छात्राओं में ब्रजेश कुमार यादव की 6 वर्षीय पुत्री सृष्टि कुमारी और चंद्रदेव यादव की 5 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी है। स्कूल से 200 मीटर की दूरी पर ट्रैक्टर चालक ने ठोकर मारा।

### सक्षमता परीक्षा का विरोध करने पर 62 शिक्षकों से स्पष्टीकरण

**आरा।** सक्षमता परीक्षा का विरोध करने वाले 62 शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। 48 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने पर एक सप्ताह के वेतन कटौती करने की हिदायत दी गई है। शिक्षा विभाग ने यह कार्रवाई धरना प्रदर्शन में शामिल होने वाले शिक्षकों पर की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी अह सन ने बताया कि सक्षमता परीक्षा का बहिष्कार करने वाले शिक्षकों की पहचान कर ली गई है। 12 फरवरी को सभी शिक्षकों का अवकाश रद्द किया गया था। परन्तु आदेश का अवहेलना करते हुए धरना प्रदर्शन में कई शिक्षक शामिल हुए। विद्यालय छोड़कर इस प्रकार के धरने प्रदर्शन में शामिल होने से स्पष्ट होता है कि विद्यालय के शिक्षण कार्य में बाधा उत्पन्न हुई है। यह कृत्य शिक्षक के आदर्श आचरण के प्रतिकूल है जो कदापि स्वीकार्य नहीं है। 62 शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर शिक्षकों के एक सप्ताह के वेतन की कटौती करके कोषागार में जमा किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने 62 शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है। इनमें शिक्षक संजय कुमार सिंह, सुनील कुमार, कन्हैया प्रसाद, गोविंद कुमार, संजय कुमा, महेश रजक, राणाजी अभिषेक युधिष्ठिर पांडेय, सुनील कुमार, संजय कुमार, अखिलेश सिंह, संजीत कुमार, प्रेमजी, दुर्गावती देवी, शशि कुमार सिंह, मो अख्तर अली, सरफराज अंसारी, तौफिक, मुस्ताक आलम, राजन ओझा, धनन्जय कुमार, ललन सिंह, जयमंगल प्रसाद, राज कुमार, रविंद्र प्रसाद, रीता कुमारी, उषा कुमारी आदि शामिल हैं।

### कोईलवर में आज छह घंटे रहेगी बिजली बाधित

**कोईलवर।** आज शनिवार को चांदी चौक से नारबीरपुर तक बिजली का रेल पोल शिफ्टिंग कार्य किया जाएगा। इसे लेकर बहियारा पावर ग्रिड से दिन में 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान चांदी क्षेत्र के 10 गांव की विद्युत सेवा बाधित रहेगी। इसमें बहियारा, चांदी, नारबीरपुर, भदवर, अम्बा नरबीरपुर, खानगांव, रूपचकिया, हरदास टोला, भैरो टोला शामिल हैं।

### पूर्व प्राचार्य के निधन पर शोकसभा, श्रद्धांजलि दी

**बक्सर।** एमवी कॉलेज बक्सर के प्रधानाचार्य कक्ष में सुबह 7 बजे पूर्व प्रधानाचार्य एस. एन.लाल जी के असामयिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई साथ ही उनके परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### किसानों के समर्थन में आशा ने किया प्रदर्शन

**बक्सर।** केंद्रीय श्रमिक संगठन व अखिल भारतीय फेडरेशन के संयुक्त आह्वान पर शुक्रवार को देशव्यापी हड़ताल में जिला के आशा एवं आशा फैसिलिटेटर ने सदर प्रखंड परिसर में प्रदर्शन कर विरोध जताया। जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में अपनी मांगों की पूर्ति व किसानों की मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। जिला संयोजक सह राज्य उपाध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने कहा कि एक तरफ केंद्र की सरकार 80 करोड़ गरीबों को 5 किलो राशन देने का दम भरती है। उन गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकलने का उपाय नहीं किए गए। महंगाई चरम पर है प्रदर्शन करने पर रोक लगाई जा रही है।

# मूर्ति विसर्जन में डीजे बजाने को लेकर मारपीट, युवक के जांघ में मारी गोली

निज संवाददाता। बक्सर





बक्सर में सरस्वती पूजा में विसर्जन के दौरान अरक गांव में गाना बजाने को लेकर हुए विवाद में पूजा समिति के दो सदस्य आपस में भिड़ गए। जहां एक सदस्य ने दूसरे के उपर फायरिंग कर दी। घटना गांव के ही बिंद टोली के पास की है। घटना की जानकारी के बाद परिजनों ने उसे डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि अभी पुलिस को FIR के लिए आवेदन नही मिला है।

**गाना बजाने को लेकर हुआ विवादः** मिली जानकारी के मुताबिक अरक गांव में मूर्ति विसर्जन किया जा रहा था। गांव के ही बिंद टोली के पास दो युवकों के गुट डीजे पर अपनी डिमांड का गाना बजाने को आपस में भिंड़ गए। पहले मारपीट करने लगे इसी दौरान एक युवक के द्वारा गोली चला दी गई। गोली स्थानीय गांव के ही रवि कुमार सिंह पिता सत्येंद्र सिंह को जा लगी। जिसके बाद अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। जिसके बाद घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने युवक को तत्काल इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि गोली युवक के जांघ में लगी है। हालांकि हालत खतरे से बाहर है। घटना की सूचना मिलते ही डुमरांव एसडीपीओ आफाक अख्तर अंसारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस पीड़ित से पूछताछ के आधार पर जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष द्वारा आवेदन मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पूजा समितियों से भी पूछताछ के बाद आगे को कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा, अब तक 57 परीक्षार्थी निष्कासित



निज संवाददाता, पटना

बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा का आज तीसरा दिन है। पहली और दूसरी पाली में द्वितीय भारतीय भाषा के तहत विभिन्न विषयों जैसे संस्कृत, अरबी, फारसी, भोजपुरी विषय की परीक्षा है। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू हो गई है। यह शाम 5:15 बजे तक चलेगी। पहली पाली की परीक्षा दोपहर 12:45 बजे खत्म हुई। यह सुबह 9:30 बजे से शुरू हुई थी। सभी परीक्षार्थियों की पूरी चेकिंग करने के बाद ही उन्हें अंदर एंट्री दी गई। जूता-मोजा पहनकर आने पर भी मनाही है।

**57 छात्र-छात्राओं को किया जा चुका निष्कासितः** बिहार बोर्ड मैट्रिक वार्षिक परीक्षा में अबतक कुल 57 छात्र-छात्राओं को निष्कासित किया जा चुका है। पहले दिन 24 परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया है। इसमें सबसे ज्यादा भोजपुर से 9, नालंदा, वैशाली, जहानाबाद से 1, सारण 3, मधेपुरा और जमुई के 2 छात्र शामिल थें। वहीं, दूसरे दिन कुल 33 छात्र-छात्राओं को निष्कासित किया गया। इसमें सबसे ज्यादा नालंदा के 7 छात्र शामिल थे। इसके अलावा भोजपुर और नवादा के 4, जहानाबाद 5, गोपालगंज 6, सारण 2, बक्सर, अरवल और जमुई के 1 छात्र शामिल थे। परीक्षा के दूसरे दिन पटना के देवीपद चौधरी (मिलर) इंटर स्कूल में समिति द्वारा मैट्रिक परीक्षा के संचालन के संबंध में जारी निर्देशों के अनुपालन में लापरवाही पाई गई। परीक्षा समिति के आदेश का अनुपालन नहीं करने के आरोप में पांच साल के लिए केंद्राधीक्षक और मूल्यांकन निदेशक को ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है।

# नर्सिंग, पैरामेडिकल और मैनेजमेंट कोर्स में नामांकन के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा 25 को



निज संवाददाता। बक्सर

वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस', पटना के द्वारा संचालित संस्थानों वर्मा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस तथा मोना स्कूल ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में संचालित पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए छात्रवृति परीक्षा 25 फरवरी को होगा। संस्थान के अध्यक्ष श्री डीके सिंह ने बताया कि सभी महाविद्यालय सभी सक्षम प्राधिकार से मान्यता प्राप्त है। छात्रवृति परीक्षा के लिए 23 फरवरी तक संस्था के वेबसाइट www. varmafoundation. com पर आवेदन फॉर्म ऑनलाइन भरा जाएगा और सभी संस्थानों के कार्यालय में हार्ड कॉपी के माध्यम से भी आवेदन फॉर्म जमा लिए जाएंगे। आवेदन फॉर्म शुल्क 200 रुपये होंगे। प्रवेश पत्र निर्गत करने की अंतिम तिथि 24 फरवरी है। 25.02.2024 को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा आरा, बक्सर, भभुआ, सासाराम जिलों में आयोजित की जाएगी। जो छात्र-छात्राएं प्रथम स्थान पर आएंगे उन्हे 100 प्रतिशत संस्थान की ट्यूशन फीस में छूट दिया जाएगा और द्वितीय स्थान पर जो छात्र-छात्राएंआएंगे उन्हें 75 प्रतिशत और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगा।

# दूसरे दिन 398 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

निज संवाददाता। बक्सर



मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन दोनों पालियों में गणित विषय की परीक्षा ली गई। जिला में बनाए गये सभी 28 परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न हुई। निर्धारित समय के बाद परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के प्रवेश निषेध कर दिया गया है। इसका असर है कि समय से एक घंटा पहले यानी 8.30 बजे सुबह से ही केंद्रों पर छात्र-छात्राओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। केंद्र पर पहुंचने के बाद सबसे पहले सीट प्लानिंग देखने में परीक्षार्थी व्यस्त दिखे। रौल नंबर के हिसाब से कितने नंबर के कमरे में जाना है इसको लेकर वे अश्वस्त हो जा रहे थे। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अच्छी खासी भीड़ जमा हो जा रही है। केंद्र में प्रवेश होने के बाद वहां मौजूद दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी वहां से भीड़ को हटा दे रहे थे। मौजूद अधिकारी केंद्र पर लगे धारा 144 की निषेधाज्ञा का पालन कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। अनुपस्थित रहे 398, 1 निष्कासित मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन में 398 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में कुल छात्र की संख्या 15034 थी। इसमें 14824 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे और 210 अनुपस्थित रहे। पहली पाली में किसी भी सेंटर से एक भी परीक्षार्थी के निष्कासित होने की सूचना नहीं है। इसी तरह से दूसरी पाली में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 15250 थी, जिसमें 15061 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 188 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं एक केंद्र से एक छात्र का निष्कासन किया गया।

# विभिन्न मांगों को ले कर्मचारी संगठनों ने किया प्रदर्शन

निज संवाददाता। बक्सर




विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ और गोप गुट ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार विरोधी नारे भी लगाए। संगठन के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर डीएम को मांग पत्र सौंपा। राज्य संगठन के निर्देश पर बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के निर्देश पर जिला कमेटी ने विभिन्न मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। कर्मचारी संगठन के जिला सचिव महेन्द्र प्रसाद ने बताया कि समान काम का समान वेतन, पुरानी पेंशन नीति लागु करने, ठेका, संविदा और आउटसोर्स को समाप्त करने, 1 जनवरी 2016 से पुनरीक्षित वेतनमान एवं एमएसीपी का लाभ समेत कई मांगों को रखा गया। संगठन के कर्मियों ने पुराना सदर अस्पताल परिसर से कलेक्ट्रेट तक विरोध-प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने डीएम के मांग पत्र सौंपा। वहीं बिहार चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ के निर्देश पर जिलाध्यक्ष मंत्री आनंद सिंह के नेतृत्व में सदर अस्पताल में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए 23 सुत्री मांगों को रखा गया। एनएसपी समाप्त कर सभी को पुराना पेंशन, संविदा अवधि की गणना, पेंशन प्रोन्नति के लिए करने, फार्मासिस्टों को पुराना पेंशन देने, नियमित टीकाकरण करने वाली एएनएम को न्यूनतम 26 हजार रुपए मानदेय, रिक्त पदों पर अविलम्ब नियुक्ति, निजी नर्सिंग होम में होने वाले उपचार का शुल्क सरकारी स्तर पर करने, समय से वेतन और मानदेय का भुगतान, पारा मेडिकल कौंसिल का गठन कर पारा मेडिकल के छात्रों को समय पर परीक्षा, परीक्षाफल का प्रकाशन, शिक्षण-प्रशिक्षण एवं छात्रावास समेत 23 मांगों को रखा गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को नहीं मानी जाती समय-समय पर विरोध-प्रदर्शन होता रहेगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान संगठन के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी किया।

# तीन स्टेशनों को मिली नई ट्रेनें

निज संवाददाता। आरा



यात्रियों की सुविधा को देखते हुए गाड़ी सं. 11427/11428 पुणे-जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस का नवादा स्टेशन और गाड़ी सं. 03275/03276 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट और गाड़ी सं. 03269/03270 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का नीमा हॉल्ट पर प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान किया गया है। जिसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी है। दानापुर मंडल के किउल-गया रेलखंड के नवादा स्टेशन पर दिनांक 24.02.2024 से गाड़ी सं. 11427 पुणे-जसीडीह एक्सप्रेस का 10.55/10.56 बजे और दिनांक 25.02.2024 से गाड़ी सं. 11428 जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस का 23.35/23.36 बजे ठहराव प्रदान किया गया है।

**पटना-गया रेलखंड के छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट पर ठहरावः** दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट पर गाड़ी सं. 03276 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का दिनांक 20.02.2024 से 14.08/14.09 बजे और गाड़ी सं. 03275 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल का दिनांक 21.02.2024 से 10.11/10.12 बजे ठहराव प्रदान किया गया है। इसी तरह दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के नीमा हॉल्ट पर दिनांक 20.02.2024 से गाड़ी सं. 03270 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का 12.50/12.51 बजे और गाड़ी सं. 03269 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल का 15.11/15.12 बजे ठहराव प्रदान किया गया है।

# छह घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड के बहियारा फीडर से छह घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद रहेगी। आज 17 फरवरी दिन शनिवार की सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जेई प्रभात कुमार ने बताया की चांदी चौक से नरबीरपुर गांव तक 33 केवीए का रेल पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण बहियारा फीडर से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। साथ ही इस क्षेत्र के सभी पोल व जर्जर तार की भी मरम्मत की जाएगी ताकि बिजली उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो।



**इन इलाकों में बिजली बाधित रहेगीः** उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए होने वाली परेशानी को लेकर खेद प्रकट करते हुए जेई ने कहा की काम खत्म होने के साथ जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की जाएगी । बहियारा,चांदी, नरबीरपुर,भदवर, अम्बा नरबीरपुर, खनगाँव, रुपचकिया, हरदासटोला, भैरो टोला समेत दस गांव और आसपास के क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# किसानों ने बक्सर-सासाराम और कैमूर स्टेट हाइवे किया जाम

## वाहनों की लंबी कतार लगी, हाथ में तिरंगा लिए अपनी मांगों को लेकर खड़े हैं

निज संवाददाता। बक्सर



किसानों ने दोपहर में बक्सर-सासाराम और बक्सर-कैमूर मार्ग को अखौरीपुर गोला तिराहा को जाम कर दिया है, जिसके कारण तिराहा के तीनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है। इस दौरान दुकानदारों से भी अपनी दुकान बंद रखने की अपील की है। किसानों द्वारा बताया गया कि शाम चार बजे के बाद ही स्टेट हाईवे का जाम हटेगा। हालांकि चक्का जाम के दौरान परीक्षार्थी एम्बुलेंस, मृत्यु, समेत आपातकालीन सेवाओं को रास्ता देने का बार-बार अनाउंस किया जा रहा है। दिल्ली बॉर्डर के पास पहुंचने वाले किसानों को रोकने के प्रयास के बाद संयुक्त किसान मोर्चा पूरे भारत में मनरेगा और सब्जी की दुकान लगाने वाले किसानों को अपनी दुकान न लगाने के साथ 12 से 4 बजे तक चक्का जाम का आह्वान किया था। चौसा थर्मल पावर प्रभावित किसान भी हाथ में तिरंगा लिए प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा के बैनर तले अखौरीपुर तिराहा को जाम कर दिया है। बता दें कि यहां के किसान भी अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर 16 महीने से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, दिल्ली सीमा के पहुंचे किसानों की जो मांग है जैसे पेंशन, फसलों के लिए एमएसपी, पुरानी पेंशन योजना को लागू करने और श्रम कानूनों में संशोधन को वापस लेने समेत अन्य मांगों को किसानों द्वारा समर्थन कर चक्का जाम किया गया है। जाम की सूचना पर पहुंची मुफस्सिल थाना की पुलिस समझाकर हटाने के प्रयास में लगी है। चक्का जाम कर बैठे किसान रामप्रवेश यादव ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा ने दिल्ली में जाम किया था।उनके पूरे भारत में ग्रामीण बंद के आह्वान पर हम लोगों के संगठन ने भी चक्का जाम किया है। सरकार किसानो की जल्द मांग पूरी करे नहीं तो आंदोलन और तेज होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पिता-पुत्र की हत्या के तीसरे दिन चौक की दुकानें रहीं बंद

**मुजफ्फरपुर/देवरियाकोठी, एजेंसी।** पारू थाना के मंगुरहिया चौक पर पिता-पुत्र की हत्या के तीसरे दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। घटना के विरोध में चौक की दुकानें भी बंद हैं। चौक पर दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। मार्ग से आने-जाने वाले राहगीर एक नजर नवनिर्मित मिठाई दुकान की ओर झांक कर चल देते थे। घटना के बाद से दुकानदारों में भय बना हुआ है। हीरापुर, गोसाई टोला, टरवां, मझौलिया सहित आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि अनिल यादव बड़े नेक लोग थे। उनके बेटे विराट कुमार को तो हमलोग तो पहचानते तक नहीं थे। थानाध्यक्ष मोनू कुमार ने बताया कि हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। शीघ्र ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि मंगलवार की रात करीब ढाई बजे बाइक सवार बदमाशों ने पिता-पुत्र को गोलियों से भून दिया था।

### डूबने से युवक की मौत, एसकेएमसीएच में हंगामा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अहियापुर थाना के दादर में शुक्रवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक नदी में डूब गया। एसडीएफ और स्थानीय मछुआरे की मदद से उसे नदी से निकाला गया। युवक की पहचान अहियापुर थाने क्षेत्र के बैरिया निवासी अभिजीत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक को इलाज के लिए एसकेएमसीएच भेजा। एसकेएमसीएच में डॉक्टर ने ईसीजी कराई, जिसके बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। इमरजेंसी में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी के साथ गाली गलौज और हाथापाई शुरू कर दी। इससे अफरा-तफरी मच गई। युवक को जानबूझ कर मृत घोषित करने का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। बीच बचाव और समझाने पहुंचे कर्मियों के साथ भी मारपीट और दुर्व्यवहार किया। इसके बाद जिंदा होने की आस में युवक को लेकर निजी अस्पताल जाने लगे। इस दौरान बल पुर्वक सरकारी एंबुलेंस पर शव को रख निजी अस्पताल ले गए। बैरिया में चालक कुंदन कुमार की जम कर पिटाई कर दी दिया। ऑक्सीजन सिलेंडर भी एंबुलेंस से निकाल लिया। करीब तीन दर्जन से अधिक युवकों ने एक घंटे से अधिक समय तक इमर्जेंसी में बवाल काटा। इस बीच पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

### मरीजों का इलाज करने पर ही बनेगी डॉक्टर की हाजिरी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सरकारी अस्पतालों में बिना ड्यूटी किए हाजिरी बनाना अब डॉक्टरों के लिए मुश्किल हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इसपर शिकंजा कसा है। सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों की हाजिरी अब मरीजों के इलाज करने पर ही बनेगी। सदर अस्पताल से लेकर पीएचसी तक के डॉक्टर अब मरीजों का इलाज इंटीग्रेटेड हेल्थ सिस्टम पर करेंगे। इस बाबत स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने सिविल सर्जन को निर्देश जारी किया है। इसमें बताया गया है कि ओपीडी में सुबह नौ बजे से पूर्व ही डॉक्टर को मरीजों का इलाज इंटीग्रेटेड हेल्थ सिस्टम पर करना है। इसके बाद ही उनकी अस्पताल में उपस्थिति मानी जाएगी। मरीजों का इलाज किए बगैर केवल खानापूर्ति करने पर वे अनुपस्थित माने जाएंगे। सिविल सर्जन डॉ. ज्ञानशंकर ने बताया कि इसे लागू करने का आदेश जारी किया गया है। मरीजों का इलाज ऑनलाइन करने को कहा गया है। सिस्टम पर इलाज किए जाने पर यह दिखता है कि चिकित्सक ने मरीजों का इलाज कितने बजे किया, किस बीमारी से ग्रसित मरीज का इलाज किया, मरीज को कौन-कौन सी दवाएं दी गई हैं। इंटीग्रेटेड हेल्थ सिस्टम के माध्यम से इलाज करने पर काफी पारदर्शिता आएगी। मरीजों का इलाज करने में कई डॉक्टर लापरवाही बरतते हैं। इसको लेकर पूर्व में भी 186 डॉक्टरों को शोकॉज किया गया था। इसमें पूछा गया था कि बीते 15 दिनों में एक भी मरीजों का इलाज क्यों नहीं किया है? शोकॉज के जवाब में डॉक्टरों ने बताया था कि कई पीएचसी में इंटीग्रेटेड हेल्थ सिस्टम काम नहीं कर रहा है।

### भूमिहीनों को जमीन दिलाने के लिए निष्ठा से काम करेंगे

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा की जिला इकाई द्वारा शुक्रवार को माड़ीपुर में सम्मान सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री डॉ. संतोष सुमन का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि भूमिहीनों को जमीन दिलाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। गरीबों का इलाज, उच्च शिक्षा व आगे बढ़ने का अवसर दिलाने को हरसंभव प्रयास करेंगे। हम के प्रदेश उपाध्यक्ष संजर आलम ने मुजफ्फरपुर को आईटी हब बनाने की मांग करते हुए कहा कि गरीबों के आवाज जीतन राम मांझी का प्रथम उद्येश्य हर स्तर पर गरीबों का उत्थान करना है। कार्यक्रम में जदयू जिलाध्यक्ष रामबाबू कुशवाहा, लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष चुलबुल शाही, हम के जिलाध्यक्ष संजय पासवान के अलावा स्नेहलता पांडे, मेवा लाल यादव, रीना सिंह, मो. कमालुद्दीन, रत्नेश पटेल, नौशाद आलम, वसंत मांझी, अमित कुमार, मुकेश पाठक, रेखा देवी, आरके दत्ता व अन्य मौजूद थे।

# नीतीश के जाने के बाद आरजेडी के विधायकों को फायदा, बीजेपी-जदयू के एमएलए को मिल सकती है निराशा

**पटना, एजेंसी। विधानसभा से लोकसभा की यात्रा इसबार कठिन है। हरेक लोकसभा चुनाव में कुछ विधायक उम्मीदवार बनते हैं। उनमें से कुछ लोकसभा पहुंच भी जाते हैं, लेकिन इस बार कोई दल अपने विधायक को लोकसभा उम्मीदवार बनाने के पक्ष में नहीं है। क्योंकि सत्तारूढ़ राजग के पास सत्ता बचा कर रखने लायक ही विधायक हैं। उधर महागठबंधन अब भी इस उम्मीद में है कि अवसर मिला तो एक बार और सरकार गिराने का प्रयास करेंगे।**




हां, चुनाव लड़ने के इच्छुक विधायकों के लिए दूसरे दल का दरवाजा जरूर खुला है। सबसे अधिक संभावना महागठबंधन में है। राजग में जदयू के निकलने के बाद महागठबंधन में लोकसभा उम्मीदवारों के लिए अच्छी रिक्ति हो गई है। विश्वासमत के विरोध में मतदान करने के लिए राजग के विधायकों को लोकसभा चुनाव में टिकट देने के प्रस्ताव की चर्चा खूब हुई थी। चर्चा भले ही समाप्त हो गई हो, लेकिन प्रस्ताव यथावत है।

इसके तहत राजग विधायकों के लिए लोकसभा की 10 सीटों का प्रबंध था। भाजपा विधायकों के लिए वाल्मीकिनगर, मोतिहारी, मधुबनी और जदयू विधायकों के लिए नवादा, खगड़िया, बांका, भागलपुर, सीतामढ़ी, पूर्णिया आदि लोकसभा सीटों का प्रस्ताव दिया गया था। ये सब ऐसी सीटें हैं जिनपर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा-जदयू-लोजपा की जीत हुई थी।

ऐसी सुविधा राजग के घटक दलों के पास नहीं है। जदयू के राजग से जुड़ने के बाद लोकसभा की 40 में से 39 के वर्तमान सांसद एकसाथ आ गए हैं। बदलाव यह आया कि 2019 के राजग की तुलना में इस समय दो नए दल हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक जनता दल राजग से जुड़ गए हैं। इन दोनों के लिए सीट निकालना ही नेतृत्व के लिए बड़ी चुनौती है। वर्तमान सांसदों का टिकट कटे, तभी नए उम्मीदवारों के लिए संभावना बन सकती है। दूसरा पहलू यह है कि हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के चार विधायकों पर सरकार की निर्भरता भी राजग को अपने किसी विधायक को लोकसभा में भेजने से रोक रही है।

### बिहार विधान परिषद में आरजेडी की नई कमांडर होंगी राबड़ी देवी

**पटना, एजेंसी।** पूर्व उपमुख्यमंत्री राबड़ी देवी को बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, सुनील सिंह को मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है। राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने इस संबंध में बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को पत्र लिखा था।

सभापति को लिखे पत्र में उन्होंने सूचित किया था कि राजद विधानमंडन दल ने एमएलसी राबड़ी देवी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुना है।

एक अन्य पत्र में राजद प्रदेश अध्यक्ष ने सभापति को सूचित किया था कि राजद विधानमंडल दल ने सुनील सिंह को मुख्य सचेतक चुना है। इस संबंध में सभापति देवेश चंद्र ठाकुर के निर्देश पर विधान परिषद सचिवालय ने 15 फरवरी 2024 के प्रभाव से राबड़ी देवी को नेता प्रतिपक्ष और सुनील सिंह को मुख्य सचेत के तौर पर मान्यता दे दी। विधान परिषद के सचिव अखिलेश कुमार झा ने विधान परिषद में राबड़ी देवी को नेता प्रतिपक्ष एवं सुनील सिंह को विपक्ष का मुख्य सचेतक बनाने का आदेश जारी कर दिया है।

# एसबीआई सीएसपी लूट का सीसीटीवी फूटेज आया सामने



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के अमौर में एसबीआई के सीएसपी संचालक से हुई 1 लाख की लूट का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वीडियो में हथियार से लैस बेखौफ बदमाश महज 35 सेकेंड में सीएसपी संचालक से लूट की वारदात को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं। घटना बीते गुरुवार की है, वहीं इसका सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई तस्वीरों के आधार पर बदमाशों की धर पकड़ में जुट गई है। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित एसबीआई सीएसपी संचालक इन्द्रदेव प्रसाद साह ने बताया कि रोजाना की तरह ही वे बीते गुरुवार को अमौर के बागडर गांव के वार्ड 8 स्थित घर से दलमालपुर हाट अपने सीएसपी सेंटर पहुंचे थे। जिसके बाद सुबह करीब सवा दस बजे एक बाइक पर सवार दो बदमाश उनके सीएसपी सेंटर आ धमके। एक बदमाश बाइक पास खड़े रहकर रेकी की। तो वहीं दूसरा सीएसपी सेंटर के अंदर घुसा। वे जब तक कुछ समझ पाते बदमाश ने कमर से पिस्टल निकाली और उनके सामने तान दिया। बदमाश ने बगैर किसी देरी के कैश से भरा बैग देने को कहा। बैग में 1 लाख रुपए कैश के अलावा फिंगर डिवाइस, लैपटॉप चार्जर, सीएसपी आईडी कार्ड, सीएसपी आधार कार्ड व पैनकार्ड की छाया प्रति समेत कई दूसरे दस्तावेज थे। बेखौफ बदमाश सबकुछ लेकर चले गए। दोनों बदमाश ब्लू रंग की बाइक लेकर लूट की घटना को अंजाम देने आए थे। उनकी उम्र तकरीबन 20 से 25 साल थी। एक ने हेलमेट पहन रखा पहने था जबकि दूसरे ने चेहरे पर काली पट्टी बांध रखी थी। हालांकि, हेलमेट पहने बदमाश ने कुछ देर के लिए अपना हेलमेट खोला था। जिससे बदमाश को वे एक नजर देखते ही पहचान जाएंगे। वे कैश बैग लेकर सीएसपी सेंटर से दक्षिण की ओर जाने वाली रास्ते में भागे। वहीं, लूट की ये पूरी वारदात सीएसपी सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## तीन स्टेशनों को मिली नई ट्रेनें

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए गाड़ी सं. 11427/11428 पुणे-जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस का नवादा स्टेशन और गाड़ी सं. 03275/03276 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट और गाड़ी सं. 03269/03270 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का नीमा हॉल्ट पर प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान किया गया है। जिसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी है। दानापुर मंडल के किउल-गया रेलखंड के नवादा स्टेशन पर दिनांक 24.02.2024 से गाड़ी सं. 11427 पुणे-जसीडीह एक्सप्रेस का 10.55/10.56 बजे और दिनांक 25.02.2024 से गाड़ी सं. 11428 जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस का 23.35/23.36 बजे ठहराव प्रदान किया गया है।

**पटना-गया रेलखंड के छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट पर ठहराव :** दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट पर गाड़ी सं. 03276 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का दिनांक 20.02.2024 से 14.08/14.09 बजे और गाड़ी सं. 03275 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल का दिनांक 21.02.2024 से 10.11/10.12 बजे ठहराव प्रदान किया गया है। इसी तरह दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के नीमा हॉल्ट पर दिनांक 20.02.2024 से गाड़ी सं. 03270 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का 12.50/12.51 बजे और गाड़ी सं. 03269 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल का 15.11/15.12 बजे ठहराव प्रदान किया गया है।

# बिहार में नियुक्ति पत्र लेकर भी 6 हजार 766 शिक्षकों ने नहीं किया योगदान

**पटना, एजेंसी।** सूबे में नियुक्ति पत्र और पदस्थापन पत्र लेकर भी 6766 शिक्षकों ने स्कूलों में ज्वाइन नहीं किया। बीपीएससी शिक्षक नियुक्ति के पहले चरण की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। स्कूल आवंटन के बाद भी इन शिक्षकों ने अबतक योगदान नहीं दिया है। मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पटना में ऐसे शिक्षक सबसे अधिक हैं। मुजफ्फरपुर में 367 शिक्षक स्कूल आवंटन के बाद भी नहीं आए। दरभंगा में सबसे अधिक 463 शिक्षक हैं, जिन्होंने योगदान नहीं दिया। विभिन्न जिलों से मिली रिपोर्ट के अनुसार समस्तीपुर में ऐसे शिक्षकों की संख्या 365, प.चम्पारण में 244, वैशाली में 177, सीतामढ़ी में 78, मधुबनी में 186, पूर्वी चम्पारण में 265 और गया में 284 है।

**6766 पद फिर से हो गए रिक्त :** शिक्षकों के नहीं जाने से 6766 पद फिर से रिक्त हो गए हैं। इन सभी पदों का स्कूलवार आंकड़ा फिर से लिया जा रहा है। तीन ऐसे शिक्षक भी हैं, जिन्होंने स्कूल आवंटन नियुक्ति पत्र को वापस कर दिया है।

**योगदान के बाद 66 शिक्षक फरार :** सूबे के अलग-अलग जिलों में 66 ऐसे



शिक्षकों की संख्या सामने आई है, जिन्होंने आवंटन पत्र ले लिया, स्कूल में योगदान भी दे दिया, लेकिन बाद में फरार हो गए। प.चम्पारण में 3, वैशाली में 1, समस्तीपुर में 2, सहरसा में 4, पूर्णिया में 1, नवादा में 1, मधुबनी में 3, बांका में 4, भागलपुर में 4, दरभंगा में 6, पूर्वी चम्पारण में 7 शिक्षक ऐसे हैं, जो योगदान के बाद से फरार हैं।

राज्य के विभिन्न जिलों के 582 नियोजित शिक्षक छह माह से अधिक दिनों से गायब हैं। वहीं, 134 ऐसे हैं, जो छह महीने से कम दिनों से बिना सूचना के स्कूलों से अनुपस्थित हैं और उन्हें निलंबित करने की अनुशंसा की जा चुकी है। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह को लिखे पत्र में श्री पाठक ने कहा है कि पिछले छह माह से लगातार नियोजित शिक्षकों के विरुद्ध मॉनिटरिंग के दौरान कई तरीके की अनियमितता पायी गयी है, जिसके आलोक में संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा कई कार्रवाई की गयी है। बिना स्वीकृति के अनुपस्थित काफी शिक्षकों का वेतन काटा गया है। लेकिन, अन्य गंभीर मामलों में निलंबन और बर्खास्तगी की कार्रवाई की अनुशंसा जब की गयी तो संबंधित नियोजन इकाइयों द्वारा कोई विशेष कार्रवाई नहीं की गयी है।

राज्य के विभिन्न जिलों में बिना सूचना के गायब रहने वाले 44 नियोजित शिक्षकों को निलंबित किया गया है। इनमें 34 शिक्षक ऐसे हैं, जो छह माह से कम दिनों से गायब हैं। वहीं, दस शिक्षक ऐसे निलंबित किये गये हैं, जो छह माह से अधिक दिनों से स्कूलों से गायब हैं। छह माह से अधिक दिनों से गायब 163 शिक्षकों के निलंबन की अनुशंका नियोजन इकाइयों को की गयी है।

# दरभंगा में मूर्ति विसर्जन बवाल में 30 से ज्यादा धराए; भागलपुर, छपरा, भोजपुर, शेखपुरा, सीवान में भी झड़प

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी सरस्वती पूजा को लेकर उन्मादी बवाल हुआ। भालपट्टी के मुड़िया गांव की घटना के बाद प्रतिमा विसर्जन के दौरान बहेरा थाना क्षेत्र के बहेरा बाजार में हिंसक झड़प हुई। इसके बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सख्त हो गई है। दोनों घटनाओं में 30 से ज्यादा लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उधर मुड़िया गांव की घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद आरोपियों की पहचान की जा रही है। डीएम एसपी समेत सभी अधिकारी और पुलिस बल प्रभावी इलाकों में कैंप कर रहे हैं। दरभंगा के अलावे भागलपुर, छपरा, भोजपुर और शेखपुरा से भी हिंसक झड़पर की खबर है।

गुरुवार को दरभंगा के मुड़िया गांव की घटना के बाद शुक्रवार को बहेरा बाजार में विसर्जन जुलूस के दौरान एक समुदाय के लोगों के द्वारा पत्थरबाजी की गई। एक धार्मिक स्थल के पास डीजे बजाने से मना कर दिया गया। विरोध करने पर छत से पत्थरबाजी शुरू कर दी गई जिसमें कई लोग घायल हो गए। लोगों ने भागकर खुद को बचाया। इतना ही नहीं गाड़ियों में भी जमकर तोड़फोड़ की गई। दरभंगा के डीएम एसएसपी ने उसके बाद मोर्चा संभाल लिया और हालात कंट्रोल में है। इधर प्रशासन की जांच में एक बड़ा खुलासा हुआ है। व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर खास समुदाय के कुछ लोगों ने धार्मिक उन्माद फैलाने की प्लानिंग पहले से ही कर ली थी। एक आरोपी के जब्त मोबाइल को खंगालने के बाद यह बात सामने आई है। उसके एडमिन की तलाश की जा रही है। पुलिस की गस्ती और प्रशासन की सख्ती बढ़ा दिए जाने के बाद स्थिति कंट्रोल में है। दरभंगा के अलावे बिहार के कई जिलों से सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान हिंसा घटनाओं की खबरें आ रही है। बताया जा रहा है कि समुदाय विशेष के द्वारा विसर्जन जुलूस पर पथराव किया गया जिसके बाद हालत बिगड़ गए। पुलिस समेत कई लोग घायल भी हो गए। भोजपुर के जगबलिया गांव में मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो गुट आपस में भिड़ गए जिसे लेकर जमकर मारपीट हुई और कई लोग घायल हो गए प्रशासन ने पहुंचकर मामले को शांत कराया लेकिन अंदर ही अंदर तनाव बरकरार है। दरभंगा के डीएम रवि रोशन ने बताया कि उपद्रवियों पर प्रशासन की नजर है। फिलहाल स्थिति कंट्रोल में है। उधर भागलपुर में मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच जमकर पत्थर बाजी हुई। इस दौरान कई राउंड फायरिंग की भी खबर है। जानकारी के अनुसार लोदीपुर थाना क्षेत्र के तबलपुर मध्य विद्यालय में पूजा हुई थी। शुक्रवार को प्रतिमा विसर्जन के लिए जुलूस निकाला गया था जिसे गंगोट पोखर ले जाया जा रहा था। इस दौरान हिंसक झड़प हुई। एक इलाके में धार्मिक गाना बजाने से रोका जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौका पर पहुंच हालात पर काबू किया। इलाके में मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बलों को तैनात कर दिया गया है।

शेखपुरा में भी बवाल हुआ। अरियरी प्रखंड के सरैया गांव में सरस्वती पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान हिंसक झड़प की घटना हुई। दो समुदायों के लोगों ने लाठी डंडे से एक दूसरे पर हमला किया। झड़प में कई लोगों को चोट आई है। सीवान के बहुआरा गांव में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच झड़प हुई जिसमें दोनों पक्षों के कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

# सरस्वती मां की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान डूबने से एक छात्र की मौत

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में सरस्वती मां की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान डूबने से शुक्रवार को एक छात्र की मौत हो गई। मामला लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुरी मोहल्ला स्थित सूर्य तालाब का है। मृतक की पहचान शेखपुरा जिला के शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत डोबाडीह निवासी हरेराम पंडित का (21) वर्षीय पुत्र विवेक कुमार के रूप में किया गया है। देर शाम परिजन पुलिस की मदद से शव के पोस्टमार्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुँचे।

घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया की विवेक कुमार बिहार शरीफ में ही रहकर डिफेंस की तैयारी कर रहा था। शुक्रवार को वह प्रतिमा विसर्जन के लिए तालाब में गया हुआ था। जहां गहरे पानी में जाने की वजह से वह डूब गया। उसके साथ एक अन्य साथी भी डूब रहा था जिसे स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। आनन फानन में विवेक को तालाब से निकालकर निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

विवेक की अगले महीने सीडीएस का इंटरव्यू था। इससे पहले एयर फोर्स के अग्नि वीर के इंटरव्यू में सिलेक्शन नहीं हो पाया था। वह एफ.फेक्ट की परीक्षा दे चुका है। विवेक के पिता



टाइल्स मिस्त्री हैं। और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। वही इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि तालाब में डूबने से मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# वीटीआर के वेटलैंड में 40 प्रजाति के प्रवासी पक्षियों ने बनाया आशियाना

**वाल्मीकिनगर, एजेंसी।** वीटीआर के वाल्मीकिनगर रेंज में ऐसे 40 प्रजातियों की प्रवासी पक्षियों को चिह्नित किया गया है, जो वाल्मीकिनगर में अपना आशियाना बनाए हुए है। विश्व आर्द्र दिवस के अवसर पर वाल्मीकिनगर रेंज में 2 व 3 फरवरी को एशियन जलीय पक्षी एवं अन्य प्रवासी पक्षियों की गणना डब्ल्यूडब्ल्यूएफ और डब्ल्यूटीआई की संयुक्त टीम ने दरूआबारी क्षेत्र व गंडक नदी में की थी। दो दिनों तक चली पक्षी गणना के दौरान संबंधित टीमों ने 40 प्रजाति की प्रवासी पक्षियों को चिह्नित किया था।

इन पक्षियों में मुख्य रूप से सफेद गर्दन किंगफिशर, छोटा जलकाग, अंधबक, उन्नी गर्दन सारस, घोंघील, चकवा एवं छोटा गरुड़ की तादाद अधिक संख्या में देखी गई। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, 2024 में गंडक नदी के तटीय क्षेत्रों में दर्जनों प्रजाति के जलीय पक्षियों का आशियाना बना हुआ है। इन सभी पक्षियों की गणना कर इसका रिपोर्ट पर्यटन विभाग को सौंपी जाएगी।

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ और डब्ल्यूटीआई की ओर से यह



गणना वाल्मीकिनगर रेंज में एशियन जलीय पक्षियों को तीन वर्गों में बांट कर की गई। इनमें जल, थल और प्रवासी पक्षी शामिल हैं। ये पंछी ठंड का मौसम बीतते ही वीटीआर से विलुप्त हो जाते हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि ये प्रवासी पक्षी अधिकतर नमी वाले स्थान का चयन अपने आशियाना के लिए करते हैं। इनके रखरखाव एवं संरक्षण के लिए वन विभाग अपने स्तर से प्रक्रिया जारी रखे हुए हैं। वीटीआर में आए प्रवासी एशियन ओपन बिल पक्षी। विभिन्न पक्षियों को देख पर्यटक होते हैं आकर्षित पर्यटन स्थल वाल्मीकिनगर के जंगलों में ऐसे तो हजारों की संख्या में आशियाना बनाए हुए मयूरों का नृत्य देखकर पर्यटक निहाल होते ही हैं, लेकिन गंडक नदी में तैरने वाले चकवा सहित सारस, जलीय बत्तख, लालसर, जंगली मुर्गा एवं बुलबुल आदि को देखकर सैलानी खासे रोमांचित हो उठते हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के कमलेश मौर्य ने बताया कि वीटीआर में आने वाले मेहमान पक्षियों की गणना कर रिपोर्ट राज्य के अधिकारियों को भेजी जाएगी। इन मेहमान पक्षियों के आगमन से पर्यटकों में रोमांच बढ़ जाता है।

# विचार-मंथन

# नरेंद्र मोदी की राज 'नीति' और कूटनीति हमेशा जीत की गारंटी होती है

## संपादकीय

### अबू धाबी में मंदिर

संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में स्वामी नारायण मंदिर के निर्माण के गहरे सामाजिक-सांस्कृतिक निहितार्थ हैं और इनको पढ़ा व अंगीकार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार, 14 फरवरी को इस मंदिर का उद्घाटन किया। करीब पांच साल पहले उन्होंने ही इसका शिलान्यास भी किया था। लगभग 27 एकड़ में 700 करोड़ रुपये की लागत से बना यह भव्य मंदिर यूएई में काम करने वाले लाखों हिंदुओं की आस्था को अवलंब देने के साथ-साथ पश्चिम एशिया के बारे में रूढ़ कई धारणाओं को भी ध्वस्त करता है। निस्संदेह, यह दुनिया को सांप्रदायिक सद्भाव का पैगाम दे रहा है। पश्चिम एशिया के इस्लामी देशों के बारे में शेष दुनिया में यह आम धारणा रही है कि किसी अन्य मजहब की इबादतगाहों के लिए उनके यहां गुंजाइश नहीं है। इस धारणा को अपने स्वार्थों के तहत पश्चिमी मीडिया ने दुनिया भर में स्थापित करने की कोशिश की और खुद इस्लामी कट्टरपंथियों और आतंकी तंजीमों ने उसको पुख्ता किया। हालांकि, ईरान, तुर्किए से लेकर सीरिया तक में दुनिया के सबसे पुराने चर्चों में से कुछ स्थित हैं। बहरीन के मनामा में 200 साल पुराना श्रीनाथजी का मंदिर है। दरअसल, पश्चिम एशियाई देशों के निजाम अब इस हकीकत को तस्लीम कर चुके हैं कि वैज्ञानिक नजरिये वाली मौजूदा दुनिया में मजहबी कट्टरपंथ के दायरे में सिमटकर रहने से सिर्फ नुकसान उठाया जा सकता है, इसीलिए उन्होंने न सिर्फअपने धार्मिक आचार-व्यवहार और सामाजिक जीवन से जुड़ी कई रूढ़ियों व नियमों से मुक्ति की ओर कदम बढ़ाया, बल्कि दूसरे समुदायों की धार्मिक-सांस्कृतिक रुचि पर भी गौर करना शुरू किया। मिसाल के लिए, सऊदी अरब में 1970 के दशक से बंद थिएटरों को चंद सालों पहले वहां के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने फिर से खुलवा दिया। औरतों को उनके कई मानवीय हुकूक लौटा दिए गए, और अब तो वहां फैशन वीक के आयोजन तक होने लगे हैं। निस्संदेह, कट्टरपंथियों को यह सब रास नहीं आएगा, लेकिन पश्चिम एशिया अब बदलाव की ओर बढ़ चला है। भारत हमेशा से सर्वधर्म समभाव की धरती रहा है। दुनिया के तमाम मजहबों की यहां मौजूदगी इसी बात की पुष्टि करती है। ऐसे में, अबू धाबी के मंदिर की खूबसूरत बात यह है कि एक मुस्लिम शासक ने इसके लिए जमीन दान में दी और इसकी एक दीवार 'वॉल ऑफ हार्मोनी' वोहरा समुदाय के दान से बनी है। जर्जर प्राचीन ढांचों की खातिर इंसानियत को कुर्बान करने पर आमादा लोगों के लिए यह एक सबक है कि संस्कृतियों के विस्तार के लिए समावेशी नजरिया चाहिए।

### किसान आंदोलन

एमएसपी पर कानून की मांग को लेकर केंद्र और किसान संगठनों के बीच टकराव की स्थिति के मद्देनजर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने उचित ही कहा है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखी जाए और बल का इस्तेमाल आखिरी उपाय के तौर पर ही हो। निस्संदेह, देश के अन्नदाताओं के विरुद्ध बल प्रयोग किसी भी लोकतांत्रिक सरकार का अभीष्ट नहीं हो सकता, न होना चाहिए, मगर उसके ऊपर यह जिम्मेदारी भी आयद है कि वह ऐसी किसी अराजकता या अव्यवस्था की मूकदर्शक बनी नहीं रह सकती, जो व्यापक नागरिक समाज की जिंदगी को परेशानी में डालती हो। 12 फरवरी की रात केंद्र सरकार व किसान संगठनों के प्रतिनिधियों की बातचीत के विफल रहने के बाद यह अंदेशा था कि 13 को प्रदर्शनकारी किसान दिल्ली में घुसने की कोशिश करेंगे और मंगलवार को शंभू बॉर्डर पर जो परिस्थिति पैदा हुई, उसने इसे सही साबित किया। दिल्ली के सिंधु, टिकरी और गाजीपुर बॉर्डर पर भी सुरक्षा के भारी इंतजाम के कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आवागमन पर काफी असर पड़ा है। सर्विस लेन के बंद होने से इन क्षेत्रों में जाम की स्थिति बन गई है और लोगों को काफी दूर-दूर तक पैदल चलना पड़ रहा है। साल 2020 में जब तीन कृषि कानूनों के विरुद्ध पहली बार किसान दिल्ली के बॉर्डर पर धरना देने बैठ गए थे, तब भी स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हुई थी, मगर उस अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण धरने को आम लोगों की सहानुभूति हासिल थी, क्योंकि देश का एक बड़ा जन-समुदाय खेती-किसानी से जुड़ा है, या जो लोग कृषि कर्म से अलग होकर शहरों-महानगरों में आ बसे हैं, उनकी पुरानी पीढ़ियों में अब भी इस वर्ग के प्रति गहरी हमदर्दी कायम है। मगर 26 जनवरी, 2021 को लाल किले में जैसी अशोभनीय घटना घटी, उसने उस आंदोलन के प्रति आम लोगों का नजरिया बदल दिया था। हालांकि, किसानों और नागरिक भावनाओं का सम्मान करते हुए बाद में सरकार ने उन तीनों कानूनों को वापस ले लिया था और तब केंद्र व किसानों के बीच विश्वास बहाली का आधार बना था। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि जब-जब चुनाव करीब आते हैं।

(ललित गर्ग)

*वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक एवं चमत्कारी जीत की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि प्रधानमंत्री के कार्यकाल की अनेक सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां हैं, जिनमें चांद एवं सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहीम चल रही है, राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर किया जा रहा है।*

आगामी लोकसभा चुनाव विशेष होंगे। इन चुनावों में विपक्षी दल कुछ अनूठा एवं विशेष कर पायेंगे, ऐसी संभावनाएं हर दिन कमजोर ही होती जा रही है। राहुल गांधी की यात्रा भी कोई प्रभाव स्थापित नहीं कर पा रही है, बल्कि कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन से विभिन्न दल दूरी बना रहे हैं। 2024 के आम चुनावों का रण सज चुका है, कुछ ही हफ्ते बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी एवं सभी विपक्षी दलों ने भी कमर कस ली है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर बैठकों, मुलाकातों एवं चुनावी गणित को फीट करने का दौर चल रहा है, एक तरफ भाजपा 2 हफ्ते बाद उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी करने की तैयारी कर रही है, वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन मकर संक्रांति के बाद सीट शेयरिंग का फॉर्मूला फाइनल करने वाला है, लेकिन भाजपा ने स्वयं 370 एवं उसके गठबंधन का 400 का लक्ष्य लेकर ही चल रही है। हाल ही में एक मीडिया हाउस के सर्वे के अनुसार भाजपा को भले ही 2019 की तुलना में केवल एक सीट का फायदा हो रहा है, भले नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है लेकिन उनके गठबंधन को करीब 17 सीटों का नुकसान होता हुआ दिखाई दे रहा है। हो सकता है अन्य माध्यमों से भी ऐसी ही सूचनाएं भाजपा को मिल रही हो, इसलिये उसने 400 के लक्ष्य को हासिल करने का ठाना है। भाजपा एवं मोदी की चुनावी रणनीतियों एवं विश्वास से ऐसा लग रहा है कि एक बार फिर धमाकेदार जीत दर्ज कर अपनी हैट्रिक पूरी करेगी। इस जीत के बाद भारत में बड़े बदलाव एवं क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिलेंगे। राजनीति, प्रशासनिक, लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में आमूल-चूल परिवर्तन हो तो कोई आश्चर्य नहीं है। नरेन्द्र मोदी, उनके राजनीतिक सलाहकार एवं भाजपा सम्भवतः इस मोड पर पहुंच गए हैं कि चुनाव जीतने के लिए उन्हें जितने तरह का रणनीतिक प्रबंधन करने जरूरी थे, वे सफलतापूर्वक किये जा चुके हैं या जल्द ही कामयाबी से कर लिये जाऐंगे। जितनी कमजोर कड़ियां थीं, उनकी मरम्मत कर ली गई है। जिन राज्यों में खराब दृश्य दिख रहे हैं, वहां भाजपा पूरी ताकत से लगी है। भाजपा ने 164 ऐसी सीटों की दो कैटेगरी तैयार कर ली है जहां 45 मंत्रियों को जी-जान से जुटने को कहा गया है, भाजपा कमजोर सीटों पर सबसे ज्यादा जोर लगा रही है क्योंकि 2019 के चुनाव में भाजपा की 48 ऐसी सीटें थीं जहां जीत का अंतर 2 प्रतिशत से भी कम था, इन सीटों पर विपक्षी गठबंधन अगर एक उम्मीदवार उतार देता है तो भाजपा के लिए बड़ी चुनौती हो सकती है। ऐसी ही खतरे वाली सीटों के लिये भाजपा की तीक्ष्ण एवं प्रभावी रणनीतियां बन रही है। ऐसी ही रणनीतियां से समूचे राष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्यों को बदलने एवं अपने पक्ष में करने के लिये भाजपा जुटी है। इसके लिये प्रभावी एवं दूरगामी राजनीतिक से जुड़े बड़े फैसले लिये जा रहे हैं। नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा जा रहा है। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वही पांच राजनीतिक रत्नों को 'भारत रत्न' सर्वोच्च पुरस्कार की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल दिखाया गया है। जब इतना बढ़िया, कौशलपूर्ण और प्रभावी राजनीतिक प्रबंधन हो चुका हो तो चार सौ का लक्ष्य हासिल करना भाजपा के लिये असंभव प्रतीत नहीं होता। वैसे प्रधानमंत्री के रूप में देश की जनता नरेन्द्र मोदी को ही सर्वाधिक पसन्द कर रही है, एक अनुशासित एवं राष्ट्रीय मूल्यों से प्रेरित पार्टी के रूप में भाजपा कायम है। मोदी का राजनीतिक कौशल ही है कि आम तौर से सरकारें चुनाव से पहले अपना खजाना खोलती हैं, लेकिन मोदी बिना खजाना खोले एवं लोकलुभावना घोषणाओं के चुनावी वैतरणी को सफलतापूर्वक पार करने की रणनीति बना रही है। मोदी जानते हैं कि लोकलुभावन योजनाएं या लाभार्थियों का संसार अपने आप वोटों में नहीं बदलता। उसके तीन स्तरों पर काम करना होता है। राज्यों के स्तर पर जहां अपनी स्थिति लगातार मजबूत करना जरूरी होता है, नेताओं के स्तर पर जो विभिन्न समुदायों की नुमाइंदगी करते हैं और समुदायों के स्तर पर जिन्हें लगातार पार्टी के साथ जोड़ने का अभियान चलाना पड़ता है। एक और स्तर इस बार के चुनावी गणित को प्रभावित करती हुई प्रतीत हो रही है, वह है मोदी का राजनीतिक कौशल एवं देश-विकास का उनका संकल्प। निश्चित ही मोदी भारतीय राजनीति में विश्वास और विकास के नायक हैं तो वैश्विक पटल पर महानायक बनकर देश और दुनिया को दिशा दिखा रहे हैं। कतर की जेल में बंद आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों की रिहाई और उनमें से सात का स्वदेश आ जाना एक ऐसी शुभ सूचना है, जिससे पूरे देश ने चैन की सांस ली है। इन भारतीयों की सकुशल रिहाई भारत की एक शानदार कूटनीतिक जीत है। यदि इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया जा रहा है तो स्वाभाविक ही है, क्योंकि उन्होंने कुछ समय पहले दुबई में कतर के शासक से मुलाकात की थी। मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है। यही कारण है कि उनकी छत्रछाया में भारत में राष्ट्रवाद का रंग गहरा हुआ है और भारत विश्वगुरु बनने की राह पर चल पड़ा है। आगामी लोकसभा चुनाव विशेष होंगे। इन चुनावों में विपक्षी दल कुछ अनूठा एवं विशेष कर पायेंगे, ऐसी संभावनाएं हर दिन कमजोर ही होती जा रही है। राहुल गांधी की यात्रा भी कोई प्रभाव स्थापित नहीं कर पा रही है, बल्कि कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन से विभिन्न दल दूरी बना रहे हैं। यह चुनाव पहले ही उनकी असफलता की घोषणा है। इधर मोदी के प्रति लोगों का आकर्षण कायम है। इसका बड़ा कारण मोदी की राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय छवि कायम रहना है। मोदी ने अनेक चमत्कार घटित किये हैं, जिसका अहसास देश की जनता को है। यूक्रेन युद्ध के समय वहां फंसे भारतीयों को वापस लाना हो या कोरोना के दौरान दुनिया भर में टीका भेजना, ये सभी नरेंद्र मोदी की वैश्विक सोच का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी के इस विश्वास एवं दृढ़ता की अनेक वजहें है। एक बड़ी वजह हाल ही में साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने शानदार जीत दर्ज करना भी है। विशेषकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिणाम तो कल्पना से भी बाहर था।

## सोनिया गांधी ने संसद पहुँचने के लिए इस बार लोकसभा की बजाय राज्यसभा की राह क्यों पकड़ी?

(नीरज कुमार दुबे )

बात चूंकि कांग्रेस की हो रही है तो यह भी जानना जरूरी है कि सोनिया गांधी ने एक रिकॉर्ड बनाया है। वह रिकॉर्ड यह है कि वह कांग्रेस के गठन के बाद से उसकी एकमात्र ऐसी अध्यक्ष रही हैं जिन्होंने सबसे लंबे समय तक पार्टी का नेतृत्व किया। सोनिया गांधी ने राजस्थान से राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इसी के साथ ही उत्तर प्रदेश के रायबरेली संसदीय क्षेत्र से निवर्तमान सांसद सोनिया गांधी ने लोकसभा में अपनी राजनीतिक पारी को विराम देते हुए राज्यसभा की राह पकड़ ली है ताकि वह संसद की सदस्य बनी रह सकें। वैसे पहले ही माना जा रहा था कि चूंकि सोनिया गांधी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है इसलिए वह लोकसभा चुनाव लड़ने की बजाय राज्यसभा के जरिये संसद पहुँचें। लेकिन यदि वाकई अस्वस्थता के चलते ही सोनिया लोकसभा की बजाय राज्यसभा जा रही हैं तो यह सोच बिल्कुल भी ठीक नहीं है। यह सही है कि वरिष्ठ नेताओं के अनुभव और मार्गदर्शन की सभी पार्टियों को आवश्यकता होती है लेकिन यह तो जरूरी नहीं है कि वह वरिष्ठ व्यक्ति संसद के किसी सदन का हिस्सा होगा तभी उसके अनुभव का लाभ उठाया जा सकेगा। राज्यसभा की एक सीट अस्वस्थ व्यक्ति को देने की बजाय किसी ऐसे ऊर्जावान व्यक्ति को देनी चाहिए जो देश और समाज के लिए अधिक परिश्रम के साथ काम कर सके। यहां हमारा यह कहने का बिल्कुल भी आशय नहीं है कि बुजुर्ग और अस्वस्थ व्यक्ति को किनारे कर देना चाहिए। दरअसल जिस तेजी के साथ दुनिया आगे बढ़ रही है उसी तेजी से हमें भी कदम ताल बनाये रखने या दुनिया से आगे निकलने के लिए और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है। इसे उदाहरण के साथ समझें तो देखें कि अब तक राजस्थान से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह राज्यसभा सदस्य थे। यह सही है कि डॉ. मनमोहन सिंह ने देश के लिए कई मायनों में अहम योगदान दिया है लेकिन सवाल उठता है कि क्या वह अपने इस कार्यकाल में राज्यसभा में कोई सार्थक काम कर पाये या राजस्थान के हितों को रख पाये? जवाब होगा नहीं। तो सवाल उठता है कि क्यों अपने वरिष्ठ नेताओं को पदों पर बैठाये रखने के लिए राजनीतिक दल संसदीय सीटों को आरक्षित रख लेते हैं? क्या पार्टी में और योग्य नेताओं का अकाल पड़ गया है? 140 करोड़ देशवासियों में से क्या कोई भी योग्य व्यक्ति राजनीतिक दलों को नहीं मिलता है? बात चूंकि कांग्रेस की हो रही है तो यह भी जानना जरूरी है कि सोनिया गांधी ने एक रिकॉर्ड बनाया है। वह रिकॉर्ड यह है कि वह कांग्रेस के गठन के बाद से उसकी एकमात्र ऐसी अध्यक्ष रही हैं जिन्होंने सबसे लंबे समय तक पार्टी का नेतृत्व किया। वैसे उनका यह नेतृत्व परिवारवाद के विस्तार का रहा। सोनिया गांधी के अध्यक्ष रहते ही उनके बेटे राहुल गांधी पार्टी में आगे बढ़े और बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा की भी पार्टी के मामलों में सक्रिय भूमिका बढ़ी। इसके अलावा, कांग्रेस अध्यक्ष पद से दूर होने के बावजूद गांधी परिवार पार्टी के मामलों में प्रभावी भूमिका में बना हुआ है। देखा जाये तो इसमें कोई दो राय नहीं कि 2004 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का आधार रख कर सोनिया गांधी ने केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और दस साल तक उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में बनी रही। सोनिया गांधी प्रधानमंत्री तो नहीं बन पाई लेकिन मनमोहन सरकार के दौरान सोनिया के नेतृत्व वाली समिति ही सुपर प्रधानमंत्री समझी जाती थी। देखा जाये तो इतना सब हासिल करने के बाद जरूरी नहीं था कि सोनिया गांधी संसद की सदस्य बनी रहें लेकिन पद का मोह छोड़ पाना आसान नहीं है। वैसे कांग्रेस की ओर से भले यह कहा जा रहा हो कि सोनिया गांधी स्वास्थ्य कारणों से राज्यसभा गई हैं मगर यह भी एक राजनीतिक हकीकत है कि सोनिया गांधी का इस बार रायबरेली से लोकसभा चुनाव जीत पाना आसान नहीं होता। पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी से उनके बेटे राहुल गांधी हार गये थे।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5284

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | | | 9 | 7 | 3 |
| | | | | 4 | | | 8 | |
| | 1 | 3 | 9 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 3 | | 2 | 1 | 4 | | 9 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | | 9 | 1 | 6 | |
| | 5 | | | 7 | | | | |
| 1 | 7 | 9 | | | 2 | 4 | 3 | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5283

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन खुशियों से भरा होगा। दोपहर तक कोई खुशी की खबर आपको मिल सकती है। छात्र अपना ज्यादा से ज्यादा ध्यान पढ़ाई में लगाएं तो फायदा मिलेगा। बिजनसमैन अपने धंधे मे नई तकनीकें अपना सकते हैं। इनसे आपको लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। फाइनेंस से जुड़े काम में अनुभवी लोगों की सलाह लेना फायदेमंद होगा।

### वृष
आज का दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और कोई बड़ा काम आपको आज संपन्न करना पड़ेगा। शाम तक अच्छी खबरें मिलेंगी और आप फायदे में भी रहेंगे। प्रफेशनल मामले में सावधानी बरतने से होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। निवेश के मामले में आज कोई रिस्क न लें। शाम को घर वालों के साथ समय अच्छा बीतेगा।

### कर्क
आज आर्थिक लाभ का दिन है और आज आपकी धन से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। बेहतर होगा कि आप अपने काम में ज्यादा ध्यान दें। दूसरों की बातों में न आएं। किसी कारण आज आपको खुद पर कंट्रोल करना पड़ सकता है। आज का दिन कुछ लोग के लिए आलस्य में बीतेगा।

### सिंह
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी। काम काज में आपकी स्थितियां बेहतर होंगी। बिजनस में मुनाफे की आशा रहेगी और शादीशुदा जिंदगी में भी कामयाब होगी। दिन भर काम करने लायक बहुत से काम हैं लेकिन किसे करना है और किसे नहीं यह आपको सोचना है। आपके सम्मान में वृद्धि होने का दिन है।

### मिथुन
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके सभी कार्य समय से पूर्ण हो जाएंगे। ऑफिस में साथियों से बहस न करें और अपने काम पर फोकस करें। आपकी कई अच्छाएं आज पूरी होंगी। घूमने फिरने से कोई जरूरी कम बन सकता है। किसी अभियान में आपकी जीत हो सकती है।

### कन्या
आज आर्थिक लाभ का दिन है। ऑफिस में आज टीमवर्क से काम करने वाला दिन है। आप अपने साथियों के साथ अच्छे काम करेंगे। बातचीत के जरिए से कोई नया फायदे का आइडिया आ सकता है। दोस्त के लिए तोहफा खरीदते वक्त आपकी जेब का ख्याल रखें।

### तुला
आज का दिन काफी बिजी कर देने वाला होगा। दिमाग से किए गए काम का फायदा होगा और आपको खुशी का अनुभव होगा। पुराने समय से चली आ रही टेंशन भी कम हो जाएगी। अगर आप दूसरों की मदद करेंगे तो आपकी मदद करने वाले भी आएंगे। ईमानदारी से जो काम करेंगे वह फलदायक रहेगा।

### वृश्चिक
आज लाभ का दिन है और आज आपको फोन कॉल्स के जरिए कोई खुशखबरी मिलेगी। ऑफिस के साथी भी टीमवर्क से खुश होंगे। लेनदेन और बिजनस में खतरा हो सकता है। हेल्थ पर ध्यान देने की जरूरत है। रोमांस के मामले में भी आज अच्छा दिन है, खर्च जरूर थोड़ा बढ़ सकता है।

### मकर
आज का दिन अनुकूल है और आपको लाभ होगा। कारोबारियों के लिए शाम तक मुनाफे के कई मौके आएंगे। घूमने फिरने के मौके जब भी आते हैं आप हमेशा तैयार रहते हैं। ऐसा ही मौका आज शाम को भी आ सकता है। पार्टी में किसी अच्छे और असरदार लोगों से मेल मुलाकात होगी और कोई खास काम की चिंता रहेगी।

### कुंभ
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको आगे बढ़ने से फायदा हो सकता है। कोशिश जारी रखें तो अटके हुए काम भी बन जाएंगे। सतर्क होकर अपने काम में जुट जाएंगे तो आपको लाभ होगा। बाहर फिजूलखर्ची करने के बजाय घर वालों के साथ समय गुजारें क्योंकि आज आपके खर्च वैसे ही ज्यादा होंगे।आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

### धनु
आज का दिन सम्मान से भरा होगा और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपके लिए आज का दिन बाकी दिनों की तुलना में स्पेशल हो सकता है। आज का दिन आपके लिए स्पेशल साबित हो सकता है। किसी एक ही तरकीब पर काम करना काफी रहेगा। आज कोई रिस्क वाला कदम न उठाएं। परिवार मे मौजूद आपके विरोधी फिलहाल कुछ नहीं कर पाएंगे।

### मीन
आज दिन खुशी में बीतेगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। दिल में कोई बात या नया आइडिया हो तो फौरन आगे बढ़ें फायदा जरूर होगा। रिश्तेदारों से पुराने गिले शिकवे दूर होंगे और आपको नए लोगों का साथ मिलेगा। दोस्तों के साथ रहने से फायदा हो सकता है। किसी कारण घरवालों से बहस हो सकती है।

### वर्ग पहेली 5284

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | | | ■ | 8 | | |
| | ■ | | ■ | 9 | | | ■ |
| ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | 12 | 13 |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | 17 | ■ | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | | | |
| | ■ | 21 | | ■ | | ■ | |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य जिनका वास्तविक नाम नरेंद्रनाथ था (7)
7. चित्ताकर्षक, दिल को अपनी ओर खींचने वाला (4)
8. उपद्रव, गदर, विद्रोह (3)
9. नृत्य में एक प्रकार की गति (3)
10. अज्ञानपूर्ण, तमोगुण युक्त (3)
12. चांद्रमास के किसी पक्ष का कोई दिन, पुण्य दिवस (2)
14. प्रत्येक पक्ष की तीसरी पिथि (2)
16. लंबाई, चौड़ाई, या गहराई आदि का हिसाब लगाना, मापना (3)
18. प्रक्षालन कर्मी, पक्षालक (3)
20. जो देखने में सुंदर हो (4)
21. गाढ़ा द्रव, लोंदा, स्कंद (2)
22. जन्म से मृत्यु तक का समय, जिंदगी, पुरानी फिल्मों का एक प्रसिद्ध खलनायक (निधन 10 जून 1987)(3)
23. उपाधि, ओहदा, पोस्ट (3)

**ऊपर से नीचे**
1. स्वाद देने वाला, जिसका स्वाद अच्छा हो, सुस्वाद (3)
2. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई जो 1760 गज के बराबर होती है (2)
3. आतुरता, अस्थिरचित्तता (4)
4. मंच पृष्ठ, स्वांग, परिधान (2)
5. क्यू क्रम, संख्या अंक, आकार माप (3)
6. दल नायक, सेनापति, कप्तान, टीम नायक (4)
9. उसके उपरांत, तदापि (4)
11. वर्जित, निषिद्ध (2)
13. संगीत के साथ नृत्य करते समय तेजी से अंगों को संचालित करना (4)
14. धनुर्विद्या, धनुकौशल, लक्ष्य संधान (4)
15. न्यायाधीश को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
17. जिसका नाम किसी बात आदि के लिए निश्चित कर लिया गया हो (4)
19. अभिव्यक्ति, बयान, तकरीर, अभिलाप (3)

### वर्ग पहेली 5283 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बां | ग्ला | दे | श | ■ | अं | ग | द |
| सु | ■ | व | त | न | कु | श | ■ |
| री | ड | र | ■ | व | श | ■ | सि |
| ■ | का | ■ | दा | मी | ■ | मा | ता |
| फु | र | स | त | ■ | आ | स | रा |
| स | ■ | ■ | व्य | व | स्था | ■ | ■ |
| ला | य | क | ■ | जू | ■ | दू | ज |
| ना | ■ | म | द | द | गा | र | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper

## संक्षिप्त समाचार

### आज समाज में परस्पर प्रेम सद्भाव की आवश्यकता है: पंकज जी महाराज

**गुमला/भरनो, एजेंसी।** भरनो प्रखंड स्थित बालक मिडिल स्कूल स्थित मैदान में शुक्रवार को जय गुरुदेव सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग से पूर्व संत पंकज जी महाराज के भरनो आगमन पर जयगुरुदेव के अनुयायियों ने बाजे- गाजे के साथ फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। सत्संग का शुभारम्भ प्रार्थना हुआ। मौके पर पंकज जी महाराज ने कहा कि यह अनमोल मानव शरीर परमात्मा ने इसलिये दिया है कि अबकी बार किसी प्रभु की प्राप्ति करने वाले सन्त महात्मा की खोज करें। वह जो दया का प्रसाद दे ,उससे भजन करके जन्म-मरण के बन्धन से मुक्त हो जायें। उन्होंन कहा इस कलियुग में सन्तों का अवतरण हुआ। प्रभु को पाने वाले सन्त,महापुरूष जब मिल जायेंगे तब रास्ता बता देंगे। उन्होने यह भी कहा कि आज समाज में परस्पर प्रेम सद्भाव की आवश्यकता है। प्रेम से मिल जुलकर जीवन यापन करें। शाकाहार-सदाचार अपनाकर,नशापान का त्याग करें। अच्छे समाज के निर्माण में भागीदार बनें। मौके पर पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, प्रमुख पारसनाथ उरांव ,संगत झारखंड के अध्यक्ष रामचन्द्र, बिहार प्रदेश अध्यक्ष मृत्युन्जय झा, गुमला जिलाध्यक्ष गुमला खुदी महली, रांची अध्यक्ष अविनाश कुमार,सोमा भगत,राजेश प्रजापति,मालावती देवी,सहयोगी संगत जौनपुर के अध्यक्ष ऋषिदेव श्रीवास्तव,अरुण वर्मा,राम इकबाल समेत हजारों अनुयायी मौजूद थे।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में गुमला रोबोट जतरा को लेकर कार्यशाला

**गुमला, एजेंसी।** जिला प्रशासन द्वारा गुमला पॉलिटेक्निक के सभागार में शुक्रवार को गुमला रोबोट जतरा अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में किया गया। उपायुक्त के नवाचारी सोच तहत जिला प्रशासन द्वारा 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर जिला विज्ञान केंद्र में गुमला रोबोट जतरा का आयोजन किया जाएगा। गुमला रोबोट जतरा में रोबो रेस और रोबो फाइट जैसी गतिविधियों के लिए जिले से छह विद्यालय से पांच-पांच बच्चों की कुल 12 टीम बनाई गई है। जिसमें जिले के तीनों मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय एसएस प्लस टू विद्यालय गुमला, एसएस बालिका विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय गुमला के अलावे राजकीय उच्च विद्यालय करजंटोली व ग्रामीण क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोटो तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिलम का चयन किया गया है। कार्यशाला में बच्चों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि वैज्ञानिक सोच के साथ खेल-खेल में टीम वर्क के साथ काम करना है। जिससे बच्चों में इंजीनियरिंग तथा टेक्नोलॉजी के प्रति रूचि पैदा हो। डीडीसी हेमन्त सती ने कहा कि गुमला जैसे पिछड़े क्षेत्र में ऐसी गतिविधियों का आयोजन अभूतपूर्व है । इनके माध्यम से आप बच्चों के बीच से ही आने वाले समय में न्यूटन जैसे वैज्ञानिक पैदा होंगे। डीएसई सह प्रभारी डीईओ वसीम अहमद ने भी अपने विचारों को रखा। गुमला पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू व एडमिन हेड अजीत कुमार शुक्ल के अलावे पॉलिटेक्निक के छात्रों द्वारा स्कूली बच्चों को तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### धनबाद में नहीं हो सकी 10 से अधिक दस्तावेजों की रजिस्ट्री

**धनबाद , एजेंसी।** रजिस्ट्री ऑफिस धनबाद में शुक्रवार को 10 से अधिक दस्तावेजों की रजिस्ट्री नहीं हो सकी। खरीदार, विक्रेता व गवाहों का आधार सत्यापन हो गया। फोटो भी करा लिया गया लेकिन दस्तावेज की रजिस्ट्री नहीं हो पाई। रजिस्ट्री नहीं होने के कारण क्रेता-विक्रेता व अन्य को पुन- शनिवार को आना होगा। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि जिला अवर निबंधक दोपहर 3 बजे के बाद गोविंदपुर निबंधन कार्यालय चले गए। गोविंदपुर निबंधन कार्यालय में भी शुक्रवार को रजिस्ट्री के लिए 50 से अधिक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे ।यहां भी रात को लगभग आठ बजे तक दस्तावेजों का निबंधन किया गया। बताते चलें कि गोविंदपुर अवर निबंधक का स्थानांतरण 31 जरवरी को रांची कर दिया गया लेकिन उनके स्थान पर किसी की पदस्थापना नहीं हुई। लिहाजा गोविंदपुर निबंधन कार्यालय का प्रभार भी जिला अवर निबंधक रामजी तिग्गा के पास है। गुरुवार तक गोविंदपुर निबंधन कार्यालय में रजिस्ट्री पूरी तरह ठप था। बताते चलें कि धनबाद में लगभग 50-60 दस्तावेज तो गोविंदपुर में भी 40-50 दस्तावेज रजिस्ट्री के लिए प्रस्तुत किए जाते हैं।

# चंपई सरकार की ताला-चाबी हेमंत के पास ही है: भाजपा सांसद निशिकांत दुबे



**रांची, एजेंसी।** गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का कहना है कि हेमंत सोरेन की जगह चंपाई सोरेन के आने से भी कोई बदलाव नहीं दिखेगा, क्योंकि सिस्टम वही है। चंपाई सरकार की ताला-चाबी हेमंत सोरेन के पास ही है। सोरेन परिवार ने मधु कोड़ा पर विश्वास नहीं किया था, जबकि वह गुरुजी के ही मार्गदर्शन में सरकार चला रहे थे।

संभव है कि कुछ दिनों बाद सोरेन परिवार फिर मुख्यमंत्री बनना चाहेगा। हालांकि चंपाई सोरेन अपने दम पर नेता हैं, जबकि हेमंत सोरेन अनुकंपा के नेता हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछले चार साल में जो सरकार चली, मैंने इससे ज्यादा भ्रष्ट गवर्नमेंट नहीं देखा। कभी भी इस तरह से खुलेआम सिंडिकेट करप्शन नहीं देखा। प्राय- अधिकारी जो जिले में पोस्टेड हैं, उन्होंने एक पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में काम किया। सरकार में ट्रांसपेरेंसी कहीं नहीं दिखाई दी। इस करप्शन के कारण हेमंत सोरेन को जेल जाना ही था।

सीता सोरेन से होती है बातचीत, लोबिन के साथ कभी टच में नहीं रहा - उन्होंने कहा कि यह भी आरोप लगते रहे हैं कि सीता सोरेन और लोबिन हेंब्रम को झामुमो से अलग करने की कोशिश करता रहता हूं। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। सीता सोरेन के पति स्व. दुर्गा सोरेन मेरे अच्छे दोस्त थे।

2009 में अगर भाजपा के साथ गठबंधन नहीं टूटता और दुर्गा सोरेन गोड्डा से हमारे विरुद्ध नहीं लड़ते, तो शायद मैं सांसद नहीं बनता। इस कारण उनके साथ मेरा पारिवारिक संबंध है। सीता सोरेन से मेरी बातचीत होती रहती है। बसंत सोरेन से भी बातचीत होती है। वहीं, लोबिन हेंब्रम के साथ कभी टच में नहीं रहा। वे झारखंड के आंदोलनकारी हैं।

लोकसभा चुनाव-2024 पर उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा आभास दिखाई दे रहा है कि किसी दल से भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। पिछले 10 वर्षों में जिस तरह का ट्रांसफॉर्मेशन पीएम मोदी के नेतृत्व में हुआ है, वो कभी देश ने कल्पना भी नहीं की थी। आज पूरी दुनिया भारत का अनुशरण कर रहा है। अबुधाबी में मंदिर बन गया।

आज मालदीव से लेकर सूरीनाम तक देखें, यूपीआई या डिजिटल कार्ड का शुभारंभ पीएम ने किया। गरीबी रेखा से नीचे के 25 करोड़ लोगों का जीवन स्तर बढ़ा। इंफ्रास्ट्रक्चर में देखें तो रोड व रेल का जाल है। स्कूल व कॉलेज हैं। शायद ही कोई जिला है, जहां रेल नहीं पहुंचा है। देश के कई राज्यों में एम्स खुले हैं। ये जो आमूलचूल परिवर्तन आया है, इसके कारण ही पीएम मोदी के नेतृत्व पर लोगों को विश्वास है। लोकसभा चुनाव में एनडीए को 400 सीटें आएंगी।

निशिकांत दुबे ने कहा कि झारखंड का उदाहरण लेंगे तो मधु कोड़ा जेल गए। उस समय केंद्र और राज्य में कांग्रेस की ही सरकार थी। हरिनारायण राय और एनोस एक्का को जेल भेजा गया, जो सरकार को सपोर्ट कर रहे थे। झारखंड में यह कोई नई घटना नहीं है। यहां सिंडिकेट करप्शन होता रहा है। बातचीत के दौरान गोड्डा सांसद ने एक अहम सवाल पर भी अपनी बेबाक राय रखी।

उन्होंने कहा कि कई लोगों का कहना है कि सरकारी एजेंसियां जो करती हैं, उसकी जानकारी मुझे पहले से होती है। जबकि सच्चाई यह है कि मैंने व्यक्तिगत रूप से कई मुकदमे कर रखे हैं। लोकपाल की जांच चल रही है, यह केस भी मैंने किया है। अदालत में सुनवाई हो रही है। इस कारण कुछ जानकारियां मिलती रहती हैं।

उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन बहुत लो प्रोफाइल आदमी हैं। उन्होंने गुरुजी के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम किया है। वे अपने दम पर नेता हैं और हेमंत सोरेन अनुकंपा के आधार पर नेता हैं। लेकिन, सिस्टम तो वही है। हाल ही में पिंटू और धर्मेंद्र गोस्वामी ( चंपाई सोरेन के प्रेस सलाहकार ) के बीच का ऑडियो वायरल हुआ है। यदि वो सही है, तो यह दिखाता है कि किस तरह सिस्टम करप्ट है। चंपाई सोरेन उसे ठीक करना चाहते हैं, लेकिन वो सक्सेसफुल न होंगे।

उन्होंने आगे कहा कि सोरेन परिवार का इतिहास रहा है। वह सत्ता से दूर नहीं रह सकती है। इसका उदाहरण मधु कोड़ा हैं। गुरुजी के निर्देश के अनुसार ही मधु कोड़ा सरकार चला रहे थे, लेकिन उन पर भरोसा नहीं किया। उन्हें हटा कर गुरुजी को मुख्यमंत्री बनाया गया। लेकिन, गुरुजी सीएम रहते हुए तमाड़ विधानसभा उपचुनाव हार गए।

## केके पॉलीटेक्निक उप डाकघर में घोटाले की राशि 9.30 करोड़ पहुंची, 13 बैंकों समेत 94 खाते फ्रीज

**धनबाद , एजेंसी।** धनबाद डाक प्रमंडल अंतर्गत गोविंदपुर के केके पॉलीटेक्निक उप डाकघर में सरकारी राशि की हुई हेराफेरी में घोटाले की राशि बढ़ती जा रही है। शुरुआत में 1.80 करोड़ रुपए की हेराफेरी की बात सामने आई थी। अब तक की जांच में घोटाले की राशि बढ़कर 9 करोड़ 30 लाख पहुंच गई है। घोटाले की राशि और बढ़ने की संभावना है।

इधर डाक विभाग ने कार्रवाई करते हुए 94 खातों को फ्रीज कर दिया है। इनमें 70 पोस्ट ऑफिस के खाते हैं। अधिकतर केके पॉलीटेक्निक उप डाक घर के खाते शामिल हैं। इसके अलावा 11 डाक विभाग के सरकारी कर्मचारियों और 13 बैंकों के खाते हैं। बैंकों में सरकारी व निजी बैंकों के खाते शामिल हैं। सरकारी व निजी बैंकों के वैसे खाते फ्रीज किए गए हैं जिनमें इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक राशि ट्रांसफर की गई हैं।

घोटाले में प्रभारी सहायक पोस्टमास्टर सुमित सौरव कुमार की संलिप्तता सामने आई है। भरत प्रसाद, शंकर भाटिया व परितोष लकड़ा भी जांच के दायरे में आए हैं। सुमित सौरव ने जीएल अकाउंट की ( स्थापना मद, सरकारी कर्मियों का वेतन व विकास कार्य की राशि जीएल अकाउंट में रहता है ) राशि का गबन किया है। जीएल अकाउंट में राशि क्रेडिट होते ही डेबिट शो किया जा रहा था। जीएल की राशि निजी व सरकारी बैंक कर्मियों के खातों में डालकर निकासी की जा रही थी। प्रति निकासी पर 20त्न कमीशन का लोभ दिया गया।

डाक विभाग के जीएल अकाउंट की राशि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से विभिन्न सरकारी व निजी बैंकों में खाताधारकों के अकाउंट में ट्रांसफर की गई। जांच में डाक विभाग को बैंकों से सहयोग नहीं मिल रहा है। वरिष्ठ डाक अधीक्षक उत्तम सिंह का कहना है कि बैंक नहीं बता रहे कि किन-किन खाताधारकों के खाते में डाक विभाग की सरकारी राशि भेजी गई है। ई-मेल तक का जवाब नहीं दे रहे हैं। बैलेंसशीट मांगने पर बैंक बोलते हैं कि बैलेंसशीट देने का उनके पास अथॉरिटी नहीं है।

## पत्नी ही बन गई पति की कातिल, इस तरह से बनाया था हत्या का प्लान; पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा

**साहिबगंज, एजेंसी।** साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर आइओडब्लू विभाग में कार्यरत राजकुमार चंदन की हत्या उसकी पत्नी रिंकू देवी ने कराई थी।अपनी बहन पटना के बाढ़ की रहने वाली उषा देवी व उसके बेटे पंकज के साथ मिलकर उसने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को उन्हें जेल भेज दिया जाएगा।

उषा देवी व पंकज की गिरफ्तारी पटना जिले के बाढ़ स्थित उसके घर से शुक्रवार को हुई, जिस रात घटना हुई उसी दिन दिन उषा देवी व पंकज यहां आए। रात में घटना को अंजाम देकर ट्रेन पकड़ कर वापस लौट गए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस को तत्काल इस मामले में उसकी पत्नी की संलिप्तता का अंदाजा हो गया था, लेकिन चूंकि महिला का मामला था। इसलिए, पुलिस एक-एक कदम फूंक-फूंक कर रख रही थी।

बाद में पुलिस ने रिंकू देवी से सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गई और घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

उधर एक टीम बाढ़ पहुंची और रिंकू देवी की बहन उषा देवी व पंकज को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब हो कि राजकुमार का शव सोमवार रात उसके घर से बरामद किया गया था। गोली लगने से उसकी मौत हुई थी।

राजकुमार चंदन मूल रूप से बांका जिले के मंदार हिल रेलवे स्टेशन के पास का रहने वाला था। पत्नी व दो बच्चों के साथ वह रेलवे कालोनी में रहता था। उसकी ससुराल भागलपुर में थी। उसके ससुर भी रेलवे में थे। कुछ साल पूर्व अवकाश ग्रहण किया। घटना के बाद रिंकू देवी ने बताया था कि रात आठ बजे के आसपास खाना खाकर वे लोग सो गए।

पति बाहर वाले कमरे में थे जबकि वह बेटे के साथ अंदर वाले कमरे में थी। रात डेढ़ बजे के आसपास उसने गोली चलने की आवास सुनी। इसके बाद वह अपने कमरे से निकलकर आई तो देखा की पति को किसी ने गोली मार दी है। उनकी सांस चल रही थी। इसके बाद उसने शोर मचाया।

बाहर निकली तो घर के पास दो लोगों को भागते देखा। हालांकि, वह उन्हें पहचान नहीं सकी। उसने बताया था कि घर की कुंडी बाहर से थोड़ा धक्का देने पर खुल जाता था।

## पिता का आरोप मूकदर्शक बनी रही पुलिस, स्थानीय युवकों के साथ हुई मारपीट, नाराज युवक ने रात में कर ली आत्महत्या




**धनबाद , एजेंसी।** सरायढेला पुलिस मूकदर्शक बन कर तमाशा देखने का काम करती है... जब तक मेरे बेटे के हत्यारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं होती है... तब तक वह अपने बेटे के शव का दाह-संस्कार नहीं करेंगे और एसएनएमएमसीएच परिसर में बैठकर अनशन करते रहेंगे। यह कहना है इमरजेंसी वार्ड के बाहर शव के साथ धरना दे रहे पिता का।

यह है घटना -शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र के कोचाकुल्ही महतो टोला में बीती रात सरस्वती पूजा विसर्जन के दौरान स्थानीय युवकों में मारपीट की घटना घटी। जिसमें कुछ युवकों ने एक युवक राज कुमार दास के साथ बुरी तरह मार-पीट की। घटना की जानकारी मिलने पर युवक के पिता किशोर कुमार दास मौके पर पहुंचकर मामले को रफा-दफा किया। लेकिन मारपीट की घटना से आहत युवक राजकुमार ने घर में देर रात खुदकुशी कर ली।

जिसे देख परिजन युवक को लेकर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद युवक के पिता सरायढेला थाना पहुंचे और घटना की जानकारी देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया। पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर अस्पताल जाने को कहा। मामले को वहीं आकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मृतक के पिता किशोर कुमार दास की मानें तो पुलिस रात में अस्पताल आयी और बगैर कुछ पूछताछ किये मूक दर्शक बनी रही।

वहीं मृतक के पिता ने बताया कि अस्पताल कर्मियों ने युवक के शव को अस्पताल से बाहर ले जाने की बात कही। इससे दुखी और शोकग्रस्त पिता स्हस्रूष्ट॥ में इमरजेंसी वार्ड के बाहर शव को रखकर रोते-बिलखते दिखे। उन्होंने बताया कि जब तक पुलिस उनके बेटे के हत्यारे को गिरफ्तार नहीं करेगी, तब तक वह शव के पास बैठकर अनशन करते रहेंगे। इस घटना से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। वही शव के पास रोते-बिलखते परिजनों को देख लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गए। इस संबंध में अभी तक पुलिस का पक्ष नहीं मिल सका है। जबकि सरायढेला कोचाकुल्ही मोहल्ले के कई युवक अपने-अपने घरों से फरार बताए जा रहे हैं।

## रांची स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट समय से पहले पूरा, 900 करोड़ से बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर बना



**रांची , एजेंसी।** रांची स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट समय से पहले ही पूरा हो गया है। जून में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की मियाद पूरी होगी, लेकिन बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट पिछले वर्ष दिसंबर में ही पूरे हो गए थे। राज्य सरकार की चौथी वर्षगांठ के मौके पर बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट का उद्घाटन भी करा दिया गया था। लेकिन छोटे-मोटे बचे हुए कार्यों को अब पूरा किया गया है।

एलएंडटी द्वारा इस प्रोजेक्ट को जुडको को हैंडओवर किया जाएगा। इसके बाद स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन को हैंडओवर किया जाएगा। बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य योजनाओं पर कॉर्पोरेशन ने 900 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर दिया। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार से 490 और राज्य सरकार से 490 करोड़ रुपए फंड मिले थे।

कॉर्पोरेशन ने इस पैसे से स्मार्ट कमांड एंड कम्युनिकेशन सेंटर, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत सड़क, सीवरेज-ड्रेनेज, पाथ वे, साइकिल ट्रैक, बस स्टॉपेज, बिजली-पानी और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया। लेकिन अब प्रोजेक्ट समाप्त होने के बावजूद आम लोगों को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से सीधे तौर पर कोई फायदा नहीं हुआ।

क्योंकि, स्मार्ट सिटी में प्रस्तावित आवास का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ है। स्मार्ट सिटी में 15 हजार फ्लैट बनाने की योजना है। इसमें 75 हजार आबादी के रहने की व्यवस्था होगी। लेकिन अभी तक एक भी आवासीय प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। ऐसे में अगले चार से पांच वर्ष तक इसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल सकेगा।

स्मार्ट सिटी में कुल छह आवासीय प्लॉट का ऑक्शन पहले फेज में किया गया था। सभी प्लॉट रांची के बिल्डरों ने ही लिए हैं। लेकिन अभी तक इस पर निर्माण शुरू नहीं हुआ है। हालांकि, स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन ने एक बिल्डर को छोड़कर सभी के नाम जमीन की रजिस्ट्री कर दी है। दो बिल्डर ने अपार्टमेंट बनाने का नक्शा भी ऑनलाइन जमा किया था, लेकिन आगे का प्रोसेस नहीं हुआ।

स्मार्ट सिटी में प्रस्तावित भवनों का नक्शा पास करने पर भी सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि, नगर विकास विभाग ने पथ निर्माण कैडर के कार्यपालक अभियंता रमेन्द्र कुमार को विभाग का टाउन प्लानर बना दिया है। वे स्मार्ट सिटी के टाउन प्लानर के प्रभार में भी हैं। इस फैसले से स्मार्ट सिटी के स्मार्टनेस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।धुर्वा में बन रहे स्मार्ट सिटी के 36 प्लॉट के लिए ऑक्शन जनवरी, 2024 में होना था, लेकिन ईडी की कार्रवाई और तत्कालीन मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद बने माहौल की वजह से प्लॉट के ऑक्शन की तिथि नहीं निकाली गई। प्लॉट का ऑक्शन नहीं होने से स्मार्ट सिटी के 656 एकड़ क्षेत्र के मास्टर प्लान में भी संशोधन नहीं हो रहा है।

दरअसल, स्मार्ट सिटी के पुराने मास्टर प्लान में कॉमर्शियल प्लॉट और मिक्स्ड यूज प्लॉट का क्षेत्रफल काफी अधिक है। प्लॉट छोटा करने की मांग लंबे समय से की जा रही है, इसके लिए मास्टर प्लान में संशोधन करना था। इसी बीच स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन ने चौथी बार जमीन का ऑक्शन करने की घोषणा कर दी। जब तक ऑक्शन की प्रक्रिया पूरी नहीं होगी, मास्टर प्लान में संशोधन नहीं हो पाएगा।

## मंत्रिमंडल विस्तार से ठीक पहले कांग्रेस में भारी विरोध



**रांची, एजेंसी।** मंत्रिमंडल विस्तार से ठीक पहले कांग्रेस में भारी विरोध शुरू हो गया। जैसे ही मंत्रिमंडल की तस्वीर साफ हुई, कांग्रेस विधायकों ने विरोध शुरू कर दिया। नाराज विधायकों ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने से भी इनकार कर दिया। वे सर्किट हाउस के कमरा नंबर 107 में जमा हो गए। हालात ऐसे बिगड़े कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर को मनाने जाना पड़ा। वे दोपहर 1-35 बजे कमरे नंबर 107 में पहुंचे। उन्हें मनाना शुरू किया।

विधायकों की मांग थी कि कांग्रेस कोटे के चारों मंत्रियों को हटाया जाए। एक व्यक्ति एक पद का फॉर्मूला लागू हो। मंत्रिमंडल में कांग्रेस के पांच मंत्री हों और सभी प्रमंडलों से एक-एक कांग्रेस नेता को मंत्री पद मिले। इस पर प्रदेश प्रभारी ने कहा कि फिलहाल केंद्र के फैसले पर अमल हो। विधायकों की बात आलाकमान तक पहुंचाएंगे। इसके बाद विधायक राजभवन जाने को तैयार हुए। प्रदेश प्रभारी के साथ ही दोपहर 2-35 बजे वे लोग राजभवन रवाना हुए।

राज्य में गठबंधन सरकार बनने के चार साल में यह पहला मौका है, जब कांग्रेस के नाराज विधायकों ने खुलकर अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने प्रदेश प्रभारी के सामने विरोध दर्ज कराया है, मीडिया में भी अपनी बात रखी। बैठक के दौरान विधायकों के सामने ही प्रदेश प्रभारी ने आलाकमान से बात की। बैठक के बाद मीर ने कहा कि विधायकों में कोई नाराजगी नहीं है। वे अपने क्षेत्र और राज्य की समस्याओं के साथ ही जनता की समस्याओं पर बात कर रहे थे। विधायकों को जनता के बीच रहना पड़ता है। इसलिए उनकी बातें जायज हैं।

विधायकों ने प्रदेश प्रभारी से कहा-कांग्रेस कोटे के मंत्री कांग्रेसी विधायकों के फोन नहीं उठाते। ऐसे में वे मंत्री के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं करा पाते हैं। इससे जनता के बीच विधायकों के साथ ही पार्टी की छवि भी खराब हो रही है। उनका कहना था कि जब झामुमो में बदलाव हो सकता है, तो कांग्रेस में ऐसा क्यों नहीं हो रहा। बैठक के बाद विधायक अनूप सिंह ने कहा-विधायकों की नाराजगी दूर हुई या नहीं, यह प्रभारी को बता दिया गया है।

आलाकमान तक भी बात पहुंचा दी गई है। वहीं, इरफान अंसारी ने कहा कि मंत्रियों के शपथ लेने का यह मतलब नहीं है कि वे इस्तीफा नहीं देंगे। रांची में बात नहीं सुलझी, तो पार्टी विधायक दिल्ली जाकर आलाकमान से मुलाकात करेंगे। पार्टी विधायकों ने सामूहिक रूप से बैठक कर इसे गलत बताया है। मंत्रिमंडल पर फिर से विचार करने का आग्रह 12 विधायकों ने किया है।

कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने कहा कि शुक्रवार को जो मंत्रिमंडल विस्तार हुआ, यह पार्टी का फैसला है। लेकिन, समारोह में पार्टी के 12 विधायक एक साथ बैठे थे। सबका विचार है कि जो मंत्रिमंडल बना है, उस पर फिर से विचार किया जाए।

## प्रेमी ने शादी से किया इनकार तो इंटीरियर डिजायनर प्रेमिका ने मानगो के होटल में लगा ली फांसी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** प्रेमी के शादी से इनकार करने पर भुइयांडीह ह्यूमपाइप बस्ती छायानगर निवासी इंटीरियर डिजाइनर ने मानगो के नानक रेजीडेंसी होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव गुरुवार को होटल के कमरा नम्बर 302 में फंदे से लटकता मिला। युवती का नाम कोमल कुमारी (26) था। वह भालूबासा निवासी युवक से शादी करना चाहती थी, लेकिन वह कहीं और शादी करना चाह रहा था। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात आठ बजे वह होटल में आई थी। उसने नानक रेजीडेंसी में एक कमरा बुक किया। उसके पास स्थानीय आई कार्ड होने के कारण पहले कमरा नहीं दिया गया। लेकिन उसने कहा कि वह बाहर में काम करती है लेकिन स्थानीय है। वह जमशेदपुर से शिफ्ट कर गई है। इसके बाद उसे कमरा दे दिया गया।

ऑटो बुक किया था, फोन नहीं उठाने पर होटल स्टॉफ गए कमरे में

गुरुवार सुबह युवती ने कहीं जाने के लिए ऑटो बुक किया था। लेकिन जब ऑटो आ गया और होटल के स्टाफ ने उसको फोन किया तो फोन रिसीव नहीं कर रही थी। तब जाकर देखा गया तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई। मास्टर की से कमरा खोला गया तो कोमल का शव फंदे से लटक रहा था। कोमल ने एक पेज का सुसाइड नोट भी लिखा है। यह नोट पुलिस को जांच के दौरान मिला। कोमल का मोबाइल फोन भी पुलिस को मिला है।

मोबाइल जब्त करने के बाद इस पर एक कॉल भी आई। भालूबासा का रहने वाला चंदन पाठक फोन कर रहा था। पुलिस ने उसको फौरन बुलाया तो उसने बताया कि उसकी कोमल से दोस्ती थी। पैसे का लेन-देन भी हुआ था। कोमल ने चंदन के खिलाफ सीतारामडेरा थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी।कोमल की मां शकुंतला देवी ने बताया कि कोमल बुधवार को कामाख्या देवी का दर्शन करने गुवाहाटी जाने की बात कहकर घर से निकली थी। लेकिन वहां नहीं गई और होटल के कमरे में जाकर फांसी लगा ली।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीराम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिला, पुलिस और एजेंसियां जांच में जुटीं

**लखनऊ , एजेंसी।** लखनऊ में राम मंदिर और बीकेटी थाने को बम से उड़ाने की धमकी का पत्र मिला है। पुलिस व एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं।

लखनऊ के बीकेटी क्षेत्र के पाल रेस्टोरेंट में श्रीराम मंदिर और बीकेटी थाने को बम से उड़ाने की धमकी भरे दो पत्र मिले हैं। पुलिस के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां इनकी जांच कर रही हैं। पत्र में जिस महिला का नाम व मोबाइल नंबर लिखा है, उसकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

बीकेटी इंस्पेक्टर के मुताबिक, दो दिन पहले भी बरगदी पुलिया पर धमकी भरा पत्र मिला था। उस पत्र में भी उसी महिला के नाम व मोबाइल नंबर लिखा था। मामले की जांच की जा रही है।

देवी-देवताओं की फोटो को एडिट कर आपत्तिजनक बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला शुक्रवार को सामने आया है। हिंदू संगठन और करणी सेना ने बीकेटी पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

बीकेटी के रामपुर वार्ड निवासी सभासद विकास सिंह के मुताबिक स्वामी मुकेशानंद महराज के मुखार बिंदु से रामकथा नामक व्हाट्सएप ग्रुप में बीकेटी के हाजीपुर गांव निवासी युवक जुड़ा है।

आरोप है कि युवक ने बजरंगबली की फोटो एडिट कर उसे आपत्तिजनक बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बीकेटी इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सभासद की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### एकतरफा मोहब्बत, शादीशुदा महिला के प्यार में युवक ने दी जान

**बिठूर, एजेंसी।** एकतरफा प्यार में पागल गैर समुदाय के युवक ने जीटी रोड स्थित रामनगर रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद युवक के स्वजन ने महिला के घर पहुंचकर उसे धमकाया, जिससे डरकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन ने उसे चौबेपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं युवक के घर वालों ने महिला के स्वजन पर उसकी हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक किनारे फेंकने का आरोप लगाया है।

चौबेपुर के भवानीपुर निवासी 24 वर्षीय पेंटिंग ठेकेदार सलमान उर्फ मुन्ना का पड़ोस के गांव में एक महिला के घर आना जाना था। महिला का पति सलमान के साथ काम करता है। इसी वजह से सलमान फोन पर अक्सर उससे बातचीत के दौरान मजाक करता था। महिला का आरोप है कि इस दौरान उसने उसकी काल की रिकार्डिंग कर ली।

बुधवार देर रात सलमान नशे की हालत में आया और अकेले में मिलने को कहा लेकिन उसने मना कर दिया। इसके बाद सलमान ने रामनगर गांव के सामने ट्रेन से कटकर जान दे दी। देर रात तक सलमान के घर न पहुंचने पर पिता जहांगीर और भाई नूरआलम व नन्हें महिला के घर पहुंचे और धमकाते हुए कहा कि उनका बेटा नहीं मिला तो वह पूरे परिवार को जेल भिजवा देंगे। गुरुवार सुबह जब सलमान का शव रामनगर क्रासिंग पर मिला तो स्वजन ने महिला और उसके स्वजन पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय बिठूर पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं सलमान की मौत से डरी सहमी महिला ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। सूचना पर एसीपी बिल्हौर अजय कुमार त्रिवेदी चौबेपुर पहुंचे। महिला की हालत अब स्थिर है।

### सुहागरात मनाने से पहले दूल्हा ने खाईं सेक्सवर्धक गोलियां, दुल्हन की चली गई जान

**हमीरपुर, एजेंसी।** शादी के बाद ससुराल पहुंची नवविवाहिता पत्नी के साथ पति द्वारा सुहागरात में सेक्सवर्धक गोलियां खाकर संबंध बनाने से पत्नी की हालत बिगड़ गई और वह बुरी तरह से जख्मी हो गई। सात फरवरी को पीड़िता को इलाज के लिए कानपुर में भर्ती कराया गया। जिसकी इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। इस घटना से मृतक नवविवाहिता के स्वजन ने सोमवार को एसपी को प्रार्थना पत्र देकर पति समेत ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं नवविवाहिता ने जेएनएम व आरोपित पति इंजीनियर है।

# निरस्त हुई यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने बताई सच्चाई



**लखनऊ, एजेंसी।** पुलिस विभाग में सबसे बड़ी भर्ती परीक्षा से पहले स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के साथ ही सभी जिलों में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। भर्ती रद होने की अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित परीक्षा रद होने के भ्रामक संदेशों का पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने खंडन किया है।

सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा निर्धारित तिथि 17 व 18 फरवरी को सभी जिलों में दो पालियों में होगी। प्रदेश में 2,385 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं, जहां बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के बाद ही अभ्यर्थी को प्रवेश मिलेगा। आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती के लिए कुल 48, 17,441 अभ्यर्थियों में 15,48,969 महिला अभ्यर्थी भी शामिल हैं। प्रत्येक पाली में 12,04,360 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

परीक्षा से पूर्व शुक्रवार को एसटीएफ ने झांसी से पेपर लीक कराने का प्रयास कर रहे दो आरोपितों को दबोचा है। जबकि अभ्यर्थियों से ठगी करने के लिए सक्रिय गिरोह के दो बदमाशों को वाराणसी से गिरफ्तार किया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार का कहना है कि अब तक कुल चार आरोपित पकड़े गए हैं, जिनके अन्य साथियों की तलाश कराई जा रही है। सभी जिलों में सुरक्षा प्रबंधों के साथ बेहतर यातायात प्रबंधन के कड़े निर्देश दिए गए हैं। शरारती तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

हर परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। जबकि परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों की संख्या के अनुरूप केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में पुलिस उपाधीक्षक व निरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा केंद्रों में हर कोने में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं, जिनके माध्यम से निगरानी होगी।

अभ्यर्थियों को बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिलेगा। डीजी पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड रेणुका मिश्रा के अनुसार परीक्षा के लिए विभिन्न प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है। हर जिले में डीएम पर्यवेक्षक (मजिस्ट्रेट) हैं, जिनके स्तर से परीक्षा केंद्रों में ड्यूटी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती समेत अन्य प्रशासनिक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। हर केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ सहायक केंद्र पर्यवेक्षक की तैनाती की गई है। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी (प्रशासन) के रूप में नियुक्त किया गया है।

तीन परीक्षा केंद्रों पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए उड़न दस्ते भी मुस्तैद रहेंगे। जिन परीक्षा केंद्रों पर एक हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे, वहां पुलिस उपाधीक्षक तैनात रहेंगे। एक हजार तक अभ्यर्थी वाले सेंटर पर इंस्पेक्टर और 500 अभ्यर्थी तक वाले केंद्र पर उपनिरीक्षक को नियुक्त किया गया है। परीक्षा केंद्रों पर डीएम व केंद्र व्यवस्थापक (प्रधानाचार्य) द्वारा 50-50 प्रतिशत कर्मियों की नियुक्त की गई है। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की चेकिंग, फ्रिस्किंग व पर्यवेक्षण के कड़े प्रबंध किए गए हैं। बायोमैट्रिक फिंगर प्रिंट व फेशियल रिकग्निशन के बाद अभ्यर्थी को प्रवेश दिया जाएगा। फेशियल रिकग्निशन में संशय होने पर अभ्यर्थी का आधार प्रमाणीकरण कराया जाएगा। इसके अलावा सभी केंद्रों पर मोबाइल, ब्लूटूथ व अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस को निष्क्रिय करने के लिये जैमर लगाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों के जरिए परीक्षा कक्ष व केंद्र की निगरानी होगी, जिसकी लाइव फीड जिलों के पुलिस कंट्रोल रूम व भर्ती बोर्ड के कंट्रोल रूम को उपलब्ध होगी। उप्र के अलावा अन्य 10 राज्यों के छह लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने भी आवेदन किया है। इनमें बिहार के 2,67,305 अभ्यर्थी, हरियाणा के 74,769 अभ्यर्थी, झारखंड के 17,112 अभ्यर्थी, मध्य प्रदेश के 98,400 अभ्यर्थी, दिल्ली के 42,259 अभ्यर्थी, राजस्थान के 97,277 अभ्यर्थी, उत्तराखंड के 14,627 अभ्यर्थी, बंगाल के 5,512 अभ्यर्थी, महाराष्ट्र के 3,151 अभ्यर्थी तथा पंजाब के 3,404 अभ्यर्थी शामिल हैं।

## सिपाही भर्ती परीक्षा : सॉल्वर गिरोह के पांच सदस्यों समेत 10 को पुलिस ने दबोचा, ब्लूटूथ, सिमकार्ड बरामद

**प्रयागराज, एजेंसी।** झूंसी में एक परीक्षा केंद्र के पास से पुलिस ने सॉल्वर गैंग के पांच सदस्यों समेत 10 लोगों को दबोच लिया है। यह लोग सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली करने की तैयारी कर रहे थे। इनके पास से ब्लूटूथ डिवाइस, सिम कनेक्टर आदि बरामद हुए हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली की तैयारी कर रहे सॉल्वर गिरोह के पांच सदस्यों समेत 10 लोगों को पुलिस ने शनिवार को परीक्षा शुरू होने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी झूंसी में हुई है। आरोपी के पास से ब्लूटूथ डिवाइस के साथ ही सिमकार्ड रीडर भी बरामद किया गया है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है.

पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी की तैयारी कर रहे हैं और इसके लिए सॉल्वर गैंग सक्रिय हो गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने झूंसी से पांच लोगों को डिवाइस के साथ दबोच लिया। इसके अलावा इनका सहयोग करने वाले अन्य पांच लोगों को भी पकड़ लिया गया है।

सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए जनपद में कुल 126 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें प्रत्येक 24 अभ्यर्थियों पर एक सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गई है। इन कैमरों के फुटेज की लाइव निगरानी की व्यवस्था की गई है। पुलिस लाइन स्थित कमांड सेंटर में ही इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम का प्रभारी इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी को बनाया गया है।

परीक्षा केंद्रों पर लगे कैमरों को सीधे कंट्रोल रूम से कनेक्ट किया गया है। इसमें एक बड़ी स्क्रीन भी लगाई गई है। स्क्रीन पर हर परीक्षा केंद्र पर लगे कैमरों के फुटेज को लाइव देखने का इंतजाम किया गया है। कंट्रोल रूम में बैठकर अफसर एक साथ 16 कैमरों के फुटेज को इस स्क्रीन पर देख सकते हैं। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर किसी एक केंद्र पर लगे एक कैमरे के जरिए परीक्षा कक्ष में हो रही गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। जिले में लगभग 69 हजार परीक्षार्थी हिस्सा ले रहे हैं। इसके लिए 44 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 174 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती के साथ ही तीन उड़नदस्ते भी लगाए गए हैं।

## राजधानी में 133 केंद्रों पर परीक्षा शुरू, सॉल्वरों पर कड़ी नजर; केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी में 133 केंद्रों पर सिपाही भर्ती की परीक्षा शुरू हो गई है। सीसी कैमरों से परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जा रही है। एसटीएफ और पुलिस बल की साल्वरों पर पैनी नजर है। केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू हुई। परीक्षा से करीब पौने घंटे पहले ही केंद्र में अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाने लगा। गोमतीनगर में महामना इंटर कालेज में डीजीपी प्रशांत कुमार पहुंचे। उन्होंने कहा पारदर्शी, निष्पक्ष, नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कई जिलों में परीक्षा में सेंध लगाने की कोशिश करने वालों, ठगने वालों की गिरफ्तारी भी हुई है। इंटरनेट मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर है। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा शुरू होने से ही केंद्र के बाहर तैनात पुलिस कर्मी माइक से एनाउंस करते रहें कि कोई भी अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रानिक घड़ी, डिवाइस अथवा अन्य उपकरण केंद्र के अंदर लेकर न जाए। अभ्यर्थी के पास इलेक्ट्रानिक डिवाइस अथवा उपकरण मिलने पर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। एसटीएफ और पुलिस का दस्ता परीक्षा केंद्रों के आस पास और एक किमी के दायरे में सर्विलांस की मदद से एक्टिव मोबाइल नंबरों पर नजर रखे है। संदिग्ध नंबरों की तफ्तीश में भी टीमें लगाई गई हैं। इसके अलावा इंटरनेट मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए साइबर क्राइम सेल की टीम लगी है।



## दिन में बेचता था कपड़े, रात में बम बनाता था जावेद; मुजफ्फरनगर दंगे से भी हो सकता है कनेक्शन



**मेरठ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की काली नदी पुल से टाइमर बन मिलने से शुक्रवार को खलबली मच गई थी। एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) ने बम बनाने वाले मास्टरमाइंड जावेद को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चार बोतल बम बरामद किए गए। पकड़ा गया जावेद दिन में फुटपाथ पर ठेली लगाकर टी-शर्ट और लोअर बेचता था।

पिता की मौत के बाद मां नेपाल में ही रहती है। वर्तमान में जावेद चाचा आरिफ के साथ रहता है। आरिफ पटियाला में कपड़े का काम करता है। जावेद अक्सर नेपाल मां से मिलने के लिए जाता था। कक्षा 7वीं तक नेपाल में पढ़ाई की है। आने के बाद जावेद ने 10वीं तक की पढ़ाई यहां की।

एसटीएफ के एएसपी बृजेश सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इमराना ने 2013 में हुए मुजफ्फरनगर दंगे और 2020 में सीएए के विरोध में हुए बवाल में अपने लोगों को सौ से अधिक बम दिए थे। उन बमों को बनाने में जावेद की भूमिका तलाशी जा रही है। जावेद पर बम बनाने के लिए अन्य ऑर्डर भी आए थे। वह हिंसा और दंगों के लिए भी बम तैयार कर रहा था। जावेद से ऑर्डर की सूची भी एसटीएफ ने हासिल कर ली है। सूची में शामिल लोग एवं जावेद के संपर्क के लोगों को भी जांच के दायरे में लाया गया है। जावेद ने पूछताछ में बताया कि इमराना तंत्र क्रिया करती है।

एएसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इमराना ने 2013 में हुए मुजफ्फरनगर दंगे और 2020 में सीएए के विरोध में हुए बवाल में अपने लोगों को सौ से अधिक बम दिए थे।

## संगम तट से विदाई की बेला पास, शैया दान कर रहे हैं कल्पवासी; जानिए आखिरी स्नान की तारीख

**प्रयागराज, एजेंसी।** संगम तट से विदाई की बेला आ गई है। घर-गृहस्थी में लौटने से पहले कल्पवासी शैया दान कर रहे हैं। जीवन-मृत्यु के बंधनों से मुक्ति की संकल्पना को साकार करने के लिए शैया दान का क्रम आरंभ हो गया है। यथा शक्ति तत्र दाने, शैया दान स्वयं प्रभा.. के भाव से कल्पवासी तीर्थपुरोहितों को दान कर रहे हैं।

कल्पवासी अपनी सामर्थ्य के अनुसार बाइक, एलईडी, डबल बेड, फ्रिज आदि दान कर रहे हैं। दंडी स्वामी नगर में तीर्थ पुरोहित हनुमान जी महाराज के शिविर में कल्पवास कर रहे प्रतापगढ़ के कुंडा तहसील के निवासी ओम प्रकाश द्विवेदी ने शैया दान किया। कल्पवास के 16वें वर्ष उन्होंने सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन, बक्शा, सोने का सिक्का, अनाज आदि का दान करके आशीर्वाद लिया।

तीर्थपुरोहित गंगा महासभा के अध्यक्ष धीरज शर्मा के संगम अपर मार्ग स्थित शिविर में कल्पवास करने वाली दिल्ली की बेबी पाठक ने फ्रिज, डबल बेड, एलईडी, बर्तन आदि दान दिया है।





प्रयागराज में माघ मास में दान करने का अक्षय पुण्य प्राप्त होता है। स्नान-दान की परंपरा सदियों से चली आ रही है। प्राचीन काल में महाराजा हर्षवर्धन प्रतिवर्ष माघ मास में संगम स्नान करने आते थे। स्नान के बाद समस्त संपदा दान करके एक वस्त्र में लौटते थे।

पाराशर ज्योतिष संस्थान के निदेशक आचार्य विद्याकांत पांडेय के अनुसार कल्पवास 12 वर्ष में पूर्ण होता है। शैया दान करने पर ही कल्पवास का पूर्ण फल प्राप्त होता है। इसे श्रेयो दान अथरत श्रेय के लिए दान करने का विधान है। उसी को शैया व सजिया दान कहते हैं। अग्नि पुराण, स्कंध पुराण में इसका जिक्र है। इसमें गृहस्थी की वो समस्त सामग्री दान दी जाती है, जिसका उपभोग कल्पवासी करते हैं। इसी कारण वाहन, टीवी, बेड, घड़ी, फ्रिज, गाय व अन्न आदि का दान दिया जाता है। इसके जरिए कल्पवासी अगला जन्म भी इसी तरह सुखी व संपन्न पाने की कामना करते हैं।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला; अगले 6 महीने यूपी में नहीं कर सकेंगे कोई भी हड़ताल



**लखनऊ, एजेंसी।** योगी सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा फैसला लिया है। योगी सरकार ने यूपी में हड़ताल पर अगले 6 महीने के लिए पाबंदी लगा दी है। यह नियम राज्य सरकार के अधीन सरकारी विभागों, निगम और प्राधिकरण विभाग पर लागू रहेगा। सरकार ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत बिना वारंट जारी करे ही पुलिस हड़ताल करने वालों को गिरफ्तार कर सकती है। बता दें कि कई बार सरकारी कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ जाते हैं। ऐसे में कई बार कार्य प्रभावित होता है। वहीं लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## न परिवार को कुछ पता, न पुलिस कुछ बता पा रही, युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**कानपुर, एजेंसी।** कल्याणपुर दलहन अनुसंधान के पास युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल पर मिले युवती के मोबाइल फोन से पुलिस ने स्वजन को जानकारी दी तो उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतका की पहचान अपनी बेटी के रूप में की।

बर्रा छह निवासी विजय सिंह की 23 वर्षीय इकलौती छोटी बेटी निशा कल्याणपुर के एक माल में काम करती थी और वहीं पर किराए पर कमरा लेकर रहती थी। देर रात स्वजन ने निशा को फोन किया तो नंबर पहुंच से बाहर बताता रहा। स्वजन ने सुबह भी फोन किया लेकिन निशा से बात नहीं हो सकी।

इसके बाद कल्याणपुर पुलिस ने स्वजन को फोन करके जानकारी दी कि उनकी बेटी ने दलहन अनुसंधान क्रॉसिंग के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है।

इसके बाद स्वजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और बेटी की पहचान की।

पिता विजय सिंह ने बताया कि गुरुवार को पत्नी रामजानकी उससे मिलने के लिए कल्याणपुर गई थी लेकिन उससे बातचीत के दौरान ऐसा नहीं लगा कि वह ऐसा कदम उठा लेगी। कल्याणपुर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि स्वजन को घटना की जानकारी देने के साथ ही युवती का मोबाइल कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट : बीटीसी के बराबर नहीं है नर्सरी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र

**प्रयागराज, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नर्सरी प्रशिक्षण प्रमाण बीटीसी के बराबर मानने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि नर्सरी ट्रेनिंग सर्टिफिकेट प्री स्कूल और कक्षा दो तक पढ़ाने के लिए दिया जाता है, जबकि बीटीसी कक्षा पांच तक के बच्चों को पढ़ाने के लिए डिप्लोमा कोर्स है।



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नर्सरी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र को बीटीसी (बेसिक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट) के बराबर मानने से इनकार किया है। कोर्ट ने अर्जियां खारिज करते हुए कहा कि बीटीसी का पाठ्यक्रम कक्षा 5 तक पढ़ाने के लिए है, जबकि सर्टिफिकेट ट्रेनिंग (शिशु शिक्षा) की पाठ्य सामग्री प्री-स्कूल से कक्षा-2 तक पढ़ाने के उद्देश्य से बनाई गई है। दोनों कोर्स को बराबर नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने बाराबंकी जिले की माला यादव, ममता, बिंदु यादव व अन्य की याचिकाओं को खारिज करते हुए यह आदेश दिया।

याचीगणों ने उप्र बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों में 2013 में सहायक अध्यापक के लिए आवेदन किया था। आवेदकों ने नर्सरी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर सहायक शिक्षक भर्ती की काउंसलिंग में भाग लिया, लेकिन आवश्यक योग्यता नहीं होने का हवाला देकर नियुक्त नहीं दी गई।

याचीगण ने दलील दी कि उन्होंने नर्सरी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र को उसी तरह से हासिल किया है, जैसे दो वर्षीय बीटीसी या दो वर्षीय उर्दू बीटीसी पाठ्यक्रम है। दावा किया कि यह प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा के बराबर है और बीटीसी के बराबर भी। लिहाजा, वह भी इसके लिए न्यूनतम पात्रता रखते हैं।

सरकारी अधिवक्ता ने कहा कि याचीगण ने ऑनलाइन फॉर्म में बीटीसी उत्तीर्ण बताते हुए आवेदन किया था, जबकि उन्होंने बीटीसी कभी किया ही नहीं। यह धोखाधड़ी की गई। चूंकि न्यूनतम पात्रता बीटीसी उत्तीर्ण थी, जो याचीगण नहीं हैं। इसी के साथ कोर्ट ने याचीगण की अर्जियां खारिज कर दीं।

## बिना अतिक्रमण हटाए बंद किया कट, वाहन सीधे निकले, पर यूटर्न प्वाइंट पर दिखा ये असर

**कानपुर, एजेंसी।** नरेन्द्र मोहन सेतु से उतरकर जेके मंदिर होते हुए फजलगंज चौराहा जाने वाले लोगों को जेके मंदिर से आगे चौराहा पर लगने वाले जाम से नहीं जूझना पड़ेगा। चौराहे के कट को ट्रैफिक पुलिस ने बंद कर दिया है।

कट बंद करने के आधे घंटे बाद ही चौराहा पर वाहन बिना रुके बढ़ते रहे लेकिन शिवाजी नगर के सामने वाले चौराहे पर यूटर्न लेने वाले वाहनों के कारण जाम की स्थिति रही। ट्रैफिक पुलिस ने शिवाजी नगर के सामने वाले चौराहा के आसपास फुटपाथ और सड़क पर लगे अतिक्रमण नहीं हटाया, जिससे वाहनों को यूटर्न लेने के लिए कम जगह मिली और जाम लगने लगा।

डबल पुलिया से आने वाले वाहन जिसको जेके मंदिर, फजलगंज की तरफ जाना है, ऐसे वाहन चौराहा से बाएं मुड़कर कैंडी फ्लास स्कूल के आगे बने कट से यूटर्न लेकर निकलेंगे।



नरेन्द्र मोहन सेतु से डबल पुलिया की ओर जाने वाले वाहनों को जेके मंदिर के आगे वाले चौराहे से सीधे आगे जाकर गुर्जर हास्पिटल के सामने यूटर्न लेकर निकलना होगा। जेके मंदिर की ओर से आने वाले वाहन जिनको डबल पुलिया या नरेन्द्र मोहन सेतु की ओर जाना है, उन्हें जेके मंदिर से आगे वाले चौराहे से बाएं मुड़कर गुर्जर हास्पिटल के सामने से यूटर्न लेकर निकलना होगा। फजलगंज, मरियमपुर की ओर से आने वाले वाहनों को यदि नजीराबाद या राजापुरवा की तरफ जाना है तो जेके मंदिर के आगे वाले चौराहे से सीधे आगे जाकर कैंडी फ्लास स्कूल के आगे बने कट से यूटर्न लेकर निकलना होगा।

# चचेरे भाई और भतीजी के कातिल को फांसी की सजा, गांव में दौड़ाकर दिनदहाड़े की थी हत्या

**महराजगंज, एजेंसी।**
यूपी के महराजगंज में चचेरे भाई और भतीजी की बेरहमी से की गई हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने अभियुक्त को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 2 लाख 25 हजार जुर्माना भी लगाया है। पुरन्दरपुर क्षेत्र के मानिक तालाब टोला चन्नीपुर में 2 अप्रैल 2014 को दिनदहाड़े बैजू उर्फ बैजनाथ ने अपने चचेरे भाई निर्मल और भतीजी की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस मामले में भतीजी ज्ञानती के पिता राजेन्द्र चौधरी की तहरीर पर पुरन्दरपुर थाने में केस दर्ज कराया। वादी के मुताबिक बैजू के पिता यमुना चौधरी से 15-20 साल पहले जमीन का विवाद था। उस समय बैजू छोटा था। विवाद उसी समय सुलझ गया था। बैजू जब बड़ा हुआ तो उसी मामले को लेकर रंजिश रखने लगा था। रंजिश के कारण ही उसने ज्ञानती व उसके ताऊ निर्मल की दिनदहाड़े गांव में दौड़ा कर हत्या कर दी।

ट्रायल के दौरान 14 गवाहों में से दस ने गवाही की। साक्ष्यों के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने अभियुक्त बैजू उर्फ बैजनाथ को दोषी करार दिया। कोर्ट ने अभियुक्त को मौत



की सजा सुनाते हुए आदेश दिया कि उसे तब तक गर्दन से फांसी पर लटकाया जाए जब तक वह मर न जाए। जिले में फांसी की सजा का यह दूसरा मामला है। इसके पहले सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपरा कल्याण गांव में हुई हत्या के मामले में कोर्ट ने वर्ष 2003 में फांसी की सजा सुनाई थी। बचपन की रंजिश को मन में पालकर बड़ा हुआ बैजू उर्फ बैजनाथ ने 2 अप्रैल 2014 को दोहरे हत्याकांड को अंजाम देकर चचेरे भाई व भतीजी को मौत के घात उतार दिया था। दिन दहाड़े हुई इस घटना से पुरन्दरपुर थानाक्षेत्र का मानिक तालाब गांव दहल उठा था। घटना के बाद बैजू भगाने के दौरान पीछा कर रहे ग्रामीणों को धारदार हथियार लहरा कर भयभीत करने की कोशिश किया था, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया।

पत्रावली के मुताबिक बैजू के मन में रंजिश दोहरे हत्याकांड के करीब बीस साल पहले ही पल गई थी। उस समय वह छोटा था। पिता व चाचा के बीच भूमि को लेकर लफड़ा था। बाद में उसे सुलझा लिया गया था, लेकिन बैजू उर्फ बैजनाथ उस रंजिश को मन में पाले रहा। घर के अंदर खुद ही लोहे का हथियार बनाता रहा। वादी राजेन्द्र चौधरी के मुताबिक बैजू के रंजिश को वह समझ नहीं पाए। दो अप्रैल 2014 को चचेरा भाई निर्मल की हत्या की योजना उस समय बनाया जब परिजन घर पर मौजूद नहीं थे। बैजू घटना के दिन अपने हाथ व पैर में ट्यूब के सहारे चाकू समेत कई धारदार हथियार को बांध छिपाया था। मालिक तालाब गांव में कबीर चौधरी के घर के सामने निर्मल को देखते ही वह अपने हाथ से बनाए तलवार व चाकू लेकर दौड़ा लिया। हमला के बाद वह निर्मल नीचे गिर गया। सीने पर बैठ दोनों हाथ से चाकू व तलवार निर्मल के शरीर को 79 बार गोदा। यह घटना देख भतीजी ज्ञानती शोर मचाते हुए बोली कि चाचा बड़े पापा को मत मारो। इसके बाद निर्मल को छोड़ बैजू अपनी भतीजी को दौड़ा लिया। बदहवास होकर भाग रही ज्ञानती को तीन घर पार करते हुए हरिराम विश्वकर्मा के घर के सामने दबोच हमला कर दिया। उसके उपर 73 बार वार किया था। इससे घटना स्थल पर उसकी मौत हो गई। इस मामले में नौ साल दस माह बाद फांसी की सजा का फैसला आने के बाद मानिक तालाब के गांव के लोगों के जेहन में घटना की तस्वीर कौंध आई। नरेन्द्र यादव ने बताया कि दिल दहला देने वाली घटना थी।

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के मुताबिक हत्या के इस जघन्य अपराध में अभियुक्त को सजा सुनाने में आपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस ने अभियोजन विभाग से समन्वय बनाकर प्रभावी पैरवी किया। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के अलावा कोर्ट मोर्हिरर हेड कांस्टेबल भगवान राम व न्यायालय पैरोकार कांस्टेबल सूरज कुमार तिवारी ने समय-समय पर गवाहों को पेश किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी देवेन्द्र पांडेय व संतोष मिश्र ने बहस किया।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल में फिर बिगड़ेगा मौसम, 3 दिन भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के लिए मौसम के लिहाज से आने वाला सप्ताह बेहद भारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग द्वारा हिमाचल में 20 फरवरी तक भारी बारिश और बर्फबारी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने 22 फरवरी तक बारिश की भी भविष्यवाणी की है क्योंकि एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के शनिवार से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। मौसम विभाग ने 18 से 20 फरवरी तक अलग-अलग इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश, बर्फबारी और तूफान के साथ ओलावृष्टि की भी चेतावनी दी है। शनिवार को आंधी और बारिश की संभावना है। मौसम कार्यालय ने इस अवधि के दौरान यातायात और अन्य आवश्यक सेवाओं के बाधित होने की भी चेतावनी दी है और कहा है कि राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों के बाधित होने, मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बिजली और मोबाइल और टेलिफोन लाइन में बाधा उत्पन्न होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। शुक्रवार को न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। लाहौल और स्पीति जिले का कुकुमसेरी रात के दौरान शून्य से 7.9 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान के साथ राज्य में सबसे ठंडा रहा, जबकि ऊना 26 डिग्री सेल्सियस के साथ दिन में सबसे गर्म रहा।

### यूपी में योगी सरकार ने छह महीने के लिए हड़ताल पर लगाई पाबंदी



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में अगले छह माह के लिए सरकार ने किसी भी तरह की हड़ताल पर पाबंदी लगा दी है। यह नियम राज्य सरकार के अधीन सरकारी विभागों, निगम और प्राधिकरण विभाग पर लागू रहेगा। अगर कोई कर्मचारी इस अवधि के दौरान हड़ताल करता है, तो उसके खिलाफ एस्मा के तहत कार्रवाई की जाएगी और उन्हें बिना वारंट गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इस दौरान सरकारी विभागों, अर्द्धसरकारी विभागों, निगमों और प्राधिकरणों में हड़ताल पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य सरकार ने लोकहित में यह फैसला लिया है। इससे पहले योगी सरकार ने 2023 में छह महीने तक के लिए हड़ताल पर रोक लगाई थी। उस समय सरकार ने बिजली विभाग के कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण फैसला लिया था। इस दौरान जो भी कर्मचारी हड़ताल पर गए थे, उनके खिलाफ कार्रवाई हुई थी। बता दें कि कई बार सरकारी कर्मचारी मांगों को लेकर धरने पर बैठ जाते हैं। ऐसे में कई बार कार्य प्रभावित होता है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है।उत्तर प्रदेश एशेंसियल सर्विसेज मेंटेनेंस एक्ट (एस्मा) के तहत सरकार के पास अधिकार है, जिसे लागू करके कर्मचारियों की हड़ताल पर रोक लगा सकती है। इसमें बिना वारंट के हड़तालियों की गिरफ्तारी की जा सकती है।

# कुनबी प्रमाण पत्र वाले मराठा आरक्षण के नहीं हकदार, एमएसबीसीसी ने सौंपी रिपोर्ट



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (एमएसबीसीसी) ने शुक्रवार को मराठा समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन पर अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सौंप दी है। जब आयोग के प्रमुख जस्टिस (रिटायर्ड) सुनील शुक्रे ने रिपोर्ट पेश किया तो उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी वहीं मौजूद थे। मुख्यमंत्री शिंदे को उम्मीद है कि इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर मराठा समुदाय को कानूनी जांच पर खरा उतरने वाला आरक्षण मिल सकेगा।

हालांकि, रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन इस बात की चर्चा जोरों पर है कि आयोग ने कुनबी प्रमाण-पत्र धारकों को मराठा आरक्षण का हकदार नहीं माना है। आयोग की रिपोर्ट मिलने के बाद खुद मुख्यमंत्री शिंदे ने भी यह स्पष्ट किया कि जिन मराठों ने अपने वंश में कुनबी रिकॉर्ड खोजने के बाद कुनबी (ओबीसी) जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया था, वे मराठा कोटा के लिए पात्र नहीं होंगे।

अब मराठा समुदाय को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से पिछड़े आधार पर आरक्षण देने और उस पर चर्चा के लिए 20 फरवरी को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। उस दिन इस मुद्दे पर सबसे पहले सुबह 10 बजे के आसपास राज्य कैबिनेट की बैठक में चर्चा की जाएगी और फिर लगभग एक घंटे बाद विधानसभा में आरक्षण का बिल पेश किया जाएगा।

मामले से परिचित एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ÷जब राजनीतिक दलों के बीच मराठा समुदाय को आरक्षण प्रदान करने पर सहमति बन जाएगी, तो फिर इस पर विचार-विमर्श करने की ज्यादा जरूरत नहीं पड़ेगी और आरक्षण का रास्ता साफ हो जाएगा।÷

इस बीच, मुख्यमंत्री शिंदे ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे से अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल खत्म करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समुदाय को आरक्षण देने के बारे में सकारात्मक है। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे फिलहाल मराठा आरक्षण को लेकर जालना जिले में अपने पैतृक स्थान पर 10 फरवरी से अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि रिपोर्ट से सरकार को आवश्यक आंकड़ों के साथ मराठा समुदाय के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने वाला कानून बनाने में मदद मिलेगी। इस व्यापक कवायद में लगभग 2.5 करोड़ परिवारों को शामिल किया गया।

# सुप्रिया सुले का अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से हो सकता है मुकाबला

**बारामती, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में इस साल लोकसभा चुनाव की जंग रोचक हो सकती है। सबकी निगाहें पवार परिवार का गढ़ कहे जाने वाली बारामती सीट पर होगी, जहां शरद पवार की बेटी और मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले का मुकाबला उनकी ही भाभी और राज्य के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से होने की चर्चा जोरों पर है। इन अटकलों और चर्चाओं को खुद अजित पवार ने हवा दी है।

शुक्रवार को बारामती में अजित पवार ने बिना किसी का नाम लिए अपने मतदाताओं से भावुक अपील की कि अगले आम चुनाव में बारामती लोकसभा सीट से ऐसे उम्मीदवार को चुनें जो पहली बार चुनावी मैदान में उतरा हो लेकिन वह अनुभवी लोगों से घिरा रहा हो। अजित पवार ने अपने संबोधन के दौरान पत्नी सुनेत्रा पवार का नाम तो नहीं लिया लेकिन इस बात के संकेत दे



दिए कि आगामी चुनावों में बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ उनकी पत्नी चुनावी मैदान में होंगी।

कौन हैं सुनेत्रा पवार 60 वर्षीय सुनेत्रा पवार अजित पवार की पत्नी हैं। वह राज्य के एक बड़े राजनीतिक परिवार से तालुल्क रखती हैं। उनके भाई पदमसिंह पाटिल पूर्व मंत्री हैं, जबकि उनके भतीजे राणा जगजीतसिंह पदमसिंह पाटिल उस्मानाबाद से भाजपा के विधायक हैं। अजित पवार और सुनेत्रा पवार के दो बेटे हैं। जय और पार्थ पवार। जय पारिवारिक बिजनेस संभालते हैं, जबकि पार्थ राजनीति में हैं। उन्हेंने मावल से 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन असफल रहे थे। सुनेत्रा पवार अब तक सक्रिय राजनीति से दूर रही हैं लेकिन समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं। वह 2010 में स्थापित एक गैर सरकारी संगठन एनवायर्नमेंटल फोरम ऑफ इंडिया की संस्थापक हैं। उनकी आधिकारिक वेबसाइट कहती है कि वह भारत में इको-विलेज की अवधारणा को विकसित करने में एक मार्गदर्शक रही हैं। वेबसाइट के मुताबिक, वह स्वदेशी और प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान विद्या प्रतिष्ठान की ट्रस्टी भी हैं। वेबसाइट के अनुसार, सुनेत्रा पवार 2011 से ही फ्रांस की वर्ल्ड एन्टरप्रोन्योरशिप फोरम की थिंक टैंक सदस्य रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अजित पवार पत्नी सुनेत्रा पवार के सामाजिक कार्यों का सक्रिय रूप से प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

# हिमाचल के पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह को कोर्ट से बड़ा झटका, हर महीने पत्नी को देने होंगे 4 लाख



**जयपुर, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह को बड़ा झटका लगा है। उन्हें हर महीने पत्नी सुदर्शना सिंह को 4 लाख का भरण-पोषण देना होगा। उदयपुर पारिवारिक न्यायालय-3 ने अहम फैसला सुनाया है। बता दें विक्रमादित्य सिंह हिमाचल के पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह के बेटे है। उनकी पत्नी सुदर्शना सिंह उदयपुर के आमेट निवासी है। वीरभद्र सिंह के बेटे और वर्तमान कांग्रेस विधायक विक्रमादित्य सिंह पर उनकी पत्नी सुदर्शना सिंह ने घरेलू हिंसा के आरोप लगाए थे। विक्रमादित्य सिंह की मां प्रतिभा सिंह, बहन के अलावा अन्य परिजनों पर भी पत्नी ने प्रताड़ना के आरोप लगाए। विक्रमादित्य की पत्नी सुदर्शना के वकील ने बताया कि राजसमंद के आमेट राजघराने की बेटी की शादी 8 मार्च 2019 को पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य के साथ हुई थी। काफी समय साथ रहने के बाद दोनों के बीच संबंध बिगड़ गए। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की मृत्यु के बाद सुदर्शना सिंह को उदयपुर भेज दिया गया। इस दौरान उनको दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया.

# आईएनडीआईए गठबंधन खत्म हो गया, इस बार एनडीए को पिछली बार से ज्यादा सीटें मिलेंगी - नीतीश कुमार

**पटना, एजेंसी।**
बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, इस बार एनडीए को पिछली बार से ज्यादा संख्या में सीटें मिलेंगी, हमें पूरा भरोसा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी के आईएनडीआईए गठबंधन से दूर होने पर बिहार सीएम नीतीश कुमार ने कहा, हमने तो बहुत कोशिश की थी... हम नाम भी दूसरा दे रहे थे। यह(आईएनडीआईए गठबंधन) तो वैसे भी खत्म हो गया था... हम बिहार के हित में काम करते रहेंगे

आरजेडी प्रमुख लालू यादव के दरवाजा खुला है वाले बयान पर नीतीश कुमार ने कहा, कौन क्या बोलता है उसके चक्कर में मत आइए। हम सब एक साथ हो गए हैं, जैसे पहले थे। जो गड़बड़ी हुई है उसकी जांच होगी... चीजें ठीक नहीं चल रही थीं, इसलिए हमने उन्हें (आरजेडी) छोड़ दिया।



# मंत्री बनने तक अधिसूचना जारी नहीं होने देंगे, राजभर का बीजेपी को इशारों में अल्टीमेटम

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी में मंत्रिमंडल का विस्तार होना है। लंबे समय से इंतजार भी हो रहा है। अटकलें और चर्चाओं के बीच सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कई बार मंत्रिमंडल विस्तार का समय भी बताया और डेट तय कर दी। अब एक बार फिर ओमप्रकाश राजभर ने मंत्रिमंडल विस्तार पर बयान दिया है। उन्होंने इशारों ही इशारों में बीजेपी को अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि ओमप्रकाश राजभर जो बोलता है सीना ठोक कर



बोलता है जिस दिन मंत्रिमंडल विस्तार होगा उस दिन मंत्री बनूंगा। मंत्री जब तक बन नहीं जाएंगे तब तक अधिसूचना जारी नहीं होने देंगे।

आगे एनडीए के सहयोगी दल सुभासपा के प्रमुख राजभर ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव को भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश को गुलाम होने से बचाने वाले राष्ट्र रक्षक महाराजा सुहेलदेव राजभर को भारत रत्न मिलना चाहिए। राजभर ने सपा पर जमकर हमला बोला। ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि सपा 'पीडीए की बात करती है असली काम तो इधर बैठी भाजपा सरकार ने किया है। सपा ने क्यों नहीं सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट पर फैसला लिया। तभी सपा के एक सदस्य ने टिप्पणी की, अब आप सरकार में मंत्री कब बनोगे। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि मुसलमान नेताओं से अपील करते हुए कहा कि यदि मुस्लिम विधायकों का अभी भी जमीर जिंदा है तो उन्हें राज्यसभा के चुनाव में हिस्सा नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को ठगा जा रहा है।

ओपी राजभर ने सपा नेता स्वामी प्रसाद के इस्तीफे पर जमकर हमला बोला। राजभर ने कहा कि यह सब सिर्फ ड्रामा है। राजभर ने सवाल उठाया कि आखिर स्वामी प्रसाद मौर्य एमएलसी का पद क्यों नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद ने संगठन के पद से इस्तीफा दे दिया। संगठन में तो उनकी कभी भी वापसी हो सकती है। ह ओम प्रकाश राजभर ने राहुल गांधी पर भी जमकर निशाना साधा।

# दौसा लोकसभा चुनाव 2024 : सचिन पायलट बीजेपी को हैट्रिक लगाने से रोक पाएंगे?

**जयपुर, एजेंसी।**
पूर्वी राजस्थान के केंद्र बिंदु दौसा लोकसभा सीट को लेकर कांग्रेस और बीजेपी के दावेदारों की सुगबुगाहट तेज हो गई है। दोनों ही दलों एक दर्जन से ज्यादा प्रत्याशियों ने दावेदारी ठोक रखी है। लेकिन कांग्रेस में सचिन पायलट की पसंद को ही टिकट मिलेगा। जबकि बीजेपी में किरोड़ी लाल मीणा अपने भाई के जगमोहन मीणा के लिए टिकट की मांग कर सकते है। दौसा सांसद जसकौर मीणा और किरोड़ी लाल की अदावत जगजाहिर है। लोकसभा चुनाव 2019 में किरोड़ी समर्थकों ने जसकौर का विरोध किया था। किरोड़ी समर्थक इस बार भी जसकौर के खिलाफ मोर्चा खोल सकते है। एसटी के लिए आरक्षित सीट दौसा में किसी दोनों ही दल मीणा समुदाय को टिकट देते रहे है। राजनीतिक लिहाज से दौसा कांग्रेस के परंपरागत गढ़ रहा है। लेकिन पिछले दो चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ रहा है। दौसा से राजेश पायलट पांच बार सांसद बने थे। मजे की बात यह है कई बार किरोड़ी लाल को ही चुनाव शिकस्त दी थी। सचिन पायलट और उनकी मां रमा पायलट भी दौसा से सांसद रह चुकीं है। ऐसे में यह तय है कि कांग्रेस का टिकट उससे ही मिलेगा जिसे सचिन पायलट चाहेंगे। पिछली बार कांग्रेस विधायक मुरारी लाल मीणा की पत्नी को टिकट दिया गया था। माना यही जा रहा है कि इस बार मुरारी लाल को टिकट मिल सकता है। हालांकि, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रभुदयाल मीणा समेत कई आईएएस भी लाइन में लगे हुए है। लेकिन टिकट सचिन पायलट ही तय करें। सियासी जानकारों का कहना है कि इस बार बीजेपी निवर्तमान सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट सकती है। क्योंकि स्थानीय स्तर पर उनका विरोध हो रहा है।

# मैं उनका बेटा होता तो आज राकांपा का बॉस बन गया होता:अजित पवार

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि अगर वह वरिष्ठ नेता के बेटे होते तो आसानी से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष बन जाते। इस बयान पर शरद पवार के वफादार माने जाने वाले पूर्व राज्य मंत्री जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि अजित महाराष्ट्र की राजनीति में इतनी तेजी से नहीं उभर पाते अगर वह शरद पवार के भतीजे नहीं होते।

अजित पवार ने यहां पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन पर शरद पवार द्वारा स्थापित पार्टी को 'चोरी' करने का आरोप लगाया गया, लेकिन निर्वाचन आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया है और इस बात की पुष्टि की है कि अजित गुट ही असली राकांपा है। उन्होंने अपने चाचा का नाम लिए बिना कहा, ''यदि मेरा जन्म वरिष्ठ नेता के घर हुआ होता तो मैं स्वाभाविक रूप से पार्टी का अध्यक्ष बन जाता, बल्कि पार्टी मेरे नियंत्रण में आ जाती। लेकिन, मैं आपके भाई के घर पैदा हुआ।''

अजित ने कहा कि समूचा परिवार उनके विरूद्ध है किंतु पाटी कार्यकर्ता उनके साथ हैं। उन्होंने कहा, ''हमें निशाना बनाया गया।



कहा गया कि हमने यह फैसला (भाजपा से हाथ मिलाने का) सिर्फ अपने खिलाफ जांचों को रोकने के लिए लिया। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या हमारे साथ जो लोग हैं, उनमें से हर कोई जांच का सामना कर रहा है''

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग कभी मंत्री नहीं बने और इसलिए उन पर कभी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे। अजित ने कहा, ''जब आप कभी मंत्री नहीं बने, तो आपके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप कैसे लगेंगे...मेरे पास राज्य की जिम्मेदारी थी। जो लोग काम करते हैं, उन पर आरोप लगना तय है। जो लोग काम नहीं करते, उनका पाक साफ रहना तय है।''

उल्लेखनीय है कि शरद पवार की बेटी और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने अभी तक कभी मंत्री पद नही संभाला है। अजित पवार ने दावा किया कि यदि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष के लिए शरद पवार की पसंद को मान लिया होता तो उनकी सराहना हो रही होती। उन्होंने कहा, ''लेकिन मैं जब पार्टी का अध्यक्ष बन गया तो हमारे बारे मे कहा गया कि हम किसी भी काम के नही हैं।''

अजित ने कहा कि वह बारामती से एक ऐसा उम्मीदवार खड़ा करेंगे जिसने पहले कभी चुनाव नहीं लड़ा हो लेकिन उस व्यक्ति के पास पर्याप्त अनुभव वाले समर्थक होंगे। अजित पवार ने कहा कि लोगों को इस उम्मीदवार को यह मानकर वोट देना चाहिए जैसे कि वह स्वयं चुनाव में उतरे हो। पलटवार करते हुए शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा से जुड़े विधायक जितेंद्र आव्हाड ने सवाल किया कि अजित ने बगावत शुरू करने के बजाय चुनाव के जरिए पार्टी अध्यक्ष बनने की कोशिश क्यों नहीं की। आव्हाड ने कहा, ''अगर अजित पवार शरद पवार के भतीजे नहीं होते, तो उन्हें अपने राजनीतिक जीवन में इतनी जल्दी अवसर नहीं मिलते।



# धोनी के शागिर्द ने रणजी ट्रॉफी में मचाई तबाही

## ठोके जा रहा है शतक पर शतक

**मुंबई, एजेंसी।** शार्दुल ठाकुर के बाद शिवम दुबे की बेहतरीन शतकीय पारी से मुंबई ने असम पर मैच के पहले ही दिन शिकंजा कस दिया है। ग्रुप बी में खेले जा रहे इस मुकाबले में असम की टीम पहले बैटिंग करते हुए सिर्फ 84 रन के स्कोर पर ढेर हो गई। इसके जवाब में मुंबई ने शिवम दुबे की 95 गेंद में 10 चौकों और पांच छक्कों से नाबाद 101 रन की पारी की बदौलत दिन का खेल खत्म होने तक 48.4 ओवर में छह विकेट पर 217 रन बना लिए हैं।

इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन से पहले उनके इस फॉर्म उनकी टीम सीएसके काफी खुश हो रही होगी। शिवम ने इससे पहले उत्तर प्रदेश के खिलाफ भी 117 रनों की पारी खेली थी। वहीं शिवम दुबे महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे हैं। असम के खिलाफ इस मैच में दुबे के अलावा शम्स मुलानी (31), पृथ्वी शॉ (30), कप्तान अजिंक्य रहाणे (22) और विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक तोमारे (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।

मैच में एक बड़ा 'ड्रामा' हुआ। मुंबई के कप्तान रहाणे को उनके 16 साल के क्रिकेट करियर में पहली बार फील्डिंग में बाधा पहुंचाने के लिए आउट दिया गया और यह घटना चाय से पहले अंतिम गेंद पर हुई। रहाणे 18 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे और तब मुंबई का स्कोर चार विकेट पर 102 रन था। रहाणे ने असम के तेज गेंदबाज दिबाकर जौहरी को मिड ऑन क्षेत्र में ड्राइव किया और तेजी से एक रन लेने के लिए भागे, लेकिन दुबे ने उन्हें वापस कर दिया। असम के कप्तान डेनिश दास ने विकेटकीपर के छोर पर थ्रो फेंका जो रहाणे को लग गया। असम के खिलाड़ियों ने तुरंत फील्डिंग में बाधा डालने की अपील की और मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया। लेकिन चाय ब्रेक के दौरान असम ने अपील वापस ले ली और रहाणे ब्रेक के बाद क्रीज पर लौट गए। इसके बाद उन्हें जौहरी ने बोल्ड किया। असम की ओर से राहुल सिंह और दिवाकर जोहरी ने दो-दो विकेट चटकाए। मुंबई को 133 रन की बढ़त हासिल है जबकि उसके चार विकेट शेष हैं।

# विजाग के बाद राजकोट में गरजा यशस्वी का बल्ला

## • राजकोट में भारत 322 रन आगे, भारत 196/2, तीसरे दिन का खेल खत्म



**राजकोट, एजेंसी।** राजकोट टेस्ट मैच की पहली पारी में यशस्वी जायसवाल 10 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से सिर्फ 10 रन की पारी खेली थी और मार्क वुड की गेंद पर जो रूट के हाथों आउट होकर पवेलियन लौट गए थे। हालांकि यशस्वी फॉर्म में थे और इससे ठीक पहले विजाग टेस्ट में दोहरा शतक लगा चुके थे, लेकिन उनका इस तरह से आउट होना उन्हें और टीम दोनों को निराश कर गया था, लेकिन पहली पारी की भरपाई उन्होंने दूसरी पारी में शतक लगाकर कर दिया। इसके अलावा अपनी इस पारी के दम पर उन्होंने इस टेस्ट सीरीज में 400 रन पूरे किए और ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज बने।

### यशस्वी जायसवाल ने लगाया तीसरा टेस्ट शतक

यशस्वी जायसवाल ने दूसरी पारी में पहले संभलकर बल्लेबाजी की और सेट होने जाने के बाद अपना रौद्र रूप दिखाया और इसके बाद इंग्लैंड के कप्तान व गेंदबाज दोनों परेशान नजर आए। यशस्वी ने अपना अर्धशतक इस पारी में पहले 80 गेंदों पर पूरा किया और इस दौरान उनके बल्ले से 2 छक्के और 5 चौके निकले। उन्होंने इस पारी में अपना अर्धशतक भी छक्का लगाकर पूरा किया। अर्धशतक पूरा करने के बाद उन्होंने तेज गति से रन बनाना शुरू किया और अपना शतक (100 रन) 122 गेंदों पर पूरा कर लिया। अपनी शतकीय पारी के दौरान यशस्वी ने 5 छक्के और 9 चौके लगाए।

यशस्वी ने अर्धशतक छक्के के साथ पूरा किया था और मार्क वुड की गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। यशस्वी जायसवाल के टेस्ट क्रिकेट करियर का यह तीसरा शतक साबित हुआ जबकि भारत की धरती पर क्रिकेट के लंबे प्रारूप में यह उनका दूसरा शतक रहा। राजकोट से मैदान पर यशस्वी ने टेस्ट क्रिकेट में पहली बार शतकीय पारी खेली तो वहीं इंग्लैंड के खिलाफ यह उनका दूसरा शतक रहा। इसके अलावा इस टेस्ट सीरीज में भी यह उनका दूसरी शतक रहा। यशस्वी ने अपना पहला टेस्ट शतक साल 2023 में वेस्टइंडीज दौरे पर लगाया था।



## एंडरसन टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाज बने

**राजकोट, एजेंसी।** भारत के खिलाफ राजकोट टेस्ट मैच में इंग्लैंड टीम के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने 25 ओवर में 61 रन दिए और एक विकेट हासिल किया। एंडरसन ने पहली पारी में 61 रन देकर टेस्ट क्रिकेट का बेहद शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अब जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा रन देने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए जहां पहले पूर्व भारतीय स्पिनर अनिल कुंबले मौजूद थे।

टेस्ट क्रिकेट में जेम्स एंडरसन से पहले सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर अनिल कुंबले थे। कुंबले ने अपने टेस्ट क्रिकेट करियर के दौरान 132 टेस्ट मैच की 236 पारियों में 40,850 गेंदें फेंकी थी और इस दौरान कुल 18,355 रन दिए थे। अब जेम्स एंडरसन उनसे आगे निकल गए और टेस्ट में सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में अनिल कुंबले को नीचे धकेल कर पहले स्थान पर काबिज हो गए।

जेम्स एंडरसन की बात करें तो उन्होंने 185 टेस्ट मैचों की 344 पारियों में 39,577 गेंदें फेंकी है। इस दौरान उन्होंने कुल 18,371 रन दिए हैं। इन मैचों में एंडरसन ने 696 विकेट लिए हैं साथ ही उन्होंने 32 बार फोर विकेट हॉल, 32 बार ही फाइव विकेट हॉल और 3 बार 10 विकेट लेने का कमाल किया है। एंडरसन का एक पारी में बेस्ट गेंदबाजी रिकॉर्ड 42 रन देकर 7 विकेट रहा है। कुंबले का टेस्ट की एक पारी में बेस्ट गेंदबाजी 74 रन देकर 10 विकेट था।

### टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाज

जेम्स एंडरसन- 18,371 रन (खबर लिखे जाने तक)
अनिल कुंबले- 18,355 रन
मुथैया मुरलीधरन- 18,180 रन
शेन वॉर्न- 17,995 रन
स्टुअर्ट ब्रॉड- 16,719 रन

ऑस्ट्रेलिया वर्सेस साउथ अफ्रीका

# ऑस्ट्रेलियाई एनाबेल सदरलैंड ने रचा इतिहास



### ➲ लगाया सबसे तेज दोहरा शतक, आखिरकार 23 साल बाद कर दिया बड़ा करिश्मा

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम और साउथ अफ्रीका महिला टीम के बीच टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जो सही साबित हुआ। पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद साउथ अफ्रीका की टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। पहली पारी में पूरी साउथ अफ्रीकी टीम सिर्फ 76 रनों पर ऑलआउट हो गई। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की तरफ से बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया और 575 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। ऑस्ट्रेलिया के लिए एक स्टार महिला प्लेयर ने शानदार बल्लेबाजी की। इस प्लेयर ने दोहरा शतक जड़कर इतिहास रच दिया है। आइए जानते हैं, इसके बारे में।

### इस खिलाड़ी ने लगाया दोहरा शतक

ऑस्ट्रेलियाई टीम की स्टार बल्लेबाज एनाबेल सदरलैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ कमाल की बल्लेबाजी की। उन्होंने मैदान के हर तरफ स्ट्रोक लगाए। उन्होंने महिला टेस्ट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ दिया। जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन 248 गेंद में यह उपलब्धि हासिल की। महिला टेस्ट क्रिकेट में इससे पहले सबसे तेज दोहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की ही केरेन रोल्टन के नाम था जिन्होंने 2001 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 306 गेंद में दोहरा शतक पूरा किया था। अब 23 साल बाद एनाबेल ने उनके रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है।

### ऑस्ट्रेलिया के पास है इतने रनों की बढ़त

22 साल की एनाबेल 256 गेंद में 210 रन बनाकर आउट हुईं। उनके दोहरे शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी नौ विकेट पर 575 रन बनाकर घोषित की जो महिला टेस्ट क्रिकेट में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका की टीम सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई थी और दूसरी पारी में भी उसने दिन का खेल खत्म होने तक 67 रन पर तीन विकेट गंवा दिए हैं। साउथ अफ्रीका की महिला टीम अब भी पहली पारी के आधार पर 432 रन से पिछड़ रहा है।

### बना दिए ये बड़े रिकॉर्ड

छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं एनाबेल सदरलैंड ने शुरुआती 35 गेंद में सिर्फ सात रन बनाए लेकिन लय में आने के बाद दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को निशाना बनाते हुए 27 चौके और दो छक्के मारे। महिला टेस्ट क्रिकेट में एनाबेल से बड़ी व्यक्तिगत पारियां पाकिस्तान की किरण बलूच (242), भारत की मिताली राज (214) और एलिसे पेरी ने ही खेली हैं। एनाबेल साथ ही दोहरा शतक जड़ने वाली ऑस्ट्रेलिया की सबसे युवा खिलाड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे युवा बल्लेबाजी बनीं। वह दोहरा शतक जड़ने वाली दुनिया की नौवीं बल्लेबाज हैं। एनाबेल ने 149 गेंद में शतक जड़ा था और किसी महिला बल्लेबाज के सबसे तेज शतक के अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी करने से एक गेंद से चूक गईं।

# न्यूजीलैंड टी20 सीरीज से बाहर हुए मार्कस स्टोइनिस, ऑस्ट्रेलिया ने किया रिप्लेसमेंट का ऐलान

न्यूजीलैंड वर्सेस ऑस्ट्रेलिया



**पर्थ, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ 21 फरवरी से शुरू हो रही 3 टी20 मैचों की सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया को एक और बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस बैक इंजरी के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। टी20 वर्ल्ड कप से पहले आखिरी सीरीज खेलने जा रही ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले ही अपने उपकप्तान मैथ्यू वेड के बिना यह सीरीज खेलने उतरेगी। मैथ्यू वेड ने पारिवारिक कारण के चलते ब्रेक लिया है। वहीं अब स्टोइनिस के नहीं रहने से ऑस्ट्रेलिया खेमा थोड़ा कमजोर हुआ है।

### बोर्ड ने किया रिप्लेसमेंट का ऐलान

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने स्टोइनिस के रिप्लेसमेंट के रूप में एरोन हार्डी को टी20 टीम में शामिल किया है।

एरोन हार्डी अभी होबार्ट में तस्मानिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहे हैं। हार्डी शनिवार को अपनी टीम के साथ रवाना नहीं हुए क्योंकि बोर्ड ने उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम में शामिल कर लिया। एरोन हार्डी ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 7 टी20 मुकाबले खेले हैं जिसकी पांच पारियों में उन्होंने सिर्फ 69 रन बनाए हैं। बता दें कि मार्कस स्टोइनिस वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 से पहले प्रैक्टिस सेशन के दौरान चोटिल हुए थे। स्टोइनिस की पीठ में चोट लगी थी। हालांकि वह उसके बाद भी दूसरे टी20 में खेले थे।

उस मैच में स्टोइनिस ने बल्ले से तो अहम योगदान नहीं दिया था, लेकिन गेंदबाजी करते हुए उन्होंने 36 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए थे। स्टोइनिस ने उस मैच में बल्ले से 15 गेंद में 16 रन की पारी खेली थी। इंजरी की वजह से स्टोइनिस पर्थ में खेले गए आखिरी टी20 में नहीं खेल पाए थे। मार्कस स्टोइनिस का चोटिल होना आईपीएल में उनकी फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए भी एक बड़ा झटका है। हालांकि स्टोइनिस के आईपीएल से पहले फिट होने की संभावना जताई जा रही है।

आईपीएल का आगाज मार्च 2024 में होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम पिछले कुछ समय से लगातार अपनी खिलाड़ियों की इंजरी से जूझ रही है। मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्य शॉर्ट ऐसे खिलाड़ी हैं जो चोट से गुजर रहे हैं।

युवराज सिंह के घर में हुई चोरी

# गायब हुआ कैश और ज्वैलरी, मां ने इन पर जताया संदेह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह के पंचकुला के एमडीसी सेक्टर 4 स्थित आवास से नकदी और आभूषणों की चोरी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि इस चोरी में 75,000 रुपये नकद और विभिन्न आभूषण शामिल है। चोरी में वहां कार्यरत घरेलू कर्मचारियों पर संदेह पैदा कर दिया है।

युवराज सिंह की मां शबनम सिंह ने खुलासा किया कि हाउसकीपिंग स्टाफ ललिता देवी और रसोइया सिलदार पाल संदेह के घेरे में हैं। उन्होंने बताया कि वह सितंबर 2023 से गुड़गांव में उनके दूसरे आवास पर रह रही थी। 5 अक्टूबर, 2023 को एमडीसी घर लौटने पर, उसे पहली बार अलमारी से लगभग 75,000 रुपये मूल्य के आभूषण और अन्य सामान गायब होने का पता चला। मामले की व्यक्तिगत रूप से जांच करने के प्रयासों के बावजूद, वह कोई सुराग हासिल करने में असमर्थ रही।

यह नोट किया गया कि ललिता देवी और सिलदार पाल ने अचानक ने आचानक नौकरी छोड़ दी और दिवाली से गायब हैं। शबनम सिंह ने दो पूर्व कर्मचारियों पर शक जाहिर करते हुए पुलिस कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आधिकारिक तौर पर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। बता दें, हाल ही में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के घर भी चोरी हुई थी।

# खिताब बरकरार रखने के लिए परिस्थितियों के अनुरूप ढलना अहम होगा: हरमनप्रीत

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को लगता है कि आगामी महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खिताब बरकरार रखने के लिए विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप ढलना अहम होगा। डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से 17 मार्च तक बेंगलुरु और नयी दिल्ली में खेला जायेगा। पिछले साल शुरूआती चरण मुंबई में खेला गया था और मेजबानों ने चिर परिचित परिस्थितियों और दर्शकों के समर्थन से हरमनप्रीत की अगुआई में खिताब जीता था।

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में दूसरे सीज़न का पहला गेम (23 फरवरी) शुरू होने में ठीक एक हफ्ते का समय बचा है। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुक्रवार को मुंबई में प्री-सीज़न प्रेस कॉन्फ्रेंस में यही बात दोहराई। हरमनप्रीत ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''बेंगलुरु में परिस्थितियां मुंबई से अलग होंगी। मुझे दिल्ली में खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है इसलिये मुझे नहीं पता कि दिल्ली में कैसा विकेट होगा।'' उन्होंने



कहा, ''अगर हम इन चीजों से जल्दी सांमजस्य बिठा लेते हैं तो इससे पता चलेगा कि बतौर टीम हम कितने अच्छे हैं। हमें इन चीजों पर ध्यान रखना होगा और इसके अनुसार ही अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। कप्तान ने कहा कि हालांकि मुंबई इंडियंस की टीम मजबूत है लेकिन प्रत्येक मैच में अंतिम एकादश पर फैसला परिस्थितियों के हिसाब से ही लिया जायेगा। उन्होंने कहा, ''किसी भी टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा अच्छे खिलाड़ी होना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे आप सर्वश्रेष्ठ एकादश चुन सकते हो।

खिलाड़ियों के बीच इन स्थानों को लेकर भी प्रतिस्पर्धा होगी। हरमनप्रीत ने कहा, ''हम परिस्थितियों के हिसाब से ही अंतिम एकादश बनायेंगे। हमारी भूमिका अब परिस्थितियों को अच्छी तरह पढ़ने की होगी जिसके बाद ही टीम पर फैसला करना होगा।

'' मुंबई इंडियंस की निगाहें पिछले साल के प्रदर्शन को दोहरोन पर लगी होंगी।

## एक नजर

### उपभोक्ता अदालत ने दिलाया न्याय

**औरंगाबाद (कां सं.)।** उपभोक्ता अदालत, औरंगाबाद ने उपभोक्ता शिकायत वाद संख्या -111/22 में सुनवाई के दौरान आवेदक राजेन्द्र विश्वकर्मा सदुरीकर्मा नरारीकला अम्बा को बीमा कम्पनी की और से 478470 रूपए का चेक दिलाई है,यह चेक उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्रीनारायण सिंह द्वारा आवेदक को प्रदान किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि आवेदक की पत्नी मधुलता देवी के नाम से 20 जनवरी 2020 से पीएनबी. मेट लाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में बीमा था। इनकी पत्नी का इलाज के क्रम में गंगा सेवा सदन बनारस में 27 नवंबर 2020 को मृत्यु हो गई थी। बीमा कम्पनी बीमा राशि देने में टालमटोल कर रही थी जिसके कारण आवेदक को उपभोक्ता अदालत की शरण लेना पड़ा।

### बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**नवीनगर (कां सं.)।** नवीनगर के सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल गौतम कुमार ने टंडवा थाना में बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया है जिसमें बताया है कि बिजली चोरी को लेकर छापेमारी किया गया तो सरातू गांव निवासी ईश्वरी मेहता पर 69000 हजार रुपए और अवधेश मेहता पर 19472 रुपए जुर्माना और प्राथमिकी दर्ज कराया है बताया है की उक्त लोगो के घर पर बिजली चोरी को लेकर छापेमारी किया गया तो जांच के क्रम में पाया गया कि विद्युत विभाग के बगैर कोई वैध विद्युत संबंध लिए विद्युत ऊर्जा का अवैध ढंग से उपयोग किया जा रहा है थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई किया जा रहा है।

### सरस्वती पूजा के अवसर पर नाटक का मंचन

**गोह (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** हसनपुर गांव में नवयुवक क्लब द्वारा सांझ उर्फ कलयुग की सीता नाटक का मंचन किया गया। नाटक के मंच का उद्घाटन दधपी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सतीश शर्मा ने किया। वही मंच संचालन गुड्डु बिंद ने किया। इस मौके पर सतीश शर्मा ने कहा कि नाटक हमारी सभ्यता का धरोहर है। आज के दौर में इस तरह के नाटक सुखद अहसास है। नाटक के निर्देशक बीरेंद्र बिंद, एलआईसी अभिकर्ता सिकन्दर पासवान आदि ने समारोह को संबोधित करते हुए नाटक को सफल बनाने का आह्वान किया।

### बाइक की टक्कर में चालक घायल

**गोह (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के राजापुर गांव के पास दो बाइको की आमने-सामने की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोह लाया गया, जहां इलाज किया गया। बताया जाता है कि डिहुरी गांव निवासी प्रमोद ठाकुर अपने बाइक से गोह जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर सवार पेमा गांव निवासी महेश दास अपने घर जा रहे थे।

# अज्ञात वाहन ने जविप्र डीलर को रौंदा, मौके पर दर्दनाक मौत

निज संवाददाता



**ओबरा (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-139 औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ पर ओबरा थाना क्षेत्र में शंकरपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक जविप्र डीलर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के महथु गांव निवासी ललन भुइयां(55) के रूप में की गई है। मृतक सरसौली पंचायत के वार्ड-14 के जविप्र डीलर थे। बताया जाता है कि जविप्र डीलर किसी मीटिंग में शामिल होने औरंगाबाद जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ, जिसमें उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने जविप्र डीलर को घायल समझते हुए ईलाज के लि ए ओबरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। वही हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन दौड़े-दौड़े अस्पताल पहुंचे और मृत हालत में देख चीत्कार कर उठे। मामले में ओबरा थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही एएसआई धर्मेंद्र यादव, कांस्टेबल निकेश कुमार, हवलदार राम विलास उरांव को घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस स्थानीय लोगों से जानकारी हासिल कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया गया है, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## डायन-भूत के विवाद में मारपीट, मां-बेटी घायल, अस्पताल में भर्ती

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के रामराज बिगहा गांव में डायन भूत के विवाद में हुई मारपीट में अनछी कुंवर एवं उसकी पुत्री छोटी कुमारी घायल हो गई। घटना की सूचना पर गांव पहुंच पुलिस ने दोनों का इलाज किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर पहुंचाया। ड्यूटी पर रहे चिकित्सक सुजाता कुमारी ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## यौन शौषण के मामले में कोर्ट ने सुनाई आरोपी को दस साल कैद की सजा

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट के जज सुनील कुमार सिंह ने शनिवार को गोह थाना कांड संख्या-53/21 में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए मामले के एकमात्र काराधीन बंदी अभियुक्त अभय कुमार को सज़ा सुनाई। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि गोह के रफीगंज रोड निवासी अभियुक्त अभय कुमार को कोर्ट ने 13 फरवरी को दोषी ठहराया था। इसी मामले में आज सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने भादंवि की धारा 376 और 4 पोक्सो एक्ट में दस साल की सजा और पच्चीस हजार के जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना न देने पर कोर्ट ने छः माह के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि पीड़िता ने मामले की प्राथमिकी 07 सितंबर 2021 को दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में कहा था कि अभियुक्त ने दो साल से प्रेम संबंध के बाद शादी का झांसा देकर पिछले छः माह से शारीरिक संबंध रखा। इसके बाद शादी से इंकार कर गया।

# उप मुखिया पर कार्रवाई का निर्देश

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नबीनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह ने बरियांवा पंचायत के मुखिया बिंदु देवी को पत्र निर्गत कर उप मुखिया विकास सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर प्राप्त आवेदन के आलोक में अग्रेतर करवाई करने के संबंध में वार्ड सदस्यों द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है जिसमें बताया है कि 16 फरवरी को कुल 9 वार्ड सदस्यों जिनमे संजय कुमार सिंह रानी देवी दिलीप राम ममता सिंह हिमाचल देवी संगीता देवी ओमप्रकाश पाठक अविनाश कुमार सुनीता देवी के द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर उप मुखिया विकास सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने हेतु आवेदन दिया गया है साथ ही उनके द्वारा बताया गया है कि उक्त आवेदन 8 फरवरी को आपको प्राप्त कराया गया था जिसमें विश्वास प्रस्ताव हेतु विशेष बैठक आहूत करने की बात कहा गया था इसके साथ ही उनके द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही ढंग से नहीं करने की बात कहा गया था क्योंकि उनके द्वारा शक्तियों का खुला दुरुपयोग किया जा रहा है ग्राम पंचायत की बैठक में एवं कार्यों में उनके द्वारा कोई रुचि नहीं लिया जाता है ग्राम पंचायत के कार्यालय पर मुखिया के अनुपस्थिति में भी उनके द्वारा समय नहीं दिया जाता है ग्राम पंचायत की बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय में भी उनके द्वारा हेरा फेरी किया जाता है और सदस्यों के भावनाओं को लगातार नजरअंदाज किया जाता है जिस कारण हम लोगों का उनके ऊपर से विश्वास उठ गया है इन सभी कारणों से हम सभी वार्ड सदस्य ग्राम पंचायत की विशेष बैठक बुलाने की मांग करते हैं इन सभी बातों को ध्यान में रखकर 15 दिन के अंदर ग्राम पंचायत की विशेष बैठक किया जाए ताकि उप मुखिया के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर खुला चर्चा हो सके परंतु आपके द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में कोई निर्णय नहीं किया गया है प्राप्त आवेदन इस पत्र के साथ संलग्न कर अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु भेजा जा रहा है इसके साथ ही पत्र की प्रतिलिपि पंचायत सचिव श्याम लाल को भी भेजने की बात कहा गया है।

## सुरक्षित के तहत बच्चों को जलजमाव व बोरवेल के बारे में दी गई जानकारी

**गोह(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** सुरक्षित शनिवार के तहत बच्चो को बिजली घात, जलजमाव एवं परेशानी एवं बोरवेल से होने वाली दुर्घटनाएं के बारे में जानकारी देने के लिए प्रखंड के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, जैतिया में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी रवींद्र पासवान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नामित शिक्षका फरहत बानो ने बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने बच्चो को को बताया कि बिजली घात के कई लोगो की असमय मृत्यु हो जाती है। जलमाव से कई तरह के संक्रमित बीमारी होती है। इससे सबसे ज्यादा बच्चें प्रभावित होते हैं। बोरवेल में भी बड़ी दुर्घटना हो जाती है। ऐसी स्थिति में सावधानी बरतना काफी आवश्यक है। इस मौके पर उपस्थित समग्र शिक्षा अभियान के सामुदायिक प्रशिक्षक अनिरुद्ध विश्वकर्मा उर्फ दिलीप ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए सरकार ने बैगलैस के दिन सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम आयोजन किया है। इसका असर दिख रहा है। बच्चों का विद्यालय में ठहराव हो रहा है।

# एनएसटीपीएस में आयोजित दो दिवसीय सृजन मेले में 40 विद्यार्थियों को मिला उत्कर्ष मेघा छात्रवृत्ति

निज संवाददाता




**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एनएसटीपीएस) में सृजन मेला आरंभ हो गया है। मेले का उद्घघाटन एनएसटीपीएस परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक चंदन कुमार सामंता ने किया। मेले के दौरान 40 ग्रामीण छात्र-छात्राओं को उत्कर्ष मेघा छात्रवृत्ति भी प्रदान किया गया। यह छात्रवृत्ति एनएसटीपीएस, नबीनगर के नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत पिछले कई वर्षों से आसपास के गांवों के बच्चो को प्रदान की जा रही है। इस दो दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन एनएसटीपीएस के स्वरा महिला संघ के तत्वावधान में ने किया जा रहा है। मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा कई सुप्रसिद्ध दुकानों ने भी अपनी प्रर्दशनी लगाई है। कार्यक्रम को खास बनाने के लिए स्वरा महिला संघ की सदस्यों ने विभिन्न भोजन एवं क्षेत्रीय पकवानो का स्टॉल लगाया है। मेले के पहले दिन बॉलीवुड की मशहूर गायिका इशिता विश्वकर्मा ने सुरो का जादू बिखेरा। सांस्कृतिक कार्यकर्मों के अलावा विभिन्न दिलचस्प खेल एवं बच्चो के लिए किड्स जोन की भी व्यवस्था की गयी है। मेले के दौरान लकी ड्रा भी निकाली जाएगी। इसके विजेताओं की घोषणा मेले के दूसरे दिन यानी किया जाएगा। टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन समेत अनेको आकर्षक इनाम लकी ड्रा में शामिल है। एनएसटीपीएस के महाप्रबंधक चंदन कुमार सामंता के अलावा स्वरा महिला संघ की अध्यक्षा राखी सामंता, सीआइएसएफ के डिप्टी कमांडेंट राघवेंद्र सिंह, एनएसटीपीएस के महाप्रबंधक (ओ एंड एम), आई श्रीनिवास, महाप्रबंधक (एफएम) आरपी अग्रवाल, महाप्रबंधक (ऑपरेशन) एके त्रिपाठी एवं अपर महाप्रबंधक (मानव सांसाधन) रॉय थॉमस ने भी इस मेले में शिरकत की।

## आर्म्स एक्ट में व्यवहार न्यायालय ने दो अभियुक्तों को सुनाई सजा

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नेहा दयाल ने शनिवार को बारूण थाना कांड संख्या-316/21, जीआर-1786/21, टीआर-1254/23 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए दो काराधीन बंदी अभियुक्तों कटिहार के जुराबगंज निवासी अविनाश कुमार और विशाल यादव को आर्म्स एक्ट में सज़ा सुनाई। सहायक अभियोजन पदाधिकारी संजय सिंह ने बताया कि दोनों काराधीन अभियुक्तों को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए में तीन साल की सजा और पांच हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नही देने पर एक माह अतिरिक्त साधारण कारावास होगी। आर्म्स एक्ट की धारा 26 और 35 में भी यही सज़ा सुनाई गई है तथा एक अन्य अभियुक्त मंडल बंजारा को आज अनुपस्थिति पर बंधपत्र विखंडित कर वारंट जारी किया गया है। अधिवक्ता कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की प्राथमिकी 18 सितंबर 2021 को दर्ज कराई थी जिसमें तीनों अभियुक्तों पर आरोप था कि बारूण रेलवे ओवरब्रिज के नीचे पुलिस चेकिंग के दौरान एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों काराधीन बंदी अभियुक्तों को सज़ा सुनाए जाने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## उत्पाद विभाग ने की 31100 किलोग्राम किलोग्राम जावा महुआ शराब विनष्ट



निज संवाददाता

**अम्बा (औरंगाबाद)।** उत्पाद विभाग ने बिहार–झारखंड के बॉर्डर इलाकों में बड़ी कार्रवाई की हैं। इस कार्रवाई से कारोबारियों के मंसूबों पर पानी फिर गया, वहीं इस करोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप सा मच गया। यह कार्रवाई अंबा–हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में की गई जहां से भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद किया गया है तथा हजारों किलोग्राम जावा महुआ यथा स्थान पर विनष्ठ किया गया है। जबकि कार्रवाई की भनक पाते ही करोबारी मौके से फरार हो गए। मामले में एसआई मिथिलेश कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर भंवर गांव में की गई जिसमें 128 ड्रम में 31100 किलोग्राम जावा महुआ एवं करीब 400 लीटर कच्ची शराब विनष्ट किया गया। जबकि करोबारी मौके से फरार हो गए। संदर्भ में कांड में कारोबारियों की धर पकड़ की कार्रवाई की जाएंगी। उन्होंने बताया कि शराब बंदी कानून को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए निरंतर कार्रवाई जारी रहेगा। इस जद में जो पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

## देशी महुआ शराब बरामद, कारोबारी हुआ गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने स्थानीय थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव में छापेमारी कर महुआ शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष किरण कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बैजलपुर गांव व उपहारा पंचायत भवन के आसपास में महुआ शराब का कारोबार चल रहा है। जब उपहारा पुलिस बैजलपुर और उपहारा पंचायत भवन के पास पहुंची तो एक महिला रेखा देवी व सूर्य दयाल चौधरी को देशी महुआ के साथ गिरफ्तार कर लिया। महिला रेखा देवी व सूर्य दयाल चौधरी के विरुद्ध कांड संख्या-12/24 दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## पीएनबी ने पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतकों के आश्रितों को दिया दो-दो लाख का चेक

निज संवाददाता




**औरंगाबाद।** शनिवार को पंजाब नेशनल बैंक द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत पीएनबी बैंक के मंडल प्रमुख विश्वजीत बिस्वाल ने मृत खाताधारक लालमुनि देवी के पति सुरेंद्र साव व अरविंद कुमार की पत्नी सरिता देवी को दो लाख रूपये की बीमा राशि का चेक प्रदान किया। गौरतलब है कि गोह प्रखंड क्षेत्र के बिनोवा बिगहा गांव निवासी लालमुनि देवी व गोह के अरविंद कुमार ने पंजाब नेशनल बैंक में खाता खुलवाया था। दोनों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत निर्धारित शुल्क देकर अपना निबंधन कराया था। अरविंद कुमार और लालमुनी देवी का असामयिक निधन हो जाने पर लालमुनि देवी के नॉमिनी पति सुरेंद्र साव और अरविंद कुमार की पत्नी सरिता देवी को योजना का लाभ प्रदान करते हुए दो लाख की राशि का चेक पंजाब नेशनल बैंक के औरंगाबाद मंडल प्रमुख विश्वजीत बिस्वाल ने प्रदान किया। मंडल प्रमुख विश्वजीत बिस्वाल ने बताया कि सरकार की कल्याणकारी योजना से लाभुकों को विपत्ति के समय आर्थिक सहायता का संबल प्राप्त होता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपना निबंधन इस तरह की कल्याणकारी योजना में अवश्य कराना चाहिए। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि डॉ. आरयू कुमार, सुपरवाइजर सुजीत कुमार, बैंक स्टाफ दीपक कुमार एवं राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## आईआईटी-जेईई मेन्स में ब्रिटिश स्कूल-गुरुकुल अव्वल

निज संवाददाता




**गया।** गया शहर में ब्रिटिश स्कूल - गुरुकुल के 42 बच्चों में 22 बच्चों ने आईआईटी-जेईई एडवांस 2024 के लिए सफलता पाई है जिसमें 11 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर एक मिशाल कायम किये है। इंस्टीच्यूट बच्चो का अंक 50 प्रतिशत बच्चे सफल सफल एवं 25 प्रतिशत बच्चों का अंक 90 प्रतिशत से अधिक आया है। इसके साथ-साथ बासु कुमार को 99.62 प्रतिशत, रिषी दूबे को 98.34 प्रतिशत, पुरुषोत्तम कुमार को 97.17 प्रतिशत, तान्या कुमारी को 96.93 प्रतिश, पलक लोहानी को 95.27 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। मैनेजिंग डायरेक्टर भीम राज प्रसाद ने सभी बच्चों एवं अभिभावकों को धन्यवाद किये है। शनिवार को बच्चों के सम्मान समारोह में सभी सफल 22 बच्चों को मेडल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। एकेडमिक डायरेक्टर अनुराज राज आइआइटी रुड्की एवं अर्पित राज आई.आई. टीबी. एच.यू, होस्टल निदेशिका नैना कैरिशम ने सभी बच्चों में मिठाइयां बांटी। गया के बेहतरीन रिजल्स के लिए सभी फैक्स्टी को धन्यवाद दिया गया। गया शहर में टॉपर रिजल्र्स इस इंस्टिट्यूट से लगातार पिछले वर्ष से हो रहा है पिछले वर्ष 2023 में गया. टॉपर के साथ साथ 15 बच्चों ने आईआईटी-जेईई एडवांस में सफलता पायी थी। बेहतर रिजल्र्स के कारण यहाँ कबच्चों ने शिक्षकों को बधाई भी दी है।

## बारुण प्रखंड में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

- युवाओं ने नुक्कड़ नाटक कर दिया मतदान का संदेश

निज संवाददाता

**बारुण (औरंगाबाद)।** नेहरू युवा केन्द्र औरंगाबाद तत्वावधान में बारुण प्रखंड में "मतदाता जागरूकता" अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक" का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पिपरा पंचायत के पूर्व मुखिया रीमा देवी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। ज्ञात जो कि नेहरू युवा केन्द्र ग्रामीण सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित और जीवंत बनाए रखने के लिए ग्रामीण लोक कलाकारों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन करती है ताकि लोक कलाकारों को उत्साहित और प्रोत्साहित एवं लोगों को मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके।मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न गांवों के ग्रामीण युवा वर्गों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों के द्वारा प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में और खुशबू मिश्रा के "क्या क्या रंग दिखाए तुझे चंपारण के रंग हजार" प्रस्तुति पर श्रोताओं ने जमकर ताली बटोरी। धंगाई पंचायत के,कलाकारों की धूम मची रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच सूबे लाल रामबालक यादव तथा अन्य लोगों की उपस्थिति रही। नेहरू युवा केन्द्र के पूर्व एन वाई सी अजीत कुमार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की सफलता में रमाकांत मिश्रा, रवि कुमार, अविनाश कुमार, विष्णुकांत कुमार, राजीव कुमार, मुकेश कुमार सिंह, शैलेंद्र राम, टोन सिंह, श्री भगवान, अजय कुमार आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## ट्रैक्टर के धक्के से साईकिल सवार घायल, रेफर

**गोह(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के डिहुरी बाजार में अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में आने से साइकिल सवार एक किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया। आयुष चिकित्सक अर्जुन कुमार ने बताया कि एकौनी गांव निवासी अनिल यादव का 12 वर्षीय पुत्र विपिन कुमार साइकिल पर सवार होकर गेहूं पिसवाने डिहुरी गया हुआ था। लौटने के क्रम में ज्योही पेमा जाने वाली सड़क पर पहुंचा कि एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

बिहार सरकार
बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग
प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
खुशखबरी
आवेदन करना हुआ आसान
घर बैठे ऑनलाईन आवेदन https://pmmvy.nic.in/ के माध्यम से अथवा अपने निकटतम आंगनवाड़ी केन्द्र के द्वारा कर सकते हैं।
पहली बार माँ बनने वाली गर्भवती महिला को मिलेंगे ₹5000/-
गर्भावस्था पंजीकरण कराने एवं कम से कम एक बार प्रसव पूर्व जांच कराने के बाद ₹3000/-
नवजात शिशु का जन्म पंजीकरण एवं पहले चरण का टीकाकरण कराने के बाद ₹2000/-
दूसरे कन्या शिशु के लिए मिलेंगे ₹6000/-
दूसरे शिशु के कन्या होने पर मिलेंगे ₹6000/- एक किश्त में
पात्र लाभुक:
- लाभुक जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय रुपये 8 लाख से कम हो
- मनरेगा जॉब कार्ड धारी लाभुक
- किसान सम्मान निधि अंतर्गत लाभुक
- ई–श्रम कार्ड धारी लाभुक
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के लाभुक
- BPL राशन कार्ड धारी लाभुक
- आंशिक या पूर्ण रूप से दिव्यांगजन
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय की महिलाएं
- गर्भवती एवं धातृ आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका/आशा कार्यकर्ता
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत राशन कार्ड धारक महिला लाभुक
PR No.- 017589 (SWD)D. 2023-24
समेकित बाल विकास सेवाएँ (ICDS) निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में जारी
आई.सी.डी.एस. निदेशालय, इंदिरा भवन, राम चरित्र सिंह पथ, पटना - 800001 | वेबसाइटः icdsbih.gov.in
Follow us on: ICDSBR @IcdsDirectorate icds_directorate
Watch us on www.youtube.com/@icdsdirectoratebihar